तापमान अधिकतम :24°C न्यूनतम: 10°C
सेंसेक्स 74,332.58 निफ्टी 22,552.50
सोना 88,570 चांदी 99,100

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 8 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 342 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 7 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

**सातवां रोज़ा**

## अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा

रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।




## 43 लाख के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों का सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार को 43 लाख रुपये के इनामी 11 हार्ड कोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सूत्रों के मुताबिक आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों पर 43 लाख का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पित सभी नक्सली माड़ डिविजन के हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी नक्सली बुर्कापाल घटना समेत कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस के दबाव के साथ सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर इन्होंने आत्मसमर्पण करने का फैसला लिया है।

## चाणक्यपुरी में आईएफएस अफसर ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में शुक्रवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी ने बहुमंजिला इमारत से कूदकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अधिकारी की पहचान जितेंद्र रावत के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आईएफएस अधिकारी पिछले कुछ दिनों से परेशान था। पुलिस मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 14 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार करने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और एक मछली पकड़ने वाली नाव जब्त की। यह जानकारी श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में दी। बयान में कहा गया कि ये गिरफ्तारियां देश के उत्तरी प्रांत मन्नार के तटवर्ती जलक्षेत्र में हुईं।

# चमोली में मलारी हाईवे पर चट्टान गिरने से टूटा बीआरओ का पुल

### सीमावर्ती इलाकों में आवागमन हुआ बंद, वैली ब्रिज का निर्माण होगा

शाह टाइम्स संवाददाता



**चमोली/ देहरादून।** चमोली जिले के मलारी हाईवे के पास पहाड़ी से गिरी चट्टान से बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल टूट गया। पुल टूटने से सीमावर्ती इलाकों में आवागमन बंद हो गया है। भाप कुंड के समीप पनघटी नाले के ऊपर बना बीआरओ का 52 फीट लंबा पुल गिरने से यातायात के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

बीआरओ के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मौके पर पहुंचकर वैली ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। चमोली में ही पांच मार्च को चट्टान टूटने से गोविंदघाट में बना मोटर पुल ध्वस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया था। इसके साथ ही पुलना गांव, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। वहीं मलबे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। गोविंदघाट के सामने पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान टूटकर सीधे अलकनंदा नदी पर बने सस्पेंशन ब्रिज पर गिर गई थी।

# मोदी ने सिलवासा को दी 2580 करोड़ की सौगात

### कहा: दादरा एवं नगर हवेली व दमन और दीव हमारा गौरव व विरासत



**सिलवासा।** पीएम मोदी ने यहां केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव के लिए शुक्रवार को 2580 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

श्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश के सिलवासा में शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। देश के सभी हिस्सों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी सुविधाओं को बढ़ावा देने पर उनके प्राथमिक ध्यान के तहत उन्होंने सिलवासा में नमो अस्पताल के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। कुल 460 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल इस केन्द्र-शासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों, खासकर आदिवासी समुदायों, को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। केन्द्र शासित प्रदेश के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन विभिन्न विकास परियोजनाओं में विभिन्न ग्रामीण सड़कें एवं सड़क संबंधी अवसंरचनाएं, स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र, पंचायत एवं प्रशासनिक भवन, आंगनवाड़ी केन्द्र, जलापूर्ति और सीवेज संबंधी अवसंरचनाएं आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन को प्रोत्साहित करना, रोजगार के अवसर सृजित करना और क्षेत्र में लोक कल्याण से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देना है।

# धारावी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## अडानी समूह को राहत, बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलटने की दलील खारिज की

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई की धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माणाधीन कार्य को रोकने से शुक्रवार को इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अडानी समूह के पक्ष वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले को पलटने से इन्कार कर दिया।

हालांकि, पीठ ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की इस याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। सेकलिंक ने धारावी झुग्गी बस्ती के पुनर्विकास के लिए अपनी 2019 की बोली को रद्द करने और 2022 में अडानी को एक नया टेंडर जारी करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की वैधता को चुनौती दी है। सेकलिंक द्वारा अपनी पेशकश में 20 फीसदी की वृद्धि करने की बात पर पीठ ने याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताई। अडानी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि निर्माण (परियोजना) पहले ही शुरू हो चुका था। उन्होंने यह भी कहा कि अडानी समूह ने हजारों श्रमिकों को रोजगार दिया है। महत्वपूर्ण धन का निवेश किया और करोड़ों रुपये के निर्माण उपकरण खरीदे हैं। उन्होंने पीठ को बताया कि निर्माण स्थल पर रेलवे क्वार्टरों को ढहाने का काम शुरू कर दिया गया है। उनकी ये दलील सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि वह परियोजना स्थल पर चल रहे कार्य को नहीं रोकेगी। शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने को कहा। हालांकि, सेकलिंक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सी. आर्यमा सुंदरम ने दलील दी कि उनका मुवक्किल अपनी बोली में 20 फीसदी की वृद्धि करते हुए 8,640 करोड़ रुपये की संशोधित बोली का प्रस्ताव कर रहा है, जो अडानी की 5,069 करोड़ रुपये की आधार बोली से अधिक है। इसके बाद पीठ ने सेकलिंक को इस संबंध में एक हलफनामा दायर करने को कहा।

- कोर्ट ने दुबई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया
- शीर्ष अदालत ने अडानी समूह को सभी भुगतानों के लिए एस्क्रो खाता बनाए रखने का दिया आदेश
- मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी



## शीर्ष अदालत ने विधायक अब्बास अंसारी को दी अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उप्र के मऊ निर्वाचन क्षेत्र के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने अंसारी को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना उत्तर प्रदेश नहीं छोड़ने और अदालत में पेश होने से एक दिन पहले पुलिस अधिकारियों को सूचित करने के लिए कहा है। इसके अलावा पीठ ने उन्हें लखनऊ में अपने आधिकारिक आवास में रहने और मऊ में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने से पहले अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेने का भी निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस से छह सप्ताह में अंसारी द्वारा जमानत शर्तों के अनुपालन पर स्थिति रिपोर्ट मांगी है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि उन्हें मौजूदा मामले को छोड़कर सभी मामलों में जमानत दी गई है, जिसमें केवल पुलिस अधिकारियों को गवाह के रूप में नामित किया गया है।

- मऊ विधायक को गैंगस्टर एक्ट में मिली बड़ी राहत

# तहव्वुर राणा की अर्जी अमेरिकी कोर्ट में फिर खारिज

वाशिंगटन, वार्ता



**2008 मुंबई हमलों** के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा। राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया, तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा।

इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद है। मुंबई हमले के दौरान आतंकियों ने ताजमहल होटल पैलेस को भी निशाना बनाया था, अमेरिकी कोर्ट ने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका को पहले भी खारिज किया था 13 नवम्बर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है।

- सुप्रीम कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी, मुंबई हमलों के दोषी को भारत लाने का रास्ता हुआसाफ

## अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अपराध रोके बांग्लादेश : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इज़हार किया है, जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में बांग्लादेश के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।

## काशी व अयोध्या के बाद अब मथुरा की बारी: योगी

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बताया कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। अपने एक दिवसीय दौरे पर आए योगी ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिये रंगोत्सव की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पांच हजार साल से भारत की सनातन संस्कृति को ऊर्जा देने वाली यह ब्रज भूमि श्रद्धा और आस्था की धरा है। इसके कण-कण में श्री राधा और श्री कृष्ण के दर्शन होते हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं।

# अंबाला में वायुसेना का जगुआर विमान क्रैश



**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान शुक्रवार को अंबाला में दुर्घटनाग्रस्त हो गया हालांकि पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा।

वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह जगुआर विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि पायलट ने सुझबूझ दिखाई और विमान को आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। प्रवक्ता ने कहा कि विमान को आबादी से दूर ले जाने के बाद पायलट पैराशूट की मदद से छलांग लगाकर सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा। उन्होंने कहा कि वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

- पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकलने में कामयाब रहा

# ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई ही उनकी ईमानदारी तय करेगी: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानी अलगाववादियों एवं चरमपंथियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताते हुए इस बारे में ब्रिटिश विदेश मंत्रालय के बयान को दरकिनार कर दिया है और कहा है कि बयान की ईमानदारी का पता ब्रिटिश सरकार की कार्रवाई से ही चलेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में ब्रिटेन की घटनाओं पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने विदेश मंत्री डा. जयशंकर की यात्रा के दौरान ब्रिटेन स्थित अलगाववादी और चरमपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के उल्लंघन के बारे में ब्रिटेन के अधिकारियों को अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। घटना का एक बड़ा संदर्भ है, जो ऐसी ताकतों को दिए गए लाइसेंस के साथ-साथ ब्रिटेन में हमारी वैध राजनयिक गतिविधियों को बाधित करने के उद्देश्य से उनके डराने, धमकी देने और अन्य कार्यों के प्रति (सुरक्षा एजेंसियों की) उदासीनता दोनों को उजागर करता है।

- जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन में खालिस्तानियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में सेंध को 'बड़ी घटना' बताया



# दिल्ली में महिला सम्मान योजना की लॉन्चिंग आज!

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समृद्धि योजना शुरू कर सकती है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा।

योजना का फायदा उन महिलाओं को मिलेगा जिनकी सालाना आय 3 लाख रुपये से कम है और जो टैक्स नहीं देतीं। योजना का फायदा 18 से 60 साल तक की महिलाओं को मिलेगा, जो सरकारी नौकरी नहीं करतीं और जिनको अन्य सरकारी वित्तीय सहायता नहीं मिल रही हैं। महिला समृद्धि योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं को ई-रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार 8 मार्च को एक पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च कर सकती है। इस पोर्टल पर महिलाएं अपने जरूरी दस्तावेज, जैसे वोटर कार्ड, बीपीएल कार्ड, आधार कार्ड और आय प्रमाण पत्र जमा करके आवेदन कर सकेंगी। दिल्ली में 72 लाख महिला मतदाता हैं। अनुमान है कि करीब 20 लाख महिलाओं को इस योजना का फायदा मिलेगा। इसमें से करीब 50 प्रतिशत महिलाएं मतदाता हैं। सरकार महिला लाभार्थियों की पहचान के लिए अलग-अलग विभागों से डेटा एकत्र कर रही है। महिला समृद्धि योजना की शुरुआत के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब 5 हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना है।

### रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल जारी होगा, 2500 रुपये मिलेंगे, लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा फायदा

### सालाना आय तीन लाख से कम और टैक्स न देने वाली महिलाएं ही होंगी योजना की पात्र





## संक्षिप्त समाचार

### ढाई सौ मोहल्ला क्लीनिक बंद करने जा रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में सरकार बने अभी एक महीने भी नहीं हुए और भारतीय जनता पार्टी 250 मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करने की योजना बना रही है, जो उचित नहीं है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जैन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की जनता की सेवा के लिए जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक खोले थे। हर मोहल्ला क्लीनिक में एक डॉक्टर, दवाइयां और 365 टेस्ट की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। मोहल्ला क्लीनिक खोलने के पीछे आम आदमी पार्टी की सरकार का ध्एय यह था कि लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरी दिल्ली में लगभग 550 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं। भाजपा की सरकार इन 550 मोहल्ला क्लीनिकों में से 250 को बंद करने जा रही है। यह दिल्ली की जनता के साथ बहुत बड़ा अत्याचार है।आम आदमी पार्टी अपील करती है कि भाजपा दिल्ली में एक भी मोहल्ला क्लीनिक बंद न करे, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मोहल्ला क्लीनिक जल्द से जल्द खोले। भाजपा मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करना चाहती है और दिल्ली की जनता को दंडित करना चाहती है।

### बब्बर खालसा के तीन सदस्य पकड़े, हत्या की योजना विफल

**जालंधर।** पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रहे अभियान के बीच एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जालंधर पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल के तीन सदस्यों को गिरफ्तार राज्य में हत्या की एक योजना को टाल दिया। पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अमृतसर के नौशहरा कलां निवासी जगरूप सिंह, कपूरथला के गांव मिर्जापुर निवासी सुखजीत सिंह और तरनतारन के गांव फतेहाबाद निवासी नवप्रीत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मॉड्यूल को अमे. रिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है और उसके साथ मिलकर काम कर रहा था।

### आईएफएस अधिकारी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय में तैनात भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के एक अधिकारी के निधन पर मंत्रालय ने दुख एवं शो. काकुल परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने शुंक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी का 7 मार्च की सुबह नई दिल्ली में निधन हो गया। बयान में कहा गया कि मंत्रालय परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है और दिल्ली पुलिस के संपर्क में है। दुख की इस घड़ी में मंत्रालय परिवार के साथ खड़ा है। विदेश मंत्रालय ने अधिकारी के बारे में अधिक जानक. ारी नहीं दी और कहा कि शोक के इस समय में परिवार की गोपनीयता का सम्मान करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अधिक विवरण जारी नहीं किया जा रहा है।

# गरीबों का ध्यान रखकर नीति लागू करें अधिकारी: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में मुर्मू ने किया आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से गरीबों और वंचितों को ध्यान में रखकर नीति और कार्यक्रम लागू करने को कहा है। श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अधिकारियों से प्रशासनिक कामकाज, सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में एक राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जो उनकी चिंताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करे। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, वे देश और लोगों के विकास में योगदान दें। राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। साथ ही, विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### जन औषधि दिवस पर जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम लोगों को किफायती मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता वाली अंग्रेजी दवायें उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से हर साल सात मार्च को मनाए जा रहे जन औषधि दिवस के मद्देजनर शुक्रवार को देश भर में जनऔषधि केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक मार्च से सात मार्च तक विशेष अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और शुक्रवार को विशेषतौर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें स्वास्थ्य शिविर आदि का आयोजित कर लोगों को जनऔषधि के बारे में बताया गया। हर साल 7 मार्च को 'जन औषधि दिवस' मनाया जाता है ताकि इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके।

# महाकुंभ में 30 करोड़ कमाने वाले परिवार से कितना जीएसटी मिला: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सपा मुखिया ने योगी सरकार से पूछा सवाल

**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान एक नाविक के 30 करोड़ की आमदनी होने के बयान पर निशाना साधते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि अगर सच में एक परिवार ने महाकुंभ में अकेले 30 करोड़ कमाएं हैं, तो सरकार ये भी बताए कि जीएसटी कितना मिला।

यादव ने जारी बयान में कहा कि पवित्र महाकुंभ में यह तो सत्ता संरक्षण में श्रद्धालुओं के साथ लूट की एक कहानी है। भाजपा सरकार के संरक्षण में न जाने कितने ठगों और लुटेरों ने श्रद्धालुओं की आस्था का दोहन किया। इसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार के ब्रांड एम्बेसडर नाविक को लेकर खबरों के माध्यम से जो कहानियां आ रही हैं। वह हैरान करने वाली है। इसी कहानी से भाजपा सरकार की नीति और नियत का पता चल जाता है कि वह कैसे चल रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में ठगों और अपरा. धियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर और ठग सत्ता से गठजोड़ कर आम जनता को लूट रहे है। सरकार लुटेरे और हत्यारों के साथ खड़ी है। सरकार सदन से सड़क तक जनता को अपरा. धियों और हिस्ट्रीशीटरों के अवैध कारनामों और वसूली की कहानियां सुनाती नहीं थकती। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब सरकार प्रदेश की जनता को ठगने वाले ठगों और दबंगों का महिमा मंडन कर रही है। माननीय महाकुंभ में दूसरों की सक्सेस स्टोरी क्यों सुना रहे हैं। क्या महाकुंभ में उनकी अपनी कोई सफलता की कहानी नहीं है। क्या सरकार खुद असफल हो गयी है जो अपराधियों की कहानी सुना रही हैं। अगर सुनानी है तो सरकार अपनी सच्ची कहानी सुनाए लेकिन सच्चाई तो यह है कि सरकार की अपनी कोई कहानी नहीं है। उन्होने कहा कि पाताल खोजी पहले पता कर लिया करें फिर महिमा मंडल करें। पहले निवेश के नाम पर ठग से हजारों करोड़ का एमओयू कर लिया। अब नामजद के नाम की सदन में बंद आखों से तारीफ कर दी। इसीलिए भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद है। अपराधियों की ठगी और लूट को भाजपा विकास समझती है।

## जीआईएस के तहत मुजफ्फरनगर समेत 35 शहर बनेंगे आधुनिक: योगी

# 59 शहरों का होगा उन्नत व हाईटेक विकास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ आधुनिकीकरण वाले शहरों में अयोध्या अलीगढ़, सहारनपुर मेरठ, मुरादाबाद, बरेली और फिरोजाबाद जिले भी शामिल

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के विकास को नई दिशा देने के लिए जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। सरकार के फैसले से प्रदश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिए शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी। इस तकनीक से शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को रोकने और योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

महायोजना के तहत शहरों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। इन शहरों में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहनों की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और जलभराव से बचाव के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नए पौधे लगाए जाएंगे। सरकार की महायोजना से न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

विभिन्न निर्माण कार्यों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। जीआईएस आधारित योजना से शहरी विकास में पारदर्शिता आएगी। इससे अधिका. रियों को योजनाओं की सही निगरानी करने और किसी भी क्षेत्र में आवश्यक बदलाव करने में आसानी होगी। साथ ही, सरकार को शहरों के विकास से संबंधित सटीक डेटा मिलेगा, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

### आतिशी ने महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुक्रवार को एक पत्र लिखकर महिलाओं को 2500 रुपए देने का वादा पूरा करने की मांग की। सुश्री आतिशी ने सुश्री गुप्ता को एक पत्र लिखकर कहा कि दिल्ली की लाखों माताओं-बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पारित होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने सभी महिलाओं को सलाह दी थी कि वे अपने बैंक खाते से अपने मोबाइल नम्बर को जोड़ लें, ताकि जब उनके अकाउंट में पैसे आएंगे तो उनके फोन पर इसकी जानकारी मिल सके। सुश्री आतिशी ने कहा है कि अब महिला दिवस में सिर्फ एक दिन बचा है। पूरी दिल्ली की महिलाएं इस दिन का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हैं। वे उम्मीद लगाए बैठी हैं कि आठ मार्च से उनके अकाउंट में पहली किस्त आनी शुरू हो जाएगी, जैसा कि भाजपा ने वादा किया था। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री जी, दिल्ली की महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए तुरंत उनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाएं।

# जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

**जम्मू, वार्ता**



■ 112 लाख का बजट पेश, गरीबों को मुफ्त बिजली मिलेगी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में केन्द्र शासित क्षेत्र का 2025-26 का 1.12 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। श्री अब्दुल्ला के पास वित्त विभाग का भी दायित्व है। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि अगले वित्त वर्ष के बजट में कुल 1,12,310 करोड़ रुपए के व्यय का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का हिसाब नहीं बल्कि यह एक नए और समृद्ध जम्मू-कश्मीर का खाका है, जिसमें केन्द्र शासित क्षेत्र की जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बजट में गरीबों को मुफ्त बिजली और महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मफ्त यात्रा, पत्रकारों के लिए उनके कामकाज के लिए बेहतर सुविधा की घोषणा की है। बजट में राजस्व प्राप्तियां 97,982 और पूंजीगत प्राप्तियां 14,328 करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। इसी तरह उन्होंने कहा कि राजस्व मद पर खर्च 79,703 करोड़ रुपए और पूंजीगत व्यय 32,607 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि बजट में 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट और रोजमर्रा के काम के लिए अग्रिम राशि को भी जोड़ दिया जाएं, तो 2025-26 में जम्मू कश्मीर प्रशासन का सकल व्यय 1,40,309.99 करोड़ रुपए होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यात्रा की मुफ्त सुविधा देने से शिक्षा और रोजगार में उनकी भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है और नौकरियों में उनका हिस्सा बढ़ाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी योजना के तहत जम्मू-कश्मीर में 40 हजार महिलाओं को सूक्ष्म स्टार्टअप इकाईयों शुरू करने में मदद का प्रस्ताव किया है। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को साल भर में कम से कम एक लाख रुपए की आय वाले कारोबार के लिए मदद करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर हो सकें।

## अर्थ व्यापार

# गिरावट के दबाव में शेयर बाजार सपाट बंद

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर तेरह समूहों में हुई एक फीसदी से अधिक तक की बिकवाली वहीं अन्य समूहों में लिवाली होने से आज शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 7.51 अंक फिसलकर 74,332.58 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.80 अंक बढ़कर 22,552.50 पर सपाट रहा। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत की गिरावट लेकर 39,888.29 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,606.86 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4114 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2512 में लिवाली जबकि 1468 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि अन्य 20 हरे निशान पर रहीं।

बीएसई के 13 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.27, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.07, हेल्थकेयर 0.36, आईटी 0.83, यूटिलिटीज 0.91, बैंकिंग 0.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.11, पावर 0.59, रियल्टी 0.75, टेक 0.59, सर्विसेज 0.41 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 1.41, जापान का निक्केई 2.17, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 74,347.14 अंक पर खुला, लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,038.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 74,586-43 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,340-09 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत फिसलकर 74,332.58 अंक पर सपाट रहा। वहीं निफ्टी 36 अंक गिरकर 22,508.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,464.75 अंक के निचले, जबकि 22,633.80 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,544.70 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत बढ़कर 22,552.50 अंक पर सपाट बंद हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 638.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट से 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की तेजी गंवा दी और 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर आ गया।

इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 640.5 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 49.3 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 543.4 अरब डॉलर पर आ गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर लुढ़ककर 73.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.99 अरब डॉलर हो गया।

# मूंगफली तेल सस्ता, चना व दाल गिरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



**विदेशी** बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल सस्ता हो गया तथा चना और दाल चना के भाव गिर गए, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 77 रिंगिट चढ़कर 4821 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की गिरावट के साथ 43.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 294 रुपए प्रति लक्वटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना के 150-150 रुपए प्रति लक्वटल गिरने के अलावा अन्य दालों में टिकाव रहा। मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200- 9300, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4280-4380, चीनी एम- 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपए, मूंगफली तेल 18168 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# ओडिशा में दुष्कर्म की घटनाएं नहीं रोक पा रही डबल इंजन की सरकार: कांग्रेस



■ प्रदेश प्रभारी अजय कुमार लल्लू व चरण दास ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

**कांग्रेस** ने कहा है कि ओडिशा में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, लेकिन कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और महिलाओं की आवाज बनकर काम करती रहेगी।

कांग्रेस के ओडिशा के प्रभारी अजय कुमार लल्लू तथा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस ओडिशा में 24 साल तक बीजू जनता दल (बीजद) की सरकार रही है वहां 2009 में सत्ता में भागीदार रही भाजपा अब पूरे बहुमत के साथ वहां सरकार में है।

भाजपा-बीजद के बीच केंद्र तथा राज्य में बार बार राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम करते हुए समय-समय पर अपनी रणनीति को बदला है और स्वार्थ से ऊपर उठकर कभी जनता के हित खासकर महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। दोनों दलों ने सत्ता में रहते हुए महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पिछले आठ महीने की भाजपा सरकार में खुद मुख्यमंत्री का मानना है कि 3,420 महिलाएं और 8,403 बच्चे लापता हैं। वहीं इन आठ महीनों में 54 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। ओडिशा में नाबालिग बच्चियों के बलात्कार और हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इतना सब होने के बावजूद भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार चुप है। उन्होंने दुष्कर्म की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए सवाल करते हुए कहा कि मलकानगिरी में एक आदिवासी रेजिडेंशियल स्कूल है, जहां एक दसवीं कक्षा की बच्ची प्रेगनेंट हो जाती है। जब वो बच्ची परीक्षा देने जाती है, तो उसका प्रसव हो जाता है। जाजपुर जिले में एक स्कूल की बच्ची अभी भी प्रेगनेंट है। मुख्यमंत्री के गृह जिले केउंझर में एक छठी कक्षा की एक बच्ची प्रेगनेंट है। केन्द्रापड़ा जिले में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की है और कोरापुट में नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप हुआ है। सवाल है कि इतने दिनों तक वॉर्डन और हेडमास्टर कहां थे।

आवासीय स्कूलों के लिए विजिटर होते हैं, वो कहां थे। क्या इन सभी बच्चियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री न्याय देंगे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ओडिशा में बच्चियों के साथ लगातार अपराध और दरिंदगी हो रही है। कांग्रेस पार्टी इन मामलों पर किसी भी हाल में चुप नहीं रहेगी। जब हमने इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाई, तो ओडिशा के मुख्यमंत्री कहते हैं कि बीजद सरकार में ऐसे अपराध ज्यादा हुए थे और हमारी सरकार में कम हुए हैं। मुख्यमंत्री बीजद के 24 साल के पाप के साथ अपने आठ महीने के पाप की तुलना कर रहे हैं और यह बेहद शर्मनाक है।ह उन्होंने राज्य में महिलाओं के सथ हो रहे अत्याचार पर ध्यान देने की सरकार से मांग करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध पर भारत सरकार ध्यान दें क्योंकि अपराध रोकने पर ध्यान दें और अगर ध्यान नहीं दिया गया तो उच्चतम न्यायालय को इसे संज्ञान में लेकर एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के जरिए सरकार को आदेश देना चाहिए कि वह अपनी जिम्मेदारी समझे ओर रवैया बदले।

ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2022 में 9.3 प्रतिशत थी, लेकिन अब आठ प्रतिशत की दर से बढ़े अपराधों को लेकर 31,000 मामले दर्ज हुए हैं। इन अपराधों से आदिवासी और दलित महिलाएं ज्यादा पीड़ित हैं। जब तक इन महिलाओं को न्याय नहीं मिलता ओडिशा कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा। महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंसलंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गैंगस्टरों के पासपोर्ट बनाकर भेजते थे विदेश, पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में रह रहे गैंगस्टरों और उनके गुर्गो को विदेश भेजने के लिये फर्जी नामों से फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले एक गैंग का पर्दाफाश करते हुए अपराध शाखा ने बर्खास्त पुलिसकर्मी,नीरज बवानिया गैंग का गैंगस्टर और गैंग का मुख्य सरगना समेत पांच कबूतरबाजों

को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 6 फर्जी पासपोर्ट, बैंकों और अन्य संस्थानों की 12 मोहरें, 12 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 2 सीपीयू, 1 पीवीसी कलर कार्ड प्रिंटर, आधार, वोटर आईडी, पैन के लगभग 1000 खाली और भरे हुए पीवीसी कार्ड बरामद किये हैं। आरोपियों की पहचान सुफियान,अतुल कुमार,सुखदीप सिंह,मोनू उर्फ आर्यन और हरपाल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों के बैंक खातों,सोशल मीडिया खाते और मोबाइल फोन की कॉल डिटेल की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल क्रॉइम ब्रांच को जानकारी मिली थी कि गैंग न्यायिक कार्यवाही से बचने के लिए गैंगस्टर/अपराधियों/वांछित व्यक्तियों/पैरोल जंपर्स/कानूनी कार्यवाही में फंसे अन्य लोगों के पासपोर्ट फर्जी नामों से तैयार कर रहे हैं। वे फर्जी नाम, फर्जी पिता का नाम और फर्जी पता का इस्तेमाल कर फर्जी आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड बनाते हैं। फिर, यूपी के लखनऊ में पासपोर्ट कार्यालयों में अपने लिंक के माध्यम से, वे फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर पासपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने गैंग को पकडने के लिये उनके नाम, फोन नंबर और ठिकानों को इक;ा करने के लिए मैन्युअल और तकनीकी रूप से जानकारी ली। एक फर्जी ग्राहक को फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके अपना नया पासपोर्ट तैयार करने के लिए नेक्सस के सदस्यों के साथ सौदा करने के लिए लगाया गया था। पुलिस टीम ने लखनऊ, यूपी के कार्यालय में छापा मारकर कमल कुमार शर्मा को गिरफ्तार करके फर्जी पासपोर्ट जब्त किया। कार्यालय और घर की तलाशी ली गई। 5 फर्जी पासपोर्ट, दो सीपीयू, दो मोबाइल फोन और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज बरामद किए गए। अब तक, सिंडिकेट के सरगना निशांत कुमार सक्सेना, सुफियान ,अतुल कुमार,सुखदीप सिंह, उसामा जफर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा नीरज बवाना गैंग के एक बदमाश मोनू उर्फ आर्यन और पंजाब के हिस्ट्रीशीटर हरपाल सिंह को भी उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि निशांत कुमार सक्सेना पेशे से वकील हैं। उन्होंने गुरु रविंद्र नाथ टैगोर यूनिवर्सिटी लखनऊ से बीए एलएलबी और ग्लोबल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा से एलएलएम किया है। वह पहले टूर एंड ट्रैवल का कारोबार करता था। जहां से उनकी संपर्क इसी तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल अन्य एजेंटों से हुई। वह पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में विभिन्न एजेंटों के माध्यम से अपने ग्राहकों को प्राप्त करता था, जिन्हें अपनी आपराधिक संलिप्तता के कारण पासपोर्ट और वीजा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, वह सूफियान के साथ मिलकर इस प्रकार के ग्राहकों के फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और पीएसके अधिकारियों की मदद से अवैध तरीकों का उपयोग करके उन दस्तावेजों को मंजूरी देता था।

## मौसम में होगा बदलाव, चढ़ेगा पारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तेज हवाओं के असर से बनी ठंडक का दौर अब खत्म हो रहा है। कल हवाएं थम जाएंगी और तापमान में वृद्धि होगी। मौसम विभाग की मानें तो चार दिन में राजधानी का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच शुक्रवार आसमान साफ रहा और धूप भी निकली। लेकिन हवाओं के चलते धूप की तपन कम ही रही। अधिकतम तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री अधिक 28.6 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री कम 12.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। हवा में नमी का स्तर 60 से 20 प्रतिशत दर्ज हुआ। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय धुंध हो सकती है।

# फायरिंग के आरोपी को मुठभेड़ में पैर में गोली मारी, पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले साल नरेला इलाके में फायरिंग करने वाले एक वांछित बदमाश शेर खान उर्फ शेरू को अपराध शाखा ने मुठभेड़ के बाद पिस्टल और दो कारतूस और स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शेर खान उर्फ शेरू और जावेद के परिवार, जो नरेला के निवासी हैं, के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता थी। 17 दिसंबर 2024 को दोनों परिवारों में झगड़ा हुआ और एक-दूसरे पर क्रॉस फायरिंग की गई। इस क्रॉसफायर में एक 10 वर्षीय मासूम बच्चे को गोली लग गई।

सोनी पत्नी शेर खान की शिकायत पर जावेद और उसके परिवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जबकि शेर खान और उसके परिवार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। बाद में एक वारदात का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें शेर खान और उसके भाई को पिस्तौल से फायरिंग करते देखा गया था।

शेर खान के भाई सोहेल को पहले ही गिरफ्तार कर जेसी भेज दिया गया है और वर्तमान शेर खान उर्फ शेरू के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया है। आरोपी शेर खान 25 वारदातों में शामिल रहा था। एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर रामपाल की टीम ने हेलीपैड बरवाला गांव, रोहिणी, के पास घेरा. बंदी की। शाम करीब 5 बजकर 40 मिनट पर जब उसको स्कूटी पर आते देखा।उसको रुकने का इशारा किया,लेकिन भागने के प्रयास में उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने आरा. पी के दाहिने पैर में गोली मार कर काबू कर लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह नरेला पुलिस का बी. सी. है। उसके छोटे भाई सोएब की हत्या नावेद ने की थी जो जावेद का छोटा भाई है। जावेद के चार भाई हैं जिनका नाम नावेद, परवेज, भूरा, जुनैद है। शेर खान पर भी जावेद के भाई जुनैद ने हमला किया था। शेर खान शराब तस्कर है और थाना नरेला के इलाके में अवैध शराब बेचता है। वह हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, पोक्सो, डकैती, चोरी, चोट पहुँचाने आदि सहित 27 जघन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

## एक नजर

### महिला उद्यमियों को सशक्त बनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उषा फाइनेंशियल्स महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी के कुल उधारकर्ताओं में से 80 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं, जो अपने छोटे व्यवसायों को मजबूत कर रही हैं और अपनी जीवन गुणवत्ता में सुधार कर रही हैं।उषा फाइनेंशियल्स की सीईओ गीता गोस्वामी ने इस उपलब्धि पर कहा, हमारा लक्ष्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, उषा फाइनेंशियल्स ने अपनी स्थापना से अब तक लगभग 400 करोड़ के लोन वितरित किए हैं, जिससे देशभर में 90 हजार से अधिक महिला उद्यमियों को लाभ मिला है।

### अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन आयोजित



**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों हरियाणा, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, गोवा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब, आंध्र प्रदेश तथा दुबई के वैश्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, महामंत्री राजीव मित्तल, कोषाध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम में दिल्ली में माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता , दिल्ली के विधायक क्रमश: तिलक राम गुप्ता , अजय माहवर , जितेंदर महाजन , संजय गोयल , डॉ. अनिल गोयल , शिखा राय बंसल जी उपस्थित रहे। मुख्यमन्त्री ने अपने वक्तव्य में समाज का आभार व्यक्त किया तथा समाज को विश्वास दिलाया की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दिल्ली का समग्र विकास होगा। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन दिल्ली के अध्यक्ष राम निवास गुप्ता, महामन्त्री प्रियांक गुप्ता ने बताया कि विशेष रूप से स्वागत अध्यक्ष सुनील गोयल चेयरमैन न्यूमैक्स रियलकॉन प्राइवेट लिमिटेड रहे। मंच पर विशेष रूप से सुनील सिंघी, चेयरमैन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, नरेश बंसल सांसद राज्य सभा, अतुल गर्ग , सांसद लोक सभा, डॉ. अनिल अग्रवाल , पूर्व सांसद लोक सभा, श्याम जाजू राजेन्द्र अग्रवाल , पूर्व सांसद लोक सभा उपस्तिथ रहे।

### आतिथ्य उद्योग के नए मानक स्थापित किए

**नई दिल्ली।** सरोवर होटल्स ने श्रीनगर में सरोवर प्रीमियर श्रीनगर के लॉन्च की घोषणा की। लूवर होटल्स इंडिया के निदेशक और सरोवर होटल्स के चेयरमैन अजय के बकाया ने कहा सरोवर प्रीमियर के लॉन्च के साथ श्रीनगर में विस्तार करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह नई संपत्ति बेजोड़ आतिथ्य और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपने रणनीतिक स्थान और स्नेह भरे कश्मीरी आतिथ्य के साथ सरोवर प्रीमियर श्रीनगर शहर के आतिथ्य उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

### महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण पर चर्चा




**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ लॉ एण्ड लीगल अफेयर्स नोएडा अंतर्राष्ट्रीय विवि में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला सुरक्षा एवं स्वस्थ समाज निर्माण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैडम सुनिति आई. पी. एस., डी. जी. पी.महिला और सुरक्षा, वरिष्ठ अधिवक्ता रचना श्रीवास्तव उपाध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएसन और मेजर जनरल विक्रम डोगरा ए. वी. एस. एम. शामिल रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ सम्पन्न हुआ। उसके पश्चात विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) उमा भारद्वाज द्वारा अतिथियों का अभिवादन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचारों से सभी को अवगत कराया जिसमें मुख्य अतिथि मैडम सुनिति ने महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विधि एवं महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर विशेष जोर दिया।

### अल्ट्रा डायनामिकलैंसेज लॉन्च किए

**नई दिल्ली।** एस्सिलोर लक्जोटिका इंडिया ने ऑप्टिकल टेक्नोलॉजी में आधुनिक लैंस-ट्रांजिशन्स का आधिकारिक लॉन्च किया है, जो बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के विजन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। क्लियर-टू-डार्क फोटोक्रोमिक कैटेगरी में सबसे तेजी से डार्क होने वाला लैंस ट्रांजिशन्स उपयोगकर्ताओं के साथ गहन अध्ययन के बाद सावधानी से विक. सित किया गया है, जो आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले लैंसेज की तुलना में कहीं बेहतर है। लॉन्च के अवसर नर नरसिम्हन, नारायणन, प्रेजीडेन्ट, एस्सिलोर लक्जोटिका, साउथ एशिया ने कहा, ''हमारा मानना है कि उपभोक्ताओं को जहां तक हो सके, उनकी आंखों की सर्वश्रेष्ठ देखभाल मिलनी चाहिए और लाईट मैनेजमेन्ट इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### सांसद दिनेश शर्मा ने आवास की नेमप्लेट पर सड़क का नाम बदला

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में सड़कों के नाम बदलने को लेकर चल रहे विवादों के बीच बृहस्पतिवार को राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने सरकारी आवास के द्वार पर तुगलक लेन की जगह स्वामी विवेकानंद मार्ग की पट्टिका लगा दी। शर्मा को 6 तुगलक लेन पर सरकारी आवास आवंटित हुआ है। उन्होंने परिवार के साथ आवास में प्रवेश किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर यह तस्वीर पोस्ट की। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा, यह सामान्य प्रक्रिया है कि जब कोई किसी घर में जाता है तो नाम पट्टिका लगा दी जाती है। मैं वहां नहीं गया था, मैंने नहीं देखा था, जब मुझसे उससे संबंधित लोगों ने पूछा कि किस तरह की नाम पट्टिका होनी चाहिए तो मैंने कहा कि आसपास के हिसाब से होनी चाहिए। आस-पास के घरों पर विवेकानंद मार्ग लिखा था और नीचे तुगलक लेन लिखा था, दोनों एक साथ लिखे थे। नेमप्लेट पर आज भी तुगलक लेन लिखा है और सुविधा के लिए विवेकानंद मार्ग लिख दिया है।



दिल्ली की विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता संसद कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# विधानसभा डिजिटल परिवर्तन की ओर अग्रसर, नेवा होगा लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज संसद कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें दिल्ली विधानसभा में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) को लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नेवाटीम का नेतृत्व अतिरिक्त सचिव एवं मिशन लीडर डॉ. सत्य प्रकाश ने किया। बैठक के दौरान, नेवा टीम ने एप्लिकेशन की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। नेवा एक एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करेगा, जो सभी विधायी कार्यों को कागज रहित और डिजिटल रूप से संपन्न बनाएगा। इसके अंतर्गत सूचनाओं का प्रस्तुतिकरण, मंत्रीगत उत्तर, विधायी कार्यवाही, चर्चाएं, समिति रिपोर्ट, और डिजिटल लाइब्रेरी तक पहुंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह पहल एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी विधायी प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम है।परियोजना की त्वरित प्रगति पर बल देते हुए, माननीय अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इसके 100 दिनों के भीतर सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वन इंडिया, वन एप्लिकेशन" दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि सभी विधानसभाओं में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे कार्यों की सुगमता, पारदर्शिता और जवाब. देही सुनिश्चित हो सके।उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले प्रशासन की उदासीनता और निजी परामर्शदाताओं तथा विक्रेताओं से जुड़ी असफलताओं के कारण ई-विधान परियोजना पिछले एक दशक से लंबित थी। लेकिन अब, दिल्ली विधानसभा पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस परियोजना को तेजी से पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। इसका उद्देश्य विधानसभा को प्रभावी, पारदर्शी और पर्यावरणीय रूप से अनुकूल विधायी संस्थान में परिवर्तित करना है।नेवा के सफल कार्यान्वयन के साथ, दिल्ली विधानसभा पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस गवर्नेंस मॉडल की ओर कदम बढ़ाएगी, जिससे कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और जनता को विधायी कार्यवाही की बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी।

## जालसाजों की मदद करने वाले पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कमीशन पर बैंक खाता देकर साइबर गैंग के सदस्यों को अपना खाता कमीशन पर देने वाले यूपी के दो आरोपियों कपिल कुमार और लोकेंद्र उर्फ जुगनू को दक्षिण-पूर्वी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरो. पियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन,तीन सिमकार्ड,तीन एटीएम कार्ड,पांच चेकबुक और एक पास. बुक बरामद की है। पुलिस आरोपियों के बाकी साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ऐसे गैंग के लिये काम कर रहे थे,बंद पड़े बैंक खातों की पहचान करके उनमें से पैसा निकालने के लिये फर्जी चेक का सहारा लेकर खातों में रखे पैसे को निकाल लिया करते थे।

# आवारा सांड ने सिक्योरिटी गार्ड को मार डाला, कई को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर इलाके में आवारा सांड ने एक सिक्योरिटी गार्ड को मौत के घाट उतार दिया। जब सिक्योरिटी गार्ड को बचाने के लिये तीन से चार लोग आए। सांड ने उनको भी घायल कर दिया। आलम यह रहा कि पुलिस विभागीय अधिकारियों का इंतजार करती रही,जबकि सांड पेड़ की छाया में आराम से खड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा सांड व अन्य आवारा मवेशिये सडकों पर घूमते रहते हैं। विभाग शिकायतों को अनसूना करता है,जिससे अक्सर हादसे होते रहते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक व्यक्ति की पहचान अशोक कुमार

**■ पेड़ की छाया में सांड खड़ा रहा, पुलिस उसको बस देखती रही**

(60)के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ अलीपुर इलाके में रहते थे। अलीपुर में ही वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। अलीपुर पुलिस को सुबह करीब सवा छह बजे हादसे के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। किसी से अशोक को अचेतावस्था में देखकर नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने अशोक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शुरूआती जांच में पता चला कि अशोक नाईट शिफ्ट करके घर की तरफ पैदल जा रहे थे। उसी वक्त आवारा सांड ने उनको टक्कर मार दी थी। अशोक गिर गया था, जिसके बाद सांड ने उनको पैरों व सिर से कई बार वार किये थे। स्थानीय राहगीरों ने सांड को किसी तरह से भागने की कोशिश की थी। जिसमें से कुछ को सांड से चोट भी लगी थी। पुलिस ने काफी सावधानी से सांड के पास पड़े अशोक को उठाकर अस्पताल भेजा था। सांड काफी देर तक वहीं पर खड़ा रहा था। पुलिस के पास ऐसी कोई चीज नहीं थी कि उसको पकड़ा जा सके। पुलिस ने पशु विभाग को मामले में लिखित रूप से एक शिकायत भी दी है।

## आईएफएस अधिकारी ने छत से छलांग लगाकर खुदकुशी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी के एमईए की रेसिडेंशियल सोसायटी में रहने वाले आईएफएस अधिकारी जितेन्द्र रावत ने बिल्डिंग की चौथी मंजिल स्थित छत से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस को मौके पर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। शुरूआती जांच में पता चला है कि जितेन्द्र काफी समय से मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहे थे।

## 'आप' नेताओं की दैनिक ब्यान बाजी उनकी राजनीतिक हताशा का परिणाम: भाजपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की महिला सम्मान योजना को लेकर आतिशी मार्लेना सहित अन्य आम आदमी पार्टी नेताओं की दैनिक ब्यानबाजी उनकी राजनीतिक हताशा का परिणाम है। सचदेवा ने कहा है की 'आप' नेता भलीभांति जानते हैं की जो दो सी.ए.जी. की रिपोर्ट सामने आई हैं वह अरविंद केजरीवाल एवं उनके प्रमुख साथियों की लम्बी जेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए काफी है और ऐसे में अपने भ्रष्टाचार से जुड़ी सी.ए.जी. रिपोर्टों से जनता का ध्यान भटकाने के लियें आम आदमी पार्टी नेता रोजाना महिला सम्मान योजना पर नौटंकी ब्यानबाजी कर रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आतिशी मार्लेना का महिला सम्मान योजना को लेकर पत्राचार केवल राजनीतिक दिखावा है।

## आतिशी ने सीएम रेखा को पत्र लिख याद दिलाया आठ मार्च का वादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने महिला समृद्धि योजना को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा है। आतिशी ने लिखा है कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 आएंगे।

कल महिला दिवस है, अब सिर्फ एक दिन बाकी है। मुझे उम्मीद है 8 मार्च (महिला दिवस) के दिन महिलाओं के मोबाइल में 2500 रुपये उनके खाते में आने का मैसेज आ जाएगा। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा, शदिल्ली की लाखों माताआ. -बहनों की ओर से आपको यह पत्र लिख रही हूं और आपको याद दिलाना चाहती हूं कि 31 जनवरी 2025 को बुधवार के दिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने द्वारका में आयोजित रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में घ्2500 प्रतिमाह देने की योजना पास होगी और महिला दिवस पर महिलाओं के खातों में पैसे आने शुरू हो जाएंगे।

### सार्वजनिक सूचना

मुस्कान जहाँ पुत्री मो. नाजिम निवासी नामदारपुर चन्दन गलाखैड़ी थाना स्योहारा जनपद बिजनौर है।वादी ने बनाम अब्दुल रहमान पुत्र अकबर अली निवासी जे जे कॉलोनी पप्पन कला द्वारका मकान नंबर 154 ए ब्लॉक थाना सेक्टर नम्बर 9 द्वारका दिल्ली उपरीनामंकित प्रतिवादी अब्दुल रहमान के विरुद्ध न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय धामपुर वाद संख्या 712/24 इस ब अदालत से मुस्कान जहाँ ने यह अवेदन किया है की वह वादी को रुपए 30,000 हजार प्रति माह श्रण पोषण अदा करे। साथ ही आपको चेतावनी दी जाती है। की आप से अवेदन के लिखत हेतु संक्षिप्त के लिए 7 अप्रैल 2025 को पूर्वाह्न लगभग 10:30 पर संपर्क करें। साथ ही अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो ओर ऐसा ना करने पर उस अवेदन को एक पक्ष की तर्फ से सुना जाएगा। क्योंकि इस आवेदन को वादी ने न्यायालय में दिया है। धारा 125 सीआरपीसी जो 24 फरवरी 2025 को थाना स्योहारा से न्यायालय की मुद्रा सहित निकाली गई है। मुस्कान जहाँ पुत्री मो. नाजिम निवासी नामदारपुर चन्दन गलाखैड़ी थाना स्योहारा जनपद बिजनौर है। वादी ने बनाम अब्दुल रहमान पुत्र अकबर अली निवासी जे जे कॉलोनी पप्पन कला द्वारका मकान नंबर 154 ए ब्लॉक थाना सेक्टर नम्बर 9 द्वारका दिल्ली उपरीनामंकित प्रतिवादी अब्दुल रहमान के विरुद्ध न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय धामपुर वाद संख्या 712/24 इस ब अदालत से मुस्कान जहाँ ने यह अवेदन किया है की वह वादी को रुपए 30,000 हजार प्रति माह श्रण पोषण अदा करे। साथ ही आपको चेतावनी दी जाती है की आप से अवेदन के लिखत हेतु संक्षिप्त के लिए 7 अप्रैल 2025 को पूर्वाह्न लगभग 10:30 पर संपर्क करे।साथ ही अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा ना करने पर उस अवेदन को एक पक्ष की तर्फ से सुना जाएगा। क्योंकि इस आवेदन को वादी ने न्यायालय मे दिया है। धारा 125 सीआरपीसी जो 24 फरवरी 2025 को थाना स्योहारा से न्यायालय की मुद्रा सहित निकाली गई है।

## तिहाड़ जेल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल की महिला जेल नंबर 06 , में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया, जिसमें कैदियों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए भाग लिया। जेल नंबर छह की अधीक्षक अमिता सुमन ने अतिथियों का स्वागत स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत योग्य महानिदेशक (जेल) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में सतीश गोलछा, महानिदेशक और उनकी पत्नी रचना गोलछा, रितु मुदगल, केंद्रीय डीएलएसए अधीक्षक, तीस हजारी कोर्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ हुई, इसके बाद विदेशी कैदियों द्वारा अपनी संस्कृति को दर्शाते गीत पर नृत्य, कैदियों और कर्मचारियों द्वारा फैशन शो जैसी विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद समाज में महिलाओं की प्रगति को दर्शाते हुए एक नाटक का प्रदर्शन किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बना दिया। महिलाओं की प्रभावशीलता और भावना को दर्शाते हुए गिद्दा के रूप में नृत्य प्रदर्शन किया गया। होली विशेष नृत्य प्रदर्शन भी किया गया।

# न्यूजपेपर बांटने वाले की मौत में मामा-भांजे गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केएन काटजू मार्ग इलाके में बीते शनिवार सुबह एक हिट एंड रन की वारदात में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से डीयू स्टूडेंट/अखबार बांटने वाले साइकिल चालक 19 साल के रिशाल सिंह की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में शामिल मामा भांजा सौरभ गुप्ता और पंकज गुप्ता को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से वारदात में शामिल कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को सुबह करीब साढ़े छह बजे केएनके मार्ग पुलिस आरटीओ ऑफिस के पास एक ट्रैफिक चौराहे पर रोड एक्सिडेंट की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक किनारे क्षतिग्रस्त हालत में साइकिल पड़ी मिली। आसपास काफी न्यूजपेपर सडक पर पड़े थे। जिनपर खून भी लगा हुआ था। पास ही19 साल की युवक भी अचेतावस्था में पड़ा था। जिसको तुरंत नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव की पहचान के लिये बॉडी को मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। युवक की पहचान बुध विहार के रहने वाले रिशाल सिंह के रूप में हुई है। वह स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से स्नातक की पढ़ाई के दौरान सुबह अखबार बेचने का काम करता था। परिवार में रिशाल के तीन अन्य भाई-बहन हैं,एक छोटा भाई और दो विवाहित बहनें हैं। रिशाल के चाचा, घनश्याम, जो बवाना में धागा बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते हैं, ने बताया कि रिशाल पांच साल से अखबार बेचने का काम कर रहा था। वह धागा बनाने वाली उस यूनिट में भी काम करता था जहाँ मैं काम करता हूँ। हालाँकि उसका पूरा दिन व्यस्त रहता था, फिर भी वह रविवार को अपनी बीए की डिग्री के लिए पढ़ाई करने के लिए समय निकाल लेता था।

# पैकेजिंग उद्योग के लिए पांचवां अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में माननीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) द्वारा आयोजित पैकेजिंग उद्योग के लिए 5वें अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (आईएसपीआई 2025) का उद्घाटन किया। ष्पैकेजिंग के 5एस - सुरक्षित, संरक्षित, मानकीकृत, स्मार्ट और टिकाऊष विषय पर केंद्रित, तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन दुनिया भर से उद्योग जगत के नेताओं, विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों को एक साथ लाता है। शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाने और बर्बादी को कम करने के लिए स्वचालन के साथ विभिन्न पैकेजिंग सामग्रियों, रूपांतरण प्रौद्योगिकियों और पैकेजिंग मशीनरी के नवीनतम रुझानों और प्रौद्योगिकियों को उजागर करना है, साथ ही आधुनिक उपभोक्ताओं की मांगों को पूरा करने के लिए पैकेजिंग उपयोगकर्ता उद्योग की आवश्यकता को पूरा करना है। आज की दुनिया में स्थिरता और उपभोक्ता सुरक्षा पर मजबूत फोकस के साथ, जहां पैकेजिंग उत्पादों की सुरक्षा और हमारे पर्यावरण के संरक्षण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, आईएसपीआई 2025 ज्ञान साझा करने, सहयोग और उद्योग उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है।उद्घाटन समारोह दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ, जो पैकेजिंग में नवीनतम प्रगति में एक व्यावहारिक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। आईआईपी के निदेशक, आईआरएस, आर.के. मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद प्रोफेसर (डॉ.) तनवीर आलम, अतिरिक्त निदेशक और आरओ, आईआईपी - दिल्ली ने शिखर सम्मेलन का अवलोकन किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाएं निस्तारणः जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कलैक्ट्रेट स्थिति अपने कार्यालय पर प्रत्येक कार्यदिवस की तरह जनसुनवाई की गयी। इस दौरान उन्होने जनसुनवाई आने वाले सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता से निरस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरुप आम जनमानस की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समयान्तराल पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए। निस्तारण के उपरान्त फीडबैक लेना भी सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र भी उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ चेन स्नेचर, पैर में लगी गोली

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम पुलिस ने बाइक सवार चौन स्नेचर को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, पुलिस की गिरफ्त में आए बदमाश ने माल बरामदगी के बहाने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग की तो गोली बदमाश के पैर में जा लगी। जो मौके पर ही घायल होकर गिर पड़ा।

जानकारी देते हुए एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात मैनपुर रोड पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को देख एक युवक बाइक मोड़कर भागने लगा। टीम ने बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया तो तमंचे से गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार पैर में गोली लगने से घायल हो गया है। बदमाश से पूछताछ में पता चला कि उसने 24 फरवरी को संजय नगर में जीआर फार्म हाउस के पास महिला से चेन लूटी थी। यहीं नहीं उससे पहले आरोपी ने 21 जनवरी को मटियाला कट के पास मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

### जनपद में अब घर बनाना होगा आसान

## डिजिटल होगी नक्शा पास कराने की प्रक्रिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने लोगों को राहत देने के लिए एक नई योजना बनाई है। जिसके अंतर्गत अब घर का नक्शा पास कराने के लिए कलेक्ट्रेट के चक्कर लगाने नहीं पड़ेंगे क्योंकि अप्रैल से नक्शा पास कराने की प्रक्रिया डिजिटल हो जाएगी, जिससे लोगों को कागजात जमा कराने के लिए इधर-उधर जाना नहीं पड़ेगा।

दरअसल, लोगों को अभी तक नक्शा पास कराने के लिए कलेक्ट्रेट से जमीन के स्वामित्व संबंधी काग. जात लाने होते थे। आवेदकों को कई दिन तक तहसील के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे प्रक्रिया में 15-20 दिन लग जाते थे। लेकिन अब इस समस्या को हल करने के लिए जीडीए ने कलेक्ट्रेट में रखे सभी दस्तावेजों को स्कैन कर अपने पास रखने का फैसला लिया है। जिसके लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो इस काम को मार्च के अंत तक पूरा कर लेगी। जिसके लिए एक बड़ी स्कैनर मशीन लगाई गई है, जिससे सभी दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखा जा सके।

इस संबंध में जीडीए वीसी ने जिलाधिकारी (डीएम) से बातचीत की और सुझाव दिया कि कलेक्ट्रेट के दस्तावेजों को स्कैन करके जीडीए में रखा जाए। डीएम की अनुमति मिलने के बाद टीम लगाकर दस्तावेजों को स्कैन करने का काम कर रही है। इससे भविष्य में नक्शा पास कराने के लिए किसी भी कागजात की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि जीडीए के पास पहले से ही सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होंगे।

### शिव भक्तों को सीएम योगी का होली पर तोहफा

## महाकाल जैसा बनेगा दूधेश्वर नाथ कॉरिडोर, निर्माण शुरू

**गाजियाबाद।** ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर न केवल देश में, बल्कि पूरे विश्व में अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर से लंका नरेश रावण के पिता से लेकर रावण और छत्रपति शिवाजी महाराज तक पूजा-अर्चना कर चुके हैं। मंदिर की ऐतिहासिकता को देखते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने इस मंदिर के जीर्णोद्वार का महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। जिसके तहत अब मुख्य द्वार के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही यात्री निवास का कार्य भी शुरू होने जा रहा है। कॉरिडोर का कार्य पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया जा रहा है।

बता दें कि निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज व मंदिर के पीठाधीश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंत. रराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद कहा है।

साथ ही कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर भगवान राम का भव्य मंदिर बना और 500 वर्ष के बाद रामलला विराजमान हुए। आज अयोध्या का भव्य मंदिर पूरे विश्व में धर्म व आध्यात्म का प्रमुख केंद्र बन गया है। देश भर में प्रमुख मंदिरों के जीर्णोद्वार व सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे सनातन धर्म व भारतीय संस्कृति का परचम पूरे विश्व में फहरा रहा है। श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर ऐतिहासिक व सिद्धपीठ है। इस मंदिर की स्थापना खुद लंकापति रावण के पिता ऋषि विश्रवा ने की थी। रावण भगवान दूधेश्वर की पूजा करने के लिए आता था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने मंदिर में पूजा-अर्चना करने के साथ मंदिर का जीर्णोधार भी कराया था। महाराजश्री ने कहा कि मंदिर की बहुत अधिक मान्यता होने से यहां विश्व भर से श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए आते हैं।

## गिन्नी देवी में हुआ विशेष शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शुक्रवार को गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज, मोदीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिन का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो पूनम शर्मा एवं चारों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर के प्रात:कालीन सत्र में, छात्राओं ने सामूहिक रूप से सभी प्रकार की नशे की लत और दहेज जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक दृढ़ प्रतिज्ञा ली।

इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य प्रतिभागियों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था इसके बाद, भारतीय लोक साहित्य पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया, जिसे सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष मंजू कन्नौजिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें लोक साहित्य का ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक प्रभाव, और भारत की समृद्ध साहित्यिक विरासत को संरक्षित करने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया गया।





इसके बाद योगा आत्मचिकित्सा के माध्यम से रोगों से दूर रहना पर भी एक व्याख्यान आयोजित किया गया दूसरे सत्र में, कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से सम्मानित किया गया। इनमें अमृत सेवा ट्रस्ट, मोदीनगर की संस्थापक डॉ. अनीला सिंह आर्य, भाजपा नगर मंत्री दीपा वर्मा, पूर्व सभासद निशा जायसवाल और ट्रस्ट की समर्पित स्वयंसेविका स्वाति आर्य शामिल थीं। उनकी सहभागिता ने इस आयोजन को और अधिक सार्थक बना दिया डॉ. अनीला सिंह आर्य ने महिला सशक्तिकरण पर एक प्रेरणादायक भाषण दिया।

विशिष्ट अतिथियों ने कॉलेज के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट अकादमिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा, महाविद्यालय की शिक्षिकाएँ डॉ. सरिका गर्ग, डॉ आकांक्षा सारस्वत, ऐश्वर्या बहुगुणा, शालू देवी, राखी शर्मा को भी उनके अमूल्य योगदान और संस्थान की प्रगति में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया।

शिविर का सफल संचालन इकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी डॉ आकांक्षा सारस्वत इकाई बी की कार्यक्रम अधिकारी शालू देवी इकाई सी की कार्यक्रम अधिकारी राखी शर्मा एवं इकाई डी कि कार्यक्रम अधिकारी ऐश्वर्या बहुगुणा के कुशल निर्देशन में किया गया शिविर में मधुलिका, ज्योति, स्वीटी, अवनी, सुमनलता आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 9 को

**गाजियाबाद।** दुर्गा वाशिंग पावडर के चौयरमेन प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि अगला ब्राह्मण युवक- युवती परिचय सम्मेलन 9 मार्च दिन रविवार को होगा साथ ही उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए, जिससे कि रिश्ते ज्यादा से ज्यादा हो सके।

## अवैध संबंधों के विरोध पर की थी युवक की हत्या

**साहिबाबाद।** खोड़ा में रहने वाले युवक की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। मकान मालिक ने ही शराब पिलाने के बाद सिर पर पत्थर से वार कर हत्या की थी। अवैध संबंधों के विरोध और किराया नहीं देने पर वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपी से मृतक की पत्नी से अवैध संबंध थे। मूलरूप से बिहार के पूर्णिया निवासी 28 वर्षीय युवक खोड़ा में पत्नी के साथ यहां किराये पर रहता था और मजूदरी करता था। युवक जिसके घर में रहता था, वह उसकी पत्नी का रिश्ते में मामा लगता है। गुरुवार सुबह युवक का शव अभयखंड स्थित पार्क में मिला था। युवक बुधवार शाम खोड़ा स्थित पत्नी की बड़ी बहन के यहां गया था।

## 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया जलाल की हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** महज 24 घंटे के अंदर जलाल अहमद की हत्या का खुलासा कर गाजियाबाद थाना इंदिरापुरम पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, जलाल की पत्नी ने थाना इंदिरापुरम पर शिकायत दी थी की उसके पति की किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी है। शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। घटना के खुलासा करने के लिए 2 टीमों का गठन किया गया था। जहां पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर और घटनास्थल के आसपास अन्य प्राप्त साक्ष के आधार पर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले इबादत उर्फ ईब्बे को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला इबादत के जलाल की पत्नी से 8 माह से संबंध थे। जलाल मेरे मकान में किराए पर रहता था और इसी दौरान उसके किरायेदार की पत्नी से संबंध बन गए। मकान के किराए को लेकर भी जलाल से उसका विवाद था, जिसको लेकर आरोपी ने जलाल को रास्ते से हटाने का मन बना लिया। जलाल की पत्नी ने भी अपने प्रेमी इबादत से बताया था कि मेरा पति मुझ पर शक करने लगा है, उसे लाइन से हटाना होगा। पुलिस के अनुसार, 5 मार्च को पान खिलाने के बहाने उसे घर से बाहर बुलाया। जिसके बाद आरोपी ने जलाल के साथ बैठकर शराब पी और मौका देखकर उसके सिर पर पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, और घटना में प्रयुक्त पत्थर भी पुलिस ने बरामद किया है।

## आजाद समाज पार्टी ने दिलाई नए सदस्यों को सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व एमएलसी एम.एल तोमर द्वारा कार्यकर्ताओं को कैडर दिया गया व पार्टी की नीतियों के बारे में बताया गया। आगामी होने वाले जिला पंचायत चुनाव के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया पार्टी की क्या नीति होगी कैसे मजबूती से यह चुनाव लड़ेंगे व लडवायेगे।

सत्यपाल चौधरी (सदस्य राष्ट्र कोर कमेटी,प्रभारी राजस्थान प्रदेश, प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश) द्वारा जानकारी दी गई के 10 मार्च 2025 में गाजियाबाद से सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता लखनऊ जाएंगे विधानसभा का घीराव व प्रदर्शन करेंगे। आए दिन बार-बार भाई चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा में जो चूक प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही है उसकी पूरी पार्टी जोर-जोर से विरोध करेगी व भाई चंद्रशेखर आजाद जी को जेड प्लस सिक्योरिटी दिलाने की मांग करेगी।



राज्यपाल से मिलकर उनको ज्ञापन देंगे व उनको अवगत कराएंगे की उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है यहां राष्ट्रपति शासन लागू होना चाहिए।

यहां का शासन प्रशासन एक लोकसभा सांसद को सुरक्षा नहीं दे सकता तो एक आम आदमी को क्या सुरक्षा देगा। प्रदेश में गुंडागर्दी, लूटपाट व बलात्कार की घटनाओं की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कोई ध्यान नहीं है व कोई लगाम नहीं है। पार्टी के गाजियाबाद व प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के पदअधिकारियों की मौजूदगी में गाजियाबाद के सैकड़ो लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

जिसमे मुख्य रूप से बीजेपी को छोड़ मटियाला गांव के पूर्व प्रधान संदीप कुमार अपने सैकड़ो साथियों के साथ व सुखी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भोला दास अपने पार्टी के सभी सदस्यों के आजद समाज पार्टी में विलय हुए और इनके अलावा चंद्रवीर, पूनम सिंह, रीमा, विनोद सिंह, वीरेंद्र सिंह, बेगचंद, लोकेश कुमार, प्रवेश कुमार, अनिल कुमार, किशन, धर्मपाल, वेदराम, भोलाराम, मामचंद, अजय, आकाश, रईस, संदीप, अंकित सिंह व बसपा को छोड़ सलीम अल्वी पार्टी में शामिल हुए।

## एक नजर

### अधिक से अधिक वादों के

## निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज किया जायेगा। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा।

जिसके क्रम में जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार-दशम के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है, जिसमें न्यायालय स्तरीय, क्रिमिनल मामले, ई-ट्रैफिक चालान, प्रशासन स्तरीय, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाट तथा माप विभाग, नगर पंचायत, बैंक, पुलिस विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल), जिला पूर्ति अधिकारी, नगर निगम गाजियाबाद, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण स्तरीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ने जनपद के सभी व्यक्तियों एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि आने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त करें, एवं लोक अदालत को सफल बनायें।

## बेटी के जन्म से नाराज ससुराल वालों ने की विवाहिता की हत्या, सात लोगों पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान रूबी (30) के रूप में हुई है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

मामले में मृतका के पिता ओमप्रकाश सिंह का कहना है कि फरवरी 2023 में उनकी बेटी रूबी की शादी ऊर्जा निगम में कार्यरत भूपेन्द्रकांत से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग कर रहे थे। इस बात को लेकर रूबी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। दो महीने पहले रूबी ने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद ससुराल वालों का व्यवहार और भी ज्यादा खराब हो गया। इस बीच बृहस्पतिवार को परिवार को फोन पर सूचना मिली कि ससुराल वाले रूबी की पिटाई कर रहे हैं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो रूबी की मृत्यु हो चुकी थी।

उधर, इस मामले में एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि पति भूपेन्द्रकांत, ससुर सूरजपाल, सास ओमवती, जेठ विकास, जेठानी प्रीति, ननद अनीता और नन्दोई के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मृतका के परि. जनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने चुनरी से गला घोंटकर रूबी की हत्या की है। फिलहाल, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है।

## रेप केस में सुलह के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उस आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने रेप केस में सुलह के नाम पर बिल्डर के परिवार से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। यह घटना थाना इंदिरापुरम क्षेत्र की है, जहां 16 फरवरी को एक युवती ने बिल्डर सुशील गुप्ता के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में बिल्डर सुशील गुप्ता को जेल भेजा गया था। मामले में जानकारी देते हुए पत्रकारों को एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि युवती का रिश्ते का मौसेरा भाई अनुज कसाना और उसका एक साथी सोनू कसाना बिल्डर की पत्नी, बेटे और भतीजे से मुकदमे में सुलह कराने का झांसा देकर पैसे मांग रहे थे। पुलिस को इस मामले में कई साक्ष्य और ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली।

## डिप्टी स्पीकर बनाए जाने पर दी बधाई व शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिल्ली विधानसभा मे मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाये जाने पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष पं रविकांत शर्मा, उपाध्यक्ष पं धर्मेंद्र शर्मा, भाजपा नेता विशाल कौशिक एवं अनिल पेंटा ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई देकर उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

### कश्यप निषाद संगठन के अधिवेशन में

## उत्तर भारत के सभी प्रांतों से आएंगे प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कश्यप- निषाद समाज की ओर से 9 मार्च को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में बड़ा अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसकी कमान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और निषाद-कश्यप समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप संभाल रहे हैं। नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में होने वाले इस आयोजन में पूरे उत्तर भारत सहित कई अन्य प्रदेशों से कश्यप निषाद समाज के कार्यकर्ता पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में जहां कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी, तो वहीं बीते दिनों हुए महाकुंभ के आयोजन के बाद अब गंगाजल वितरित करने का कार्यक्रम भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार कश्यप निषाद समाज के लोगों से संपर्क कर रहे हैं, बैठकर की जा रही है और लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

राज नगर एक्सटेंशन में होगा कार्यक्रम, सजेगा भव्य मंच कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, केरल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर चुके। 9 मार्च को सुबह अधिवेशन से शुरू होने वाले कश्यप निषाद का आयोजन राज नगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में किया जा रहा है। यहां बड़ा भव्य मंच सजाया जाएगा। जिसमें तमाम प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर स्थान दिया जाएगा।

**पांच अप्रैल को भी होगा अधिवेशनः** गाजियाबाद में ओबीसी समाज का बड़ा आयोजन ओबीसी समाज को एकजुट कर भारतीय जनता पार्टी को ताकत प्रदान करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्रत राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप 9 मार्च के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के बाद 5 अप्रैल को एक बड़ा आयोजन करेंगे। इसमें ओबीसी समाज का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई प्रदेशों के प्रतिनिधि और भाजपा व ओबीसी समाज की राजनीति करने वाले बड़े चेहरे भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने की जानकारी है। घर-घर तक पहुंचाया जाएगा प्रयाग से लाया गया गंगाजल कश्यप निषाद समाज के अधिवेशन में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गंगाजल प्रदान किया जाएगा। गंगा. जल प्रयागराज के त्रिवेणी घाट से मंगाया गया है। गंगाजल को वितरित करने का 9 मार्च को कार्यक्रम रखा गया है जिसमें कश्यप निषाद समाज के पदाधिकारी लोगों को गंगाजल प्रदान करेंगे और महाकुंभ के सफल आयोजन के बारे में जानकारी भी देंगे।

### आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज में

# वार्षिक खेल और सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में वार्षिक इंटर बैच स्पोर्ट्स मीट - जोश का आयोजन किया गया। अर्पित चड्ढा, वाइस चेयरमैन आईटीएस-दी एजूकेशन ग्रुप ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ एम थंगराज, प्रधानाचार्य - आईटीएस फिजियोथेरेपी कालेज के साथ किया। स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं में इनडोर और आउटडोर खेलों के कई व्यक्तिगत और टीम खेल कार्यक्रम आयोजित किये गए। इन्डोर खेलों में शंतरज, केरम, टेबल टैनिस और बैडमिंटन शमिल थे। लड़कियों के लिए थ्रोबाल और खो-खो, लड़कों के लिए वॉलीबाल, फुटबाल व क्रिकेट आउटडोर खेलों के रूप में कराये गये थे।

खो-खो की विजेता बीपीटी पचंम सेमेस्टर की छात्राए रही। जबकि थ्रोबाल में छठवां सेमेस्टर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्षन करके प्रथम स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में प्रथम सेमेस्टर अव्वल रहें एवं क्रिकेट में छठवां सेमेस्टर की टीम ने बाजी मारी मैन ऑफ द मैच का अवार्ड अदनान एवं बेस्ट एथलीट आर्यन को दिया गया। सभी खिलाड़ियों की सहायता के लिए स्वयंसेवकों ने पूरे कार्यक्रम में कड़ी मेहनत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और आईटीएस फिजियोथेरेपी के प्रधानाचार्य डॉ एम थंगराज के स्वागत संबोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग ग्रुप सिंगिंग, स्किट और शॉर्ट फिल्म शामिल थें। सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। प्रतियोगिताओं के विजेता सोलो डांस में स्नेहा एवं मलिका, ग्रुप डांस प्रथम सेमेस्टर, सोलो सिंगिंग तेजल, ग्रुप सिंगिंग एवं स्किट में छठवां सेमेस्टर एवं शार्ट फिल्म में भी छठवां सेमेस्टर अव्वल रहे। सभी छात्रों ने इतना अच्छा अवसर देने के लिए अर्पित चड्ढा का धन्यवाद किया। अर्पित चड्ढा जी ने हमेशा पाठ्येत्तर गतिविधयों के संगठन का समर्थन किया है और छात्रों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया है।



# जिलाधिकारी ने तीनों तालाबों का किया निरीक्षण

## गांव में गंदगी देखकर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** जल संरक्षण और सरकारी संसाधनों की देखरेख को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने सरूरपुर गांव में अटल भूजल योजना के तहत बनाए गए जल संचयन इकाई और जीर्णोद्धार व लघु सिंचाई द्वारा बनाए जा रहे तालाबों का स्थलीय निरीक्षण किया। सरूरपुर गांव में 2तालाबों पर कार्य चल रहा है जो कार्य लघु सिंचाई द्वारा किया जा रहा है उसमें सुधार करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि यह कार्य मार्च तक पूर्ण हो जाना चाहिए सेल की मिट्टी को दबाया ना जाए जो खराब मिट्टी है उसे उपयोग में लाया जाए पारदर्शिता के आधार पर साफ सुथरा कार्य करने के निर्देश दिए अटल भूजल योजना के अंतर्गत 32 लाख रुपए से हुए माता के मंदिर तालाब के जीणोद्धार कार्य को देखकर जिलाधिकारी ने उसमें काले पानी की स्थिति को देखकर नाराजगी व्यक्त की और उसका रखरखाव अच्छे से करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा तालाब के चारों तरफ पौधे लगे चाहिए सिल्ट कैचर की भी सफाई निरंतर होनी चाहिए।



जिलाधिकारी ने सरूरपुर में 32 लाख रुपये की लागत से पुनर्निर्मित तालाबों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले यह तालाब दयनीय स्थिति में था, लेकिन अटल भूजल योजना के तहत इसके जीर्णोद्धार से यह अब स्वच्छ और उपयोगी बन गया है। तालाब में वर्षा जल संचयन से न केवल पशुओं को पेयजल मिलेगा, बल्कि भूजल स्तर में भी सुधार होगा। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि तालाब में कूड़ा, कचरा या प्लास्टिक डालने से बचें और इसे स्वच्छ बनाए रखना सभी की सामा. जिक जिम्मेदारी है। और इस तालाब का जीर्णोद्धार उनमें से एक महत्वपूर्ण कदम है। गांव में गंदगी देखकर जिलाधिकारी में नाराजगी व्यक्ति और खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव का पंचायत सचिव और सफाई कर्मी की मुख्य जिम्मेदारी है कि अपने गांव को किस तरीके से रखें उन्होंने गांव को साफ स्वच्छ रखने की अपील की।

# सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** मुजफ्फरनगर के सौरम गांव से बडौत क्षेत्र के सिनौली गांव में शादी में जा रहे आकाश और शुभम की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। मुजफ्फरनगर के सौरम गांव निवासी गौरव ने बताया कि उसके परिवार का आकाश (23) और उसका साथी शुभम (22) शुक्रवार सुबह सिनौली गांव में एक दोस्त के यहां शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुसार गांव से आगे कान्हड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर दोघट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही जांच भी शुरू कर दी। डाकखाने में लगने वाली थी शुभम की नौकरी परिजनों ने बताया कि आकाश यूपी पुलिस की तैयारी कर रहा था। शुभम की डाकखाने की नौकरी में सेलेक्शन हो गया था। उसका सत्यापन होना बाकी रह गया था।



# घायल नीलगाय का ग्रामीणों ने किया उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ललियाना गांव में एक नीलगाय खेतो मे लगे कटीलें तारों मे फसकर घायल हो गयी। ग्रामीणों ने देखा तो दौड़कर उसके पास पहुचें और उसका उपचार कर वन विभाग को सूचना दी है।



ललियाना के जंगल मे नीलगाय कटीले तारो में फंसकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जब आसपास किसानों और गांव के ही इन्तिजार, छोटे, मोमीन ने नीलगाय रोने की आवाज सुनी तो देखा तो दौड़ पड़े और नीलगाय को कटीले तारो से निकाल कर बाहर लाकर पानी पिलाया और उसके शरीर से काटे निकाले वही किसान छोटे ने वन विभाग के अधिकारियों कोफ़ोन कर जानकारी दी है।

# दिव्यांग महिलाओं के लिए जिलाधिकारी की एक नई पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा शुक्रवार को महिला अस्पताल में दिव्यांग महिलाओं हेतु ग्रीवा कैंसर, स्तन कैंसर एवं अन्य विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित प्राथमिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया।
शिविर में दिव्यांग महिलाओं की स्कैनिंग एवं स्वास्थ्य जांच की गई। दिव्यांग महिलाओं ने जिलाधिकारी अस्मिता लाल की इस पहल की सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए और समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना चाहिए, जिससे बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके और उनका समुचित इलाज किया जा सके। जिलाधिकारी की स्वास्थ्य जांच शिविर दिव्यांग महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्ति दिव्यांग अध्यापिका ओमवीरी सहित महिला दिव्यांगों ने कैंप की प्रशंसा की जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुविधाएं मिली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के चौधरी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी तूलिका शर्मा सहित आदि उपस्थित रहे।



# एक नजर

## तीन तलाक के आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** थाना बिनौली के गांव दरकावदा निवासी एक विवाहिता के अनुसार दहेज की मांग पूरी न होने पर गत वर्ष दिसम्बर में उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया था और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। पीड़िता ने इस संबंध में महिला थाने में पति समेत आठ लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता के बयान कराये बिना ही चार्जशीट लगा दी। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक शिकायती पत्र देते हुए इस मामाले की पुनः विवेचना कराने और आरो. पियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने की गुहार लगाई है।

गांव दरकावदा निवासी एक युवती की शादी वर्ष 2021 में जनपद मेरठ के कस्बा करनावल निवासी फुरकान के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और शादी के बाद से ही दहेज में स्विप्ट डिजायर कार व पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। युवती व मायके वालों ने उन्हें बहुत समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी मांग पर अडे रहे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले विवाहिता को प्रताडित करने लगे और दुप्पटे से फांसी लगाकर विवाहिता की हत्या का प्रयास किया। विवाहिता का आरोप है कि गत वर्ष उसके पति ने उसे तीन तलाक दे दिया और मारपीट कर घर से निकाल दिया था। पीड़िता ने पति समेत आठ लोगों के विरूद्ध इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पीडिता का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई नही की है। आईओ ने पीडिता के बयान दर्ज किए बिना ही चार्जशीट लगा दी। पीड़िता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक शिकायती पत्र देते हुए इस प्रकरण की पुनः विवेचना कराने की गुहार लगाई है।

## पुलिस पार्टी पर पथराव करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बडौत कोतवाली क्षेत्र के गांव खडखडी में गत गुरूवार को आपस में झगडा कर रहे लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस पार्टी पर भी पथराव कर दिया था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।



गांव खडखडी में गुरूवार को दो पक्षों में विवाद हो गया था। दोनो पक्षों में जमकर पथराव हुआ था और धारदार हथियारों का प्रयोग हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झगडे को बंद कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर भी हमला बोल दिया और पुलिस पार्टी पर पथराव कर दिया था। पुलिस टीम ने भाग कर अपनी जान बचाई थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस मामले में समीम, फारूख, टीनू उर्फ जुनैद, कन्नू उफ आरिफ, हाफिज, सुहैल, शाकिब व इमरान आदि आठ लोगों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी के अनुसार पुलिस ने दो आरा. पियों हफीज व शमीम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से हमले मे प्रयुक्त दो डंडें बरामद किए हैं। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## गन्ना बेल्ट का जायका बदलेगा ड्रैगन फ्रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव में जमकर हो ड्रैगन फ्रूट की खेती यमुना नदी के किनारे कोताना खेड़ी प्रधान जागौश आदिलाबाद शबगा आदि गांव में हो रही है। ड्रैगन फ्रूट की खेती अब गन्ना बेल्ट में फलों तथा सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए 6.38 करोड़ रुपये की योजना मंजूर हो गई हैं। इससे नए वित्त वर्ष 2025-26 में किसानों को स्ट्रॉबेरी व ड्रैगन फ्रूट आदि फलों तथा सब्जियों की खेती होगी। तब गन्ना क्षेत्रफल कम होगा और किसानों की किस्मत भी बदलेगी। बागपत की मुख्य फसल गन्ना है, लेकिन सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए फसलों के विविधिकरण पर जोर दिया जा रहा। इसलिए शासन ने बागपत में पहली बार एकीकृत बागवानी योजना लागू की। इसके तहत उद्यान विभाग ने सब्जी एवं बागवानी को बढ़ावा देने के लिए 6.38 करोड़ रुपये की योजना मंजूर कर शासन को भेज दी। आंवला, अंगूर, पपीता आदि बागवानी को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया। सब्जियों में आलू, टमटार, फूल गोभी, पत्ता गोभी, करेला, भिंडी, बैंगन, गाजर, प्याज, लहसुन, मिर्च व मटर आदि की खेती शामिल हैं। किसानों को अच्छी प्रजाति के बीज तथा पौध उपलब्ध कराने के साथ तकनीकी एवं व्यावहा. रिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनकी खेती के लिए 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। स्ट्रॉबेरी खेती पर प्रति हेक्टेयर 80 हजार तथा ड्रैगन फ्रूट की खेती पर 1.70 लाख रुपये अनुदान मिलेगा। बता दें कि वर्तमान में बडोत के आधा दर्जन गांवों में किसान ड्रैगन की खेती कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, गौरीपुर जवाहर नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय में कुल 208विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से केवल 135विद्यार्थी ही उपस्थिति थे। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की इसमें सुधार करने के निर्देश दिए इन विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य देने के लिए विद्यालय में 4 अध्यापक कार्यरत हैं ।

शासकीय विद्यालय में मिड डे मील योजना के अंतर्गत जो भोजन बनता है उस किचिन की स्थिति अच्छी नही मिली इसमे साफ सफाई व सुधार करने के निर्देश दिए हैंड वॉश यूनिट नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्ति और उसे लगाए जाने के निर्देश दिए शौचालय की स्थिति भी अत्यंत खराब मिली जिस पर जिला. धिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को साफ स्वच्छ रखना चाहिए यह विद्या का मंदिर है या विद्यार्थी विद्या ग्रहण करने के लिए आते हैं इन्हें अच्छा परिवेश दिया जाए जिससे कि उनकी सकारात्मक सोच बनी रहे उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न भी पूछे जिसमें विद्यार्थियों ने संतोषजनक पूछे गए जिला अधिक. ारी के प्रश्नों का उत्तर दिया। जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और भोजन की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखी जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण मिल सके।



# राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को जोड़ने का किया जाएगा कार्य: शौकेंद्र खोखर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** क्षेत्र के बदरखा निवासी शौकेंद्र खोखर बने विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ भारत के राष्ट्रीय महासि. चव, इनकी नियुक्ति शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विक्षुतपाणी ने की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सोपी गई है। मैं उस पर खरा उतरने का काम करूंगा। संगठन के बताएं मार्ग पर चलने का कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर संगठन को जोड़ने का काम किया जाएगा। शौकेंद्र खोखर बदरखा को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर बागपत लोकसभा क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बागपत में राष्ट्रीय महासचिव के आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। मेरठ पहुंचने पर आज तेजस्वी कुंज कॉलोनी में उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु संस्थापक महंत अवैद्यनाथ महाराज व कालीकापिठाधीशवर के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत महाराज व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्षा अस्मिता भंडारी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री योगी राजकुमार नाथ महाराज रजत चौधरी नितिन चौधरी योगेश कुमार रविंद्र सिंह हंस कुमार सोम अंकुर मलिक धर्मेंद्र मलिक जयवीर सिंह चेतन खोखर प्रांजल खोखर आदि ने राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई देते हुए हर्ष जताया।



# जिलाधिकारी ने बृहद गो संरक्षण केंद्र सरूरपुर का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद में गौ संरक्षण को संरक्षित रखने और उन्हें अच्छा अल्पाहार हरा ,चारा ,खल ,चौकर छायादार व्यवस्था आदि देने के लिए सरकार कटिबंध है जिस के क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने वृद्ध को संरक्षण केंद्र सरूरपुर का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें 699 गोवन संरक्षित हैं जिसमें 274 नर व 425 मद है जिनके संरक्षण के लिए 19 केयरटेकर की व्यवस्था की गई है यह गौसरंक्षण केंद्र जनपद का सबसे बड़े गौसरंक्षण केंद्रों में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा गौशाला की साफ सफाई रखी जाए इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी गौशाला के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील किया जाए समस्त कैमरे गौशाला में क्रियाशील रहने चाहिए उन्होंने कहा गौशाला के ऊपर को जो विद्युत लाइन निकल रही है इसे भी साइड में शिफ्टिंग की जाए कोई भी लाइन ऊपर को ना निकल जाए गोवंश को हरा चारा मौसम के अनुसार दिया जाए उनकी समय से चिकित्सक देखरेख करें सभी गोवंश की ईयर टेकिंग हो जानी चाहिए एच् एस/एफएमडी सभी गोवंश का हो गया है। जिलाधिक. ारी ने वहां पर स्टॉक रजिस्टर व निरीक्षण रजिस्टर का अवलोकन किया उन्होंने कहा समस्त गोवंश को शुद्ध पे जल की व्यवस्था रहे। गौशाला में गोवंश के लिए 126 कुंतल भूसा संरक्षित मिला। जिलाधिकारी गोवंश को गुड़ खिलाया और उनको देखरेख करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा पंचायत सचिव व चिकित्सा प्रतिदिन गौशालाओं का भ्रमण करें और व्यवस्थाओं को देखें जो कमियां है उन्हें तत्काल दुरुस्त करें गौशाला में साफ-सफाई रहनी चाहिए यदि गोवंश को समस्या हुई तो संबंधित अधिकारी पर बड़ी कार्यवाही भी की जाएंगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिक. ारी अखिलेश कुमार चौबे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।



# हिंड़न नदी का जलस्तर बढने से किसानों की फसले नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** ललियाना गांव में हिड़न नदी का जलस्तर बढने से किसानो की लोकी, खीरा, टमाटर की फसल डूबकर नष्ट होने से किसानो को नुकसान हुआ है। किसानों ने उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलानें की मांग की है।
ललियाना गांव में हिड़न नदी का फिर जलस्तर बढ़ने से लालियना के एक दर्जन किसानों की लगभग 100 बिगा ठेके पर लेकर बोई टमाटर, खीरे, लोकी, गेंहू की फसल डूब गयी हैं। किसान खेतो में भरे पानी निकालने में लगे है। किसान इंतज़ार, इमरान, मुन्ना आदि ने बताया कि हर महीने हिड़न नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों की ठेके पर लेकर बोई सब्जी वह गेंहू सरसो की फसल डूब जाने से नष्ट हो रही है। बार बार टमाटर, लोकी, खीरे की नफसल की बुआई करते है और हिन्डन नदी का बढ़ता जलस्तर फसल को नष्ट कर देता है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के अधिकारी फसल में हुए नुकसान की जांच करने भी नही आते है जिससे किसान परेशान है। उन्होंने डीएम से फसल में हुए हिन्दन नदी के बढ़ते पानी से फसलो में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# कड़ी सुरक्षा के बीच रमजान के प्रथम जुमे की नमाज अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत/बडौत।** जनपद में रमजान के प्रथम जुम्मे को मस्जिदों में कडी सुरक्षा के बीच नमाज अता की गई। इस दौरान रोजेदारों ने अमन व चैन की दुआ की। शांति पूर्ण नमाज अता होने पर पुलिस प्रशासन ने रहात की सांस ली।

इस दौरान शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने बताया है कि दीन-ए-इस्लाम में माह-ए-रमजान की बहुत अहमियत है। माह-ए-रमजान में रोजे, नमाज, तरावीह, तिलावत, दुआ, तौबा का एहतिमाम करना चाहिए। रोजा रखने से हमारे शरीर से कई बीमारियां दूर जाती है। इस महीने में खास तौर पर पुण्य के कार्य किए जाते हैं। मगर इस मुकद्दस महीने की इन कामों के अलावा भी बहुत सी खूबियां हैं, जिन पर हमें तवज्जो देनी चाहिए। कुरआन और हदीस के मुताबिक सामाजिक बुराइयों के खात्मे, आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने, गरीबों, यतीमों, बेवाओं की मदद करने, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर देने, गरीब छात्रों की शिक्षा के क्षेत्र में मदद करने, मदारिस की मदद करना, गरीब बच्चियों की शादी कराने में आर्थिक मदद देने और गरीबों को खाना कपड़े आदि उनके उत्थान में रमजान का यह महीना अहम किरदार अदा करता है। इस मौके पर मस्जिद में नमाजियों ने आपसी सौहार्द, भाईचारा क़ायम और मुल्क की तरक्की की भी दुआ की।



# स्कूल में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व ब्राह्मण फेडरेशन के चेयरमैन रविकांत शर्मा, मनोज शर्मा रिटायर्ड एन सी सी अधिकारी एवं लेक्चरर दिल्ली, मीनाक्षी शर्मा विभागाध्यक्ष अंग्रेज़ी एमिटी यूनिवर्सिटी, हिमांशु शेखर शर्मा लेक्चरर अंग्रेजी दिल्ली, अश्विनी तोमर चेयरमैन बड़ौत, स्कूल चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा, डायरेक्टर दिनेश शर्मा, प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जन औषधि केन्द्र का लोकार्पण करते हुए अश्विनी तोमर ने कहा कि संस्कृति पब्लिक स्कूल की यह पहल इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। रविकांत शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को इस जन औषधि केन्द्र का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा परिवार सेवा का कोई अवसर छोड़ना नहीं चाहता। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लघु नाटिका दाम कम दवाई उत्तम तथा लोक गीत याणी सी उमर में ना ब्याहियो रै इन बेटियों ने खूब पढाईयो रै ने खूब प्रशंसा बटोरी। प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सोनम चौधरी ने किया। इस अवसर पर संगीता, नीतू, माधवी, हिमांशु, सचिन, नेहा, सरिता, अंशु, प्रीति, सीमा, वीशू, आदि उपस्थित रहे।



**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र सुभम व पुत्रवधू सलोनी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
प्रमोद पुत्र केशवराम व मुनेश पत्नि प्रमोद निवासी गुराना थाना बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सूरज से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
सुरेन्द्रपाल उर्फ बोबी पुत्र मेहरचन्द निवासी गांव तेड़ा थाना सिंघावली अहीर, तहसील व जनपद बागपत।

# दावत खाने आए थे, पहुंच गए अस्पताल

## शादी समारोह के खाने से हुई फूड प्वाइजनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव दरगाह पुर में बृहस्पतिवार को एक शादी समारोह में देर शाम खाना खाने के बाद 60 से 70 लोगों की उल्टी-दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी, जिसमे कुछ मरीजों को देर रात तथा सभी मरीजों की दोपहर तक हालत सामान्य होने पर छुट्टी दे दी गई है।

बृहस्पतिवार को क्षेत्र के गांव दरगाह पुर में खोड़समा से आई बारात के लोगों, रिश्तेदारों तथा दावतियों की शादी में बने खाने के बाद हालत बिगड़ गई थी, जिसमे पांच साल से लेकर साल के बच्चे से लेकर 60 वर्ष से महिला पुरुष फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए थे, जिन्हे देर शाम तक उनके परिजन झिंझाना में निजी अस्पतालों में भर्ती कराया था। अलग अलग निजी चिकित्सकों के यहां भर्ती कई मरीजों को देर रात तक छुट्टी दे दी गई। आईबीएम हॉस्पिटल के चिकित्सक मसीउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर तक अनुभव 7 वर्ष, महिमा 6 वर्ष, दिव्या 17 वर्ष, रीना 26 वर्ष, तनु 16 वर्ष, रविता 28 वर्ष, समन, राधा, राहुल, आदेश, अविनाश तथा सरोज देवी आदि सभी रोगियों को सामान्य होने पर घर भेज दिया गया है।

चिकित्सकों ने फूड प्वाइजनिंग की वजह से लोगों को उल्टी दस्त होने की संभावना बताई है। झिंझाना क्षेत्र के गांव गांव दरगाह पुर में सुरेंद्र की लड़की के बरात क्षेत्र के खोड़समा गांव से आई थी। शादी समारोह में दोपहर का खाना चल रहा था। सभी बराती व घराती ने खाना खाया। इसी दौरान शाम करीब चार बजे खाना खाने वाले कुछ महिला पुरुषों और बच्चों की उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी। वहीं बताया जा रहा है कि बारात में बने खाने का सामान कस्बे के एक चर्चित व्यापारी की दुकान से खरीदा गया था। जिसमें एक्सपायरी सामान का भी प्रयोग हुआ है।जब मामले में हड़कंप मच गया तो हर कोई सामान को लेकर व्यापारी पर उंगली उठाते नजर आए।

पूर्व में भी प्रचून के व्यापारी के साथ खराब सामान को लेकर हंगामा हो चुका है। लेकिन व्यापारी द्वारा मामले को सेटिंग कर रफा-दफा कर दिया जाता है।झिंझाना क्षेत्र के गांव गांव दरगाह पुर में सुरेंद्र की लड़की के बरात क्षेत्र के खोड़समा गांव से आई थी। शादी समारोह में दोपहर का खाना चल रहा था। सभी बराती व घराती ने खाना खाया। इसी दौरान शाम करीब चार बजे खाना खाने वाले कुछ महिला पुरुषों और बच्चों की उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ गई थी। फूड इंस्पेक्टर विनोद कुमार से जब मामले को लेकर बातचीत की गई तो उन्होंने बताया मामला स्वास्थ्य विभाग का है।वहीं एसीएमओ डाक्टर अतुल बंसल ने बताया मामले की सूचना मिली थी मामला खाद्य आपूर्ति विभाग का है जो जांच कर बताइगे।

### 10 लीटर कच्ची शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गत रात्रि पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद. शानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी, बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त लक्खा सिंह पुत्र बलजीत सिंह निवासी डेरा बखशीश मजरा ग्राम अजीजपुर को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# भवन कर व जलकर बढ़ाए जाने के प्रस्ताव पर जताया रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली के नगर पालि. का परिषद के अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर में भवन कर व जलकर को कई गुना बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श हेतु व्यापारियों की एक बैठक सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित व्यापार मंडल के प्रांतीय मुख्यालय पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग की अध्यक्षता में हुई जिसमें उपस्थित व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद द्वारा भवन कर व जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव पर रोष व्यक्त करते हुए वापस लेने की मांग की बैठक में उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा की शामली एक छोटा शहर है भले ही वह जिला बन गया हो यहां पहले से ही भवन कर व जल कर अन्य शहरों के मुकाबले ज्यादा है अत: ऐसी स्थिति में भवन कर व जलकर बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है यदि नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी द्वारा अपनी मनमानी करते हुए शामली नगर में भवन कर व जलकर बढ़ाया गया तो नगर के व्यापारी व नागरिक मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे तथा किसी भी हालत में भवनकर व जलकर नहीं बढ़ने देंगे बैठक मे उपस्थित सभी व्यापारियों एवं पदाधिकारीयों ने नगर पालिका जाकर वहां उपस्थित नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी माननीय सोलंकी जी को भवनकर व जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव को वापस लेने हेतु एक ज्ञापन सौंप कर भवन करव जलकर बढाए जाने के प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान प्रदेश संगठन महामंत्री, नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, रवि संगल नगर महामंत्री ,अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष पूर्व सभासद ऋषभ जैन, वैभव गोयल, पवन गोयल ,आशुपुरी सुधीर सिंगला, आशु बत्रा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# मजदूरी के पैसे मांगने पर मिली धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** थाना क्षेत्र के गांव भाटू निवासी एक राजमिस्त्री को अपनी मजदूरी के पूरे पैसे मांगना महंगा पड़ गया। गांव के ही एक व्यक्ति पर दबंगई दिखाने, धमकी देने और पैसे न देने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने थाना गढ़ी पुख्ता में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण अब उसने पुलिस अधीक्षक शामली से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव भाटू निवासी गौरव पुत्र ब्रह्मपाल पेशे से राजमिस्त्री है। उसने बताया कि करीब चार महीने पहले गांव के ही मुस्तफा पुत्र कुंगा ने अपने यहां पर चिनाई का कार्य कराया था, जिसमें गौरव की ₹8000 मजदूरी बनी थी। आरोप है कि कई बार पैसे मांगने के बावजूद मुस्तफा ने भुगतान नहीं किया और टालमटोल करता रहा।गौरव का कहना है कि जब उसने बार-बार मजदूरी के पैसे मांगे तो मुस्तफा ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। इतना ही नहीं, दबंगई दिखाते हुए उसने धमकी दी कि वह पैसे नहीं देगा और जो करना हो कर लो।पीड़ित गौरव ने 24 फरवरी को थाना गढ़ी पुख्ता में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

थाने के दरोगा ने समझौते के नाम पर रु. 5000 में मामला निपटाने की बात कही, लेकिन जब गौरव ने अपने पूरे रु. 8000 की मांग की तो दरोगा नाराज हो गए और उसे वहां से टरका दिया।गौरव का आरोप है कि मुस्तफा थाना में चौकीदार है, और इसी का फायदा उठाकर उसने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए धमकाया। न्याय न मिलने पर गौरव ने पुलिस अधीक्षक शामली के पास जाकर न्याय की गुहार लगाई है।

# बच्चों ने रखा पहले जुमे का रोजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज में रोजदारों की खासी भीड़ रही। छोटे बच्चों ने भी पहले जुमे का रोजा रखा वहीं कुछ बच्चे लगातार रोजे रख रहे हैं। उलेमाओं ने लोगों से रमजान में कुरान की तिलावत के साथ-साथ गरीबों को सदका, जकात, फितरा देने पर जोर दिया। जुम्मे के कारण बाजारों में भी रौनक रही। शुक्रवार को कस्बे के साथ-साथ देहात क्षेत्र में भी रमजान के पहले जुमे को लेकर हर तरफ उल्लास का माहौल दिखा। मुस्लिम बस्तियों में जुमे की नमाज अदा करने को लेकर सुबह से चहल पहल शुरू हो गई।खासकर बच्चे तथा नौजवान तबका सबसे पहले जमा मस्जिद में पहुंचने को उतावले दिखे। इस बार रमजान उल मुबारक में अभी भी सर्दी का मौसम चल रहा है जिस कारण छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। फैज पब्लिक स्कूल की कक्षा एक की छात्रा समरा ने अपना पहला रोजा रखा, वही इसी कक्षा की अलीना तथा इल्मा इस रमजान के अब तक सभी रोजे रख रही है। दोनों छात्राओं ने कहा कि वह पूरे रोजे रखेगी। कस्बे की शाही जामा मस्जिद नीला रोजा में मौलाना याकूब ने लोगों को खिताब करते हुए कहा कि रमजान का पहला अशरा चल रहा है। जिसका पहला जुमा है। जिन लोगों ने अपने माल की जकात अदा नहीं कि वह माल का हिसाब कर ढाई प्रतिशत के हिसाब से गरीबों, असहाय लोगों को अपनी जकात अदा करें। इस्लाम के पांच रुकुन में से एक जकात अदा करना भी है। खारे वाली मस्जिद में मौलाना शुऐब ने जुमे के खुतबे से पहले लोगों को रोजे की फजीलत तथा तरावीह के सवाब के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कुरान की तिलावत के साथ गरीबों, मिस्कीनों को सदका, जकात, फितरा देना चाहिए। मदरसा नूरिया वाली मस्जिद में मौलाना आजम ने, तकए वाली में हाफिज कलीम ने, सालारे वाली में हाफिज इरशाद ने, मस्जिद खातियान ने कारी इशाक ने मदरसा नूर मोहमादिया वाली में मौलाना अजफर ने, मनिहारों वाली में हाफिज अब्दुर्रहमान ने, कुरैशयान ने हाफिज सालिम ने जुमे की नमाज अदा कराई तथा नमाज से पहले लोगों को खिताब किया। जिससे स्थानीय बाजार में खासी भीड़ रही, वहीं जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क रही तथा क्षेत्र में शांतिपूर्वक पहले जुमे की नमाज अदा की गई।

## गन्ना भुगतान न मिलने पर किसानों में आक्रोश, 9 मार्च को बजाज शुगर मिल के खिलाफ दी धरने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हरड़ के किसानो ने बजाज शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान न किए जाने के विरोध में आंदोलन की हुंकार भर दी है। किसानों का कहना है कि मिल प्रबंधन लगातार उनके भुगतान में देरी कर रहा है, जिससे वे आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।गांव के बुजुर्गों और किसान संघर्ष समिति ने मिल प्रबंधन को बेईमान करार देते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो मजबूरन 9 मार्च को बजाज शुगर मिल के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।पहले यह धरना 7 मार्च को प्रस्तावित था, लेकिन किसानों की सहमति के बाद अब 9 मार्च को मिल के सामने जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने मिल प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर उनकी मेहनत की कमाई नहीं मिली तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।किसान संघर्ष समिति ने सभी किसानों से इस धरने में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि अपनी आवाज बुलंद की जा सके और जल्द से जल्द बकाया भुगतान मिल सके। इस मौके पर धीरज राणा प्रेमसिह हरेन्द्र राणा लाल्ला ठाकुर संजीव सैनी मेनपाल सिंह देवेन्द्र राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# सड़कों से गंदगी उठाकर अधिकारियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले की समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत और स्वच्छता अभियान को समर्पित शामली महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हो गया। सवेरे वीवी पीजी कालेज से स्वास्थ्य की राह दौड हुआ। साथ ही सडकों पर फैली गंदगी को उठाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया।

शुक्रवार सवेरे शहर के वीवी पीजी कालेज शामली महोत्सव स्थल से डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी रामसेवक गौतम, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, एडीएम संतोष कुमार सिंह ने प्रसिद्ध प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली संग दौड़ते हुए रास्ते में पड़ा कचरा उठाया जिससे न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाई।

मुख्य रूप से शामली स्वास्थ्य मार्च वीवी डिग्री शामली से प्रारंभ होकर टंकी कॉलोनी से होते हुए रेलवे फाटक से शिव चौक और वहां से भिक्की मोड होते हुए पुन: वी वी डिग्री शामली पर समापन हुआ। यहां पहुंचकर प्रसिद्ध प्लॉगमैन रिपुदमन बेवली ने सभी को शपथ दिलाई। जिसमें उन्होने कहा कि ना कूड़ा फैलाएंगे ना किसी को फैलाने देंगे अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय प्रतिष्ठानों और नागरिक समूहों से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शामली में पहली बार आयोजित हो रहा शामली महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।




शामली। श्रमदान कर सभी को संदेश देते डीएम व अन्य अधिकारीगण। छाया शाह टाइम्स

यह हमारी परंपराओं, लोक. कला, संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का मंच होगा, जहां शामली के नागरिक अपनी जड़ों से जुड़ने का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का एक विशेष आकर्षण स्वच्छता मार्च प्लॉगथॉन हुआ, जो प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के विजन को समर्पित है।

इस अवसर पर एडीएम न्यायिक परमानन्द झा, एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, चेयरमैन अरविन्द संगल, अंकित गोयल, आशीष जैन आदि मौजूद रहे।

### आज आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के पालन में आज राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी मती सीमा वर्मा अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली की सचिव मती प्रतिभा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शामली ने बताया कि कार्यक्रम की लोक अदालत की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश विकास कुमार करेंगे। लोक अदालत में बैंकों से संबंधित,बिजली विभाग,सूक्ष्म आपराधिक मामले,दीवानी मामले, पारिवारिक मामले,चेक बाउंस आदि से संबंधित मामलों के निस्तारण किए जाएंगे।

# महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इनर व्हील क्लब शामली द्वारा शहर के बुढ़ाना रोड़ स्थित प्राइमरी पाठशाला में महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एक दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर भी प्रदान की गई। शुक्रवार को शहर के बुढाना रोड़ स्थित प्राईमरी पाठशाला में इनर व्हील क्लब शामली द्वारा महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ क्लब अध्यक्षा अर्चना गोयल ने किया। इस दौरान महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचारों को व्यक्त किया। स्कूल के सभी विद्यार्थियों को होली के शुभ अवसर पर मिष्ठान में होली संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। क्लब द्वारा एक दिव्यांगजन महिला को क्लब की तरफ से व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही दिव्यांगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ऊषा गोयल, बीना अग्रवाल, प्रिया भटट, बीना गर्ग, मिनाक्षी महेश्वरी, ब्रजलता अग्रवाल, पूनम गर्ग, शशि अरोरा आदि मौजूद रही।

# रमजान के पहले जुमे पर मस्जिदों में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**शाह टाइम्स टीम**

**गढ़ीपुख्ता।** रमजान के पाक महीने के पहले जुम्मे को लेकर पूरे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही अकीदतमंदों में खासा उत्साह देखा गया। लोग मस्जिदों की ओर रवाना होने से पहले विशेष तैयारियों में जुटे रहे। जुम्मे की नमाज को लेकर मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कस्बा गढ़ीपुख्ता की प्रमुख मस्जिदों सहित अकीदतमंदो में भी जुम्मे की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में रोजेदारों ने मस्जिद पहुंचकर खुदा के आगे सजदा किया और हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। इमाम साहब ने अपने खुतबे में रमजान की फजीलत और जुम्मे की अहमियत पर रोशनी डाली। हाफिज, मौलानाओ ने रमजान का यह पाक महीना इबादत, रोजा और नेकियों का महीना बताया है, जिसमें हर नेक अमल का कई गुना सवाब मिलता है। पहले जुम्मे की तरह आने वाले जुम्मों को भी खास माना जाता है और अकीदतमंद पूरे जोश और सिद्दत के साथ इबादत में मशगूल रहते है



मौलाना शौकीन।

**शामली।** माहे रमजान के छठे दिन पहले जुमे की नमाज जिलेभर की मस्जिदों में अदा कराई गई। जुमे की नमाज अदा कर अकीदतमंदों ने खुदा से देश में अमन चैन की दुआ मांगी। खुतबे से पहले मस्जिद में ब्यान करते हुए मौलाना शौकीन ने कहा कि यह अशरा रहमत का है। दूसरा मगफिरत का है और तीसरा अशरा जहान्नुम से आजादी का है। रोजा रखने के बाद पूरे जिस्म का रोजा होता है। इसलिए आंखों, कान, जबान और हाथों की हिफाजत की जाए।

शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले ब्यान करते हुए शाही जामा मस्जिद में मौलाना शौकीन ने कहा कि अल्लाह तआला गलत बात को पसंद नहीं फरमाते। मगर अगर कोई मजलूम अपने ऊपर किए जाने वाले जुल्म के खिलाफ आवाज उठाए तो उसे ऐसा करने की इजाजत है। सच्चे मोमिनों का काम यह होता है कि वो अल्लाह और उसके रसूल के तमाम एहकाम को मानते हैं और अल्लाह के तमाम रसूलों को पर ईमान रखते हैं। कहा कि पुख्ता इल्म वाले लोग जो कुरान और पहली आसमानी किताबों पर ईमान लाते हैं और नमाज कायम करते हैं और जकात अदा करना शुरू कर देते हैं और आखिरत पर ईमान ले आते हैं, तो उनके लिए अल्लाह तआला ने बहुत बड़ा अज्र तैयार कर रखा है। कहा कि जो एक इंसान का नाहक कत्ल करता है, वह एक इंसान का नहीं बल्कि पूरी इंसानियत का कत्ल करता है। और जो एक आदमी की जिंदगी बचाता है वह किसी एक की नहीं बल्कि पूरी इंसानियत की जिंदगी बचाता है। इस दौरान मुस्लिमों ने नमाज अदा कर देश में अमन चौन कायम करने की दुआ मांगी। शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद, मस्जिद फतेहपुरी, मस्जिद कुरैशियान, मस्जिद मुहम्मदी, मस्जिद कलंदरशाह, मस्जिद चांद, मस्जिद नूरानी, मस्जिद गढीवाला और दिल्ली रोड स्थित मदरसा में जुमे की नमाज अदा हुई। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

**जलालाबाद।** रमजानुल मुबा. रक के पहले रोजे पर मुस्लिम अकीदतमंदों ने सुबह से ही नमाज की तैयारियां शुरू कर दी थी। बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों ने नहाने के बाद नए कपडे पहने और खुशबू लगाई। जुमे का खास दिन होने के कारण बच्चों ने रोजे रखे और नमाज का भी अहतमाम किया। इस दौरान बाजारों किरयाना, फल सब्जी आदि की खरीदारी करने वालों की भारी भीड रही। जलालाबाद की जामा मस्जिद में मौलाना एनुल हक साहब ने नमाज अदा कराई, मौलवियों वाली मस्जिद में मौलाना सैयद शारिक हुसैन ने, मेम्बर वाली मस्जिद में मुफ्ती दानिश साहब ने, मदरसे वाली मस्जिद में मौलाना वली उल्लाह ने, अब्बाजी वाली मस्जिद में मौलाना साजिद, शाम बाबू खां वाली मस्जिद में अनवार खां, मुन्ने खां वाली मस्जिद में मौलाना गुलश. र ने नमाज अदा कराई। इस मौके पर मौलाना सैयद शारिक हुसैन ने अपने ब्यान में पवित्र माह रमजान की फजीलत पर विस्तार से ब्यान किया। उन्होने कहा रमजानुल मुबा. रक सबसे पवित्र महीना है इस महीने में इबादत करने से सवाब अधिक होता है। उन्होने कहा इस महीने में अल्लाह की तरफ से रिज्क बढा दिया जाता है। नमाज के बाद देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की गई।







**कैराना।** क्षेत्र में पवित्र रमजान के पहले जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर अकीदतमंदों ने अमन चौन, प्रेम भाईचारा और आपसी सौहार्द की विशेष दुआएं मांगी।इस दौरान सीओ व कोतवाल ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मुकद्दस महे रमजान के पहले जुमे की नमाज के दृष्टिगत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई गई थी। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा। मस्जिदों में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। इसके पश्चात अकीदतमंदों ने अमन चौन, प्रेम भाईचारा, आपसी सौहार्द व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। सीओ श्याम सिंह भी नगर में भ्रमण पर पहुंचे। उन्होंने धर्मस्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान मौलाना इरफान ने कहा कि माहे रमजान रहमत व कबूलियत का महीना है,हमें अपने गुनाहों की तौबा करनी चाहिए। साथ ही इस मकद्दस माह में कुरान शरीफ की तिलावत व नमाज का एहतमाम करना चाहिए,जिससे हमारी गुनाहों की माफी मिल सके।

# शामली चीनी मिल ने किसानों के खातों में भेजा 13.57 करोड़ का गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 4 मार्च, 2025 तक चीनी मिल द्वारा 54.34 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई की जा चुकी है तथा मिल संचालन प्रारम्भ होने के 99 दिन के अन्दर पेराई सत्र 2024-25 का कुल 170.87 करोड़ रूपये गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। इस प्रकार शामली चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में जनपद में लगातार प्रथम स्थान पर बनी हुई है। चीनी मिल के लगातार भुगतान, सुचारू संचालन एवं बेहतर व्यवस्था से किसान अति उत्साहित है। उपरोक्त के विषय में सतीश बालियान, महाप्रबन्धक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान निर्बाध होता रहेगा। उन्होनें यह भी बताया कि इस समय कहीं-कहीं पर चोटी बेधक कीट की तितली दिखाई देने लगी है तथा अगले दस दिनों में इस कीट की प्रथम पीढ़ी द्वारा गन्ने की फसल को भयंकर नुकसान पहुंचाने की सम्भावना है। अत: सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि आज से लेकर 15-20 मार्च तक अपने गन्ने के प्रत्एक खेत में इमिडा क्लोप्रिड 200 मिलीलीटर, कार्बनडाजिम 100 ग्राम, शैम्पू 50 मिलीलीटर अथवा एक मुठ्ठी सर्फ को 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। खेत में पोगला ना होने की स्थिति में भी फैली हुई सूखी पत्तियों, मेड़ो व आस-पास की झाड़ियों पर भी छिड़काव करें, इससे चोटी बेधक कीट के साथ-साथ मिली बग, स्केल इन्सेक्ट व व्हाइट फ्लाई आदि कीटों का भी नियन्त्रण होगा। किसान भाई अपना समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना चीनी मिल पर ही आपूर्ति करें। आपकी चीनी मिल आपका समस्त आपूर्ति योग्य गन्ना पेराई हेतु कटिबद्ध है।

### विद्यालय को पांच पंखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर ने बताया कि शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर मुरादाबाद रोड स्योहारा को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के मैनेजर अभिमन्यु आदर्श, कैशियर शमशाद आलम व रवि कुमार के द्वारा विद्यालय को पांच पंखे प्रदान किए गए।

# 100 लोगों को मोबाइल फोन वापस कराए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस बोल रही है,जो फोन आप यूज कर रहे है वो चोरी का है इसे वापस लौटा दीजिए इस तरह से बात करके मिशन सहयोग मिशन के तहत 100 मोबाइल नोएडा वासियों को उनके सुपुर्द किए गए।ये मोबाइल सिर्फ दिल्ली एनसीआर नहीं बल्कि राजस्थान, गुजरात, हरियाणा से रिकवर किए गए। हालांकि लोगों ने काफी सपोर्ट किया और फोन नोएडा भेजे। इनमें से कुछ ऐसे भी थे जो मान नहीं रहे थे उनको लीगल एक्शन का डर भी दिखाया गया।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस तरह से करके करीब 100 मोबाइल रिकवर किए गए। इन मोबाइल को उनके रियल आर्नर को दिया गया।डीसीपी ने बताया कि सबसे पहले नोएडा के सभी थानों में दो साल में दर्ज फोन चोरी की



शिकायतों को निकलवाया गया। उनके फोन के ईएमआई नंबर को ट्रैक किया गया।

जिसमें से करीब 100 लोगों के फोन अलग-अलग स्थानों पर चलते पाए गए। डेटा बेस के जरिए मोबाइल में चल रहे नंबर को निकाला गया। उनको आपसी सहयोग मिशन के तहत फोन किया गया।

**90 प्रतिशत सहयोग से माने:** इसमें से 90 प्रतिशत लोग ऐसे थे। जिनको बताया गया कि आप इस समय जो फोन यूज कर रहे है वो चोरी का है। आपके पास इसके कागज नहीं है। ये फोन वापस कर दीजिए। जिसके बाद लोगों ने कोरियर और कई लोग खुद आए और फोन वापस करके चले गए। कुछ ऐसे भी लोग थे जिनको लीगल एक्शन के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद मोबाइल वापस किए गए।

**पिछले माह 200 मोबाइल किए वापस:** पिछले महीने भी 200 मोबाइल फोन इसी मिशन सहयोग के तहत लोगों को वापस दिलाए गए गए थे। डीसीपी ने बताया कि ये अभियान आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटों, बसों, सुबह-शाम टहलते समय मोबाइल गिर जाते थे या कहीं छूट जाते थे। जिनके सम्बन्ध में सेंट्रल नोएडा जोन के सभी थानों में गुमशुदगी दर्ज थी।

# मुख्यमंत्री योगी आज आएंगे नोएडा, ट्रैफिक पुलिस ने कई स्थानों पर किया रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आठ मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की वजह से ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान तैयार किया है। जिसमें तीनों जोन को शामिल किया गया है। साथ ही सभी मार्गों पर ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। ताकी ट्रैफिक उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

डीसीपी ट्रैफिक लखन सिंह यादव ने बताया कि नोएडा, सेंट्रल नोएडा और ग्रेटर नोएडा जोन मुख्यमंत्री का भ्रमण कार्यक्रम है। इस दौरान बीच में पड़ने वाले मार्ग ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे सेक्टर-93, 128, 132, 142, 143, 144, 145, 146, एक्सपो मार्ट, शारदा यूनिवर्सिटी के आसपास, एलजी गोल चक्कर, परी चौक, आईएफएस विला गोल चक्कर, पी-3, एच्छर चौक, होन्डा सीएल, गोल चक्कर सेक्टर-36 गोल चक्कर, सुपरटेक, नारायणा गोल चक्कर, जूवन गोलचक्कर, हायर कंपनी गोल चक्कर तथा दादरी क्षेत्र के एनटीपीसी मार्ग दादरी सिकंदराबाद वाले रोड पर कुछ समय के लिए वाहनों को रोका जाएगा। साथ ही रूट डायवर्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी कोई समस्या होती है तो ट्रैफिक पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9971009001 वाट्सऐप नं 7065100100 और एक्स अकाउंट @noidatraffic से संपर्क कर सकते हैं।

बता दें कि सरकारी व गैर सरक. ारी कार्यक्रम के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दादरी क्षेत्र के एनटीपीसी गेट पर 8 मार्च को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा अनावरण किया जायेगा। इस अवसर पर जनसभा का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक से पूर्व एनटीपीसी गेट पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण व जनसभा कार्यक्रम के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कार्यक्रम की समीक्षा की।

# खेल परिसर में तीन टेनिस कोर्ट बनकर तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप की तैयारियां जोरों पर हैं। अब तक तीन टेनिस कोर्ट अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनकर तैयार हो चुके हैं। दो का काम अंतिम चरण में है। बिल्डिंग की रंगाई-पुताई कर चमकाने का काम चल रहा है। शुक्रवार को प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने खेल परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया।

खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप 17 से 22 मार्च तक होगी। उदघाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित अन्य महत्वपूर्ण लोगों के आने की संभावना है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी सतर्क हो गए हैं। सीईओ ने टेनिस कोर्ट के साथ पूरे खेल परिसर की आंतरिक और आसपास की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों के बीच खेल परिसर की अच्छी छवि बन सके। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राकेश बाबू ने बताया कि खेल परिसर में पांच टेनिस कोर्ट अंत. रराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बने हैं। 17 मार्च से शुरू हो रही द्वितीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय सॉफ्ट चौंपियनशिप की तैयारियों के तहत अब तक तीन टेनिस कोर्ट को दुरुस्त किया जा चुका है, दो का काम चल रहा है।

अगले हफ्ते तक सभी पांचों कोर्ट तैयार हो जाएंगे। आयोजकों और खेल विशेषज्ञों से सुझाव लेकर यह काम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पांच टेनिस कोर्ट में से चार कोर्ट अभ्यास के लिए, जबकि एक कोर्ट मुख्य मुकाबले के लिए

> शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में होने वाली अंतराष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप के आयोजन के लिए तैयारी तेज कर दी गई है। चौंपियनशिप से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। टेनिस कोर्ट को अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। इस दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। बिजली, पानी और उद्यान के अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **अभिषेक पाठक, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

बनाया गया है। प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए बिजली से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

नई एलईडी लाइट लगाई जाएगी। पानी और उद्यान विभाग से संबंधित कार्य किए जाने हैं। परिसर में साफ-सफाई और रंगाई- पुताई का काम चल रहा है। चौंपियनशिप से पहले सभी तैयारियों का पूरा कर लिया जाएगा। टेनिस कोर्ट परिसर में 500-1000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है।

**25 देशों के 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे:** सॉफ्ट टेनिस चौंपियनशिप में भारत के अलावा कोरिया, जापान, थाईलैंड, फिलीपींस, कंबोडिया, वियतनाम, सिंगापुर, हंगरी, पोलैंड, मंगोलिया, जर्मनी, ब्राजील, मलेशिया, मकाओ, न्यूजीलैंड, चीन, ताइवान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालदीव सहित 25 देशों के लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को लगी गोली





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-126 नोएडा पुलिस को सूचना मिली की मोबाइल स्नैच करने वाले 03 बदमाश चोरी की 02 बाइक से कालिंदी कुंज की तरफ से नोएडा में वारदात को अंजाम देने आ रहे है। सूचना पर थाना सेक्टर-126 पुलिस द्वारा कालिंदी कुंज हाईवे पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की।

**तेज बाइक चलाकर बैरियर किया पार:** पुलिस ने बैरियर लगाकर दोनों बाइक को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार तीनों बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। बैरियर को पार करके नाले की पटरी यमुना घाट की तरफ निकलकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा करीब 300 मीटर तक पीछा किया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की। पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।

**दिल्ली और एनसीआर थे टारगेट:** घायल बदमाशों की पहचान इरशाद, नसीम और सुमित हुई। तीनों दिल्ली के शास्त्री पार्क के निवासी है। बदमाशों के कब्जे से छीने गए 05 मोबाइल फोन, 02 चोरी की बाइक 03 अवैध तमंचा बरामद किया गए। पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम लोग मिलकर चोरी की बाइक से राह चलते लोगों से चेन और मोबाइल स्नेचिंग करते है। हमारे द्वारा मोबाइल स्नैचिंग की कई घटनाएं की गई है। इन लोगों ने दिल्ली एनसीआर में कई स्थानों पर घटनाएं की है।

**चोरी की बाइक से करते थे लूटपाट:** बदमाशों से बरामद की गई बाइक चोरी की है। इसी बाइक से 25 फरवरी 2025 को सेक्टर-19 नोएडा स्थित बारात घर के पास से एक व्यक्ति से वन प्लस कंपनी का मोबा. इल फोन छीना थ। इसी मोबाइल के कवर में 2500 रुपए भी थे। इससे पहले जनवरी के महीने में भी सेक्टर-58 नोएडा से एक व्यक्ति से सैमसंग कंपनी का मोबाइल छीना था। घायल बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट के आरोपी को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को 130 मीटर सर्विस रोड पर हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद के ताजिम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से तमंचा, कारतूस, चोरी किए गए पांच मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी का एक साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि शुक्रवार दोपहर चेकिंग के दौरान बिना नंबर की काले रंग की बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति तिलपता गोल चक्कर की ओर से आते दिखे। जब पुलिस ने उन्हें रोकने का इशारा किया, तो वे भागने लगे और पुलिस



पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है। ताजिम का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ सूर. जपुर कोतवाली, फेज-3, धौलाना और हापुड़ सहित विभिन्न थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास से जुड़े कुल 16 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से एक मामला थाना सूर. जपुर में दर्ज धारा 305 बीएनएस का भी है। जिसमें चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मुठभेड़ में ताजिम का साथी अलीगढ़ का कृष्णा कुमार फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। कि फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए कांबिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### आश्रम में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित अपना घर आश्रम के नवनिर्मित मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण और श्रद्धाभाव के साथ की गई। भजन-कीर्तन और आरती से मंदिर में पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज, नानु राम जिंदल, निरंजन गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपना घर आश्रम बेसहारा, लावारिस, असहाय और बीमारियों से ग्रसित मरीजों की निशुल्क देखभाल करता है। इन्हें चिकित्सा, शिक्षा, भोजन, आवास, वस्त्र आदि सेवाएं प्रदान की जाती है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उम्मीद संस्था ने गुरुवार को चित्रकला प्रतियोगिता और महिला जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बादलपुर के दुजाना पब्लिक स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम, दीपांशु द्वितीय, खुशी तृतीया स्थान पर रहीं। इन्हें मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव, पर्यावरण प्रदूषण से भी अधिक खतरनाक है। उन्होंने सभी से बेटा-बेटी को समान शिक्षा और अधिकार देने का संकल्प लेने की अपील की।

### नोएडा मेट्रो में शानदार मौका! मोटी सैलरी के साथ जनरल मैनेजर पदों पर भर्ती

**नोएडा।** अगर आप मेट्रो में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आपके लिए बेहतरीन अवसर है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने जनरल मैनेजर (ऑपरेशंस और सिविल) के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार नोएडा मेट्रो की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। इसके बाद आवेदन प्रक्रिया बंद हो जाएगी।

### नाले में मिला युवक का शव

**नोएडा।** दो दिन से लापता 22 साल के युवक का शव छलेरा गांव स्थित एक नाले में मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जहां मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं होने का दावा कर रही है, वहीं मृतक के परिजन और स्थानीय लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौत के कारणों को जानने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

छलेरा गांव में रहने वाली युवती ने बताया कि उसका भाई विक्की सैनी पांच फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो इसकी जानकारी सेक्टर-39 थाने की पुलिस को दी गई। विक्की की तलाश की ही जा रही थी उसी दौरान उसका शव छलेरा गांव स्थित नाले में मिला। परिजनों ने शव की शिनाख्त विक्की के रूप में ही की।मृतक की बहन ने बताया कि उसका भाई चोरी के मामले में पूर्व में जेल जा चुका है। वह पेड़ों की कटाई और छंटाई का काम करता था। गुरुवार को वह सूरजपुर गया हुआ था। वहां से वह वापस नहीं आया। उस तक पहुंचने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से नशीले पदार्थ भी मिले हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। युवक बीते कुछ दिनों से किसी बात को लेकर तनाव में भी रहता था।

### कलेक्ट्रेट पर होने वाली महापंचायत स्थगित

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा ने आठ मार्च को कलेक्ट्रेट पर प्रस्तावित महापंचायत को स्थगित कर दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से सभी मुद्दों पर 20 मार्च से पहले वार्ता कराने का आश्वासन देने के बाद यह निर्णय लिया गया।

किसान संघर्ष मोर्चा से जुड़े संगठनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के दौरान महापंचायत का ऐलान किया था। इसे लेकर डीसीपी सेंट्रल नोएडा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने किसान नेताओं से दो दौर की वार्ता की। आश्वासन दिया कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएंगे। जमीन अधिग्रहण के एवज में 10 फीसदी भूखंड, आबादी निस्तारण, हाई पावर कमेटी की सिफारिशें सहित अन्य मांगों पर तीनों प्राधिकरणों के सीईओ, डीएम और पुलिस कमिश्नर के साथ 20 मार्च से पहले वार्ता सुनिश्चित की जाएगी। अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि प्रशासन के वादे पर महापंचायत स्थगित कर दी गई। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा का कहना है कि यदि प्रशासन अपने आश्वासन से पीछे हटा तो किसान मोर्चा मुख्यमंत्री के अगले दौरे पर बड़ा आंदोलन करेगा। इस मौके पर किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान,वीर सिंह नागर, शिशांत भाटी, भीम खारी, सतपाल खारी, प्रशांत भाटी, अजब सिंह नेताजी, जोगिंदर प्रधान, गुरप्रीत एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में अजनारा बिल्डर का कारनामा

■ लोन वाले फ्लैट को बेचा, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख में एक व्यक्ति ने अजनारा बिल्डर के निदेशक सहित कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने पहले दुकान बेचने के नाम पर उससे बुकिंग करवाई, बाद में दुकान नहीं दिया। दुकान के बदले उन्होंने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक फ्लैट दिया जिसके एवज में उसने करीब 50 लाख 31 हजार रुपए का भुगतान कर दिया। बाद में उसे पता चला कि उक्त फ्लैट पर अन्य लोगों ने लोन ले रखा है। घटना की रिपोर्ट दर्जकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।





थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सील कुमार सेठी निवासी कीर्ति नगर दिल्ली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने वर्ष 2020 में अजनारा सिटी सेंटर गाजियाबाद में एक दुकान बुक की थी। उक्त दुकान का बिल्डर कंपनी ने 41 लाख रुपए में सौदा तय किया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने 8 लाख रुपए दे दिया। शेष धनराशि कब्जा मिलने पर दिए जाना तय हुआ। पीड़ित के अनुसार बिल्डर कंपनी ने तय समय पर उसे दुकान नहीं दी। बार-बार तकादा करने के बाद कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार बाद में बिल्डर के लोगों ने कहा कि आप ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित अजानारा होम्स में एक फ्लैट ले लो। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें 50 लाख 31 हजार 908 रुपए में एक 1595 वर्ग फुट का फ्लैट दिया। पीड़ित के अनुसार 17 मार्च 2023 को उन्होंने फ्लैट बुक करके पूरी धनराशि बिल्डर को दे दिया। पीड़ित के अनुसार बिल्डर ने 1 नवंबर वर्ष 2023 को उसे पोजीशन लेटर दिया। बाद में पीड़ित ने उक्त फ्लैट को अखिलेश जोशी को बेचा। जब वह लोन करवाने गया तो उसे पता चला कि इस फ्लैट का पहला आवंटी शकील अहमद और नुसरत अहमद थे। उन लोगों ने उक्त फ्लैट के एवज में 52 लाख 39 हजार रुपए लोन ले लिया है। पीड़ित के अनुसार जब उसने बिल्डर कंपनी के लोगों से इस बाबत बात किया तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित ने इस मामले में बिल्डर अशोक कुमार गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, विवेक गुप्ता तथा कंपनी के अन्य कर्मचारी और अधिकारी को खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टप्पेबाजी कर महिला से लाखों की ज्वेलरी ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** योगा कर घर लौट रही महिला के साथ बदमाशों ने लाखों की ज्वेलरी की ठगी कर ली। टप्पेबाजों ने ज्वेलरी उतरवाकर कागज में नकली ज्वेलरी दे दी। जब महिला को टप्पेबाजी का पता चला तब पुलिस से शिकायत की। मामले में कोतवाली सेक्टर-113 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविटेक संप्रीती सोसाइटी निवासी चंद्र रेखा ने पुलिस से शिकायत की है कि वह बुधवार को रोज की तरह योगा क्लासेज गई थीं। जब वह वापस आ रही थी तब सोसाइटी के पास रास्ते में एक युवक मिल गया।

उसने कहा कि कुछ लोग आपको बुला रहे हैं। इस पर उन्होंने अनसुना कर दिया और आगे बढने लगीं। आरोप है कुछ दूर आगे चलने पर उसने जबरन रोक लिया और कहा बड़े साहब की बात सुन लो।पीड़िता ने आरोपी से कहा कि वह रास्ते में किसी की बात नहीं सुनतीं।

इसी दौरान आरोपी ने एक बाइक सवार युवक को रुकवाया। इसी बीच आरोपी ने फिर समझाना शुरू कर दिया। उसने कहा कि जेव. रात पहनकर मत निकला करो। रास्ता बहुत खराब है। कभी भी कोई घटना हो सकती है। इसके बाद आरोपी ने उनकी सोने की चूड़ी और सोनू की अंगूठी उतारकर कागज में रख दीं। कुछ दूर चलने पर पता वला कि कागज में असली नहीं नकली ज्वेलरी है।

# दो करोड़ में बनेगा शानदार स्टेडियम, दिन-रात हो सकेंगे मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र के रबूपुरा के युवाओं के लिए खुशखबरी है। रबूपुरा में दो करोड़ की लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि स्टेडियम के निर्माण के लिए नगर विकास विभाग से दो करोड़ रुपये का बजट पास हो गया है।

बताया गया कि पहली किस्त 74 लाख रुपये की जारी हो गई है। स्टेडियम के निर्माण से कई गांवों के युवाओं को लाभ मिलेगा। रामोत्सव क्रिकेट मैदान से सटी हुई जमीन पर स्टेडियम बनेगा। बाद में इस नए स्टेडियम और रामोत्सव क्रिकेट मैदान को एक कर दिया जाएगा।स्टेडियम में बास्केटबाल, फुटबाल, कबड्डी, शूटिंग रेंज व अन्य खेलों के लिए सुविधा होगी। विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रामोत्सव क्रिकेट मैदान में यमुना प्राधिकरण द्वारा फ्लड लाइट लगाई जाएगी। इससे दिन रात के मैच यहां हो सकेंगे। जेवर क्षेत्र के गोपालगढ़, भभोकरा व सिरसा माचीपुर गांव में भी जल्द स्टेडियम का निर्माण होगा। इन सभी स्टेडियम में बास्केटबाल, फुटबाल, कबड्डी, एथलेटिक ट्रैक, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल कोर्ट बनेंगे।

**खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय फलक पर लहराया परचम:** जेवर क्षेत्र के खिलाड़ी प्रवीण कुमार ने पैरालिंपिक में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर परचम लहराया। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा पहलवान जोंटी भाटी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताएं जीतकर जेवर का नाम रोशन किया है।

# सांसद ने जन औषधि केन्द्र का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने जन औषधि दिवस के अवसर पर गंगा शॉपिंग कांप्लेक्स स्थित प्रधानमंत्री की जन आकांक्षी योजना जन औषधि केंद्र में जाकर जन औषधि केन्द्र का जायजा लिया और साथ ही वहा आये हुये लाभार्थियों से बात की और औषधि केंद्र की जेनेरिक दवाइयां के गुणवत्ता और किफायती दामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं डाक्टर भी हूँ और इसलिए आप सभी लोगों को भरोसा दिलाता हूँ कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की दवाइयां बहुत उश्च गुणवत्ता की है जरूरतमंद मरीजों के लिए काफी कम खर्च पर उपलब्ध है। इन सभी केन्द्रों पर हर बीमारी के इलाज की दवाई मिलती है। लाभार्थियों ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की आभार प्रकट करते



है कि मोदी जी द्वारा प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां प्रदान करना है।

इस परियोजना के तहतए भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्रों की स्थापना की जा रही हैए जहां लोगों को दवाइयाँ न केवल सस्ती कीमतों पर उपलब्ध होंगीए बल्कि उश्च गुणवत्ता वाली भी होंगी। जन औषधि केंद्रों की शुरुआत से विशेष रूप से निम्न और मध्य वर्ग के नागरिकों को लाभ होगा। यह केंद्र दवाइयोंए मेडिकल उपकरणों और आयुर्वेदिक उत्पादों को आम जनता के लिए एक सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराएंगे। यह पहलए गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को महंगी दवाइयों से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई हैए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सभी तक हो सके। प्रधानमंत्री मोदी जी के आव्हान पर जब जन औषधि केंद्र की घोषणा हुई तब नोएडा शहर का पहला प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र गंगा शापिंग कांप्लेक्स में 8 वर्ष पूर्व अनूप खन्ना जी ने शुरू किया गया और सुनिश्चित किया गया कि यहां पर जेनेरिक दवा के अलावा और कुछ भी नहीं मिलता है। इस अवसर पर सभी महिलाओं को सैनिटरी नैपकिंस सभी लोगों को वस्त्र भी प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, रोहित शर्मा, विपुल जोहरी, अमित कुमार, नोडल अधिकारी जन औषधि केन्द्रए राकेषए अमन आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आज राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में 8 मार्च को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# प्लाट पर कब्जे को लेकर मारपीट, कोतवाली में व्यापारियों का हंगामा

**व्यापारियों ने कब्जा करने वाले लोगों पर लाइसेंसी रिवाल्वर, सोने की चेन व कड़ा छीनने का लगाया आरोप, पुलिस ने तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट, तीन को हिरासत में लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र में कैराना रोड पर प्लाट पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट व हंगामा हुआ। मारपीट में दो व्यापारी भाई घायल हो गए। घायलों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाइसेंसी रिवाल्वर, सोने की दो चेन और हाथ का सोने का कड़ा छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। हालांकि बाद में रिवाल्वर मिलना बताया गया। व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा करते हुए धरना दिया और पुलिस से प्लाट पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने तीन नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

शुक्रवार दोपहर को कैराना रोड पर कुछ लोगों ने जेसीबी आदि के साथ पहुंचकर एक प्लाट की चारद. ीवारी आदि को गिरा दिया। इसकी जानकारी मिलने पर गगन विहार निवासी दो भाई रजत गर्ग व अंकित गर्ग मौके पर पहुंचे और प्लाट का बैनामा अपने नाम होना बताते हुए विरोध किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच मारपीट व पथराव हो गया। हमले में दोनों भाई घायल हो गए। घायलों का सीएचसी में उपचार कराया गया। दोनों पक्षों ने प्लाट पर अपना-अपना हक जताया। इसके बाद शहर के व्यापारी बड़ी संख्या में इकठे होकर कोतवाली पहुंचे। उनके साथ पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल और व्यापारी नेता अंकित गोयल कोतवाली भी पहुंचे। कोतवाली में व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी का घेराव करते हुए हंगामा प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कहा कि उनके प्लाट पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की, जिन्हें रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने व्यापारी दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। इस मामले में राजीव गर्ग की तरफ से दी गई तहरीर में बताया कि 40-50 लोगों ने उनके प्लाट पर जेसीबी, ट्रैक्टर आदि कब्जा करने की कोशिश की और विरोध करने पर उसके भाई रजत व अंकित गर्ग को लाठी डंडों व ईंट पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। आरो. पियों ने अंकित का लाइसेंसी रिवाल्वर छीन लिया। इसके अलावा अंकित की सोने की चेन, हाथ का सोने का कड़ा, रजत की सोने की चेन छीन ली। हालांकि बाद में रिवाल्वर मिल गया। इस मामले में पुलिस ने





तीन लोगों को हिरासत में लिया है। राजीव की तहरीर पर पुलिस ने संजीव सैनी, प्रवीण व विरेंद्र और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। करीब तीन घंटे तक व्यापारी कोतवाली में जमे रहें और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद धरना समाप्त कर घर चले गए।

# स्वच्छता व अनुशासन की थीम पर शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की थीम स्वच्छता एवं अनुशासन रही। जिसमें स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा छात्र जीवन में अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डाला।

शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रफेसर आरपी सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डा। रोहित राणा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया, जिससे उनमें नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ। पूर्व प्रफेसर आरपी सिंह ने स्वयंसेवकों को संबो. धित करते हुए विस्तारपूर्वक बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के



जीवन में कैसे सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने छात्र जीवन में स्वच्छता एवं अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ए दोनों न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि समाज को भी स्वस्थ और संगठित बनाने में सहायक होते हैं। उद्घाटन सत्र के पश्चात, स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, गलियारों, उद्यानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। इसके साथ ही, उन्होंने जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता एवं अनुशासन से संबंधित संदेश लिखे और पोस्टर लगाए।

## कॉलेज में पाठन का कार्य किया

**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में एनएसएस के तत्वाधान में माननीय कुलाधिपति की प्रेरणा से पढ़े विश्वविद्यालय, बढे विश्वविद्यालय एवं पढे महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम के अन्तर्गत पुस्तक पाठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वास्तिक के आकार में बैठी व पुस्तकों का पाठन किया।

# गढ़ी पुख्ता क्षेत्र में चोरों का आतंक, किसानों के ट्यूबवैल के पंखे चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी पुख्ता थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में चोरों ने किसानों को निशाना बनाया है। गढ़ी अब्दुल्ला खां चौकी क्षेत्र के गांव गन्देवड़ा में बीती रात चोरों ने खेतों में रखे ट्यूबवैल के पंखे चोरी कर लिए।

मिली जानकारी में गांव के किसान परविंदर कुमार, बुल्लू और सत्येंद्र सुबह करीब 11 बजे अपने खेतों पर पहुंचे, तो वहां से टड्ूबवेल के पंखे गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी पंखों का कोई सुराग नहीं मिला। किसानों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और जल्द से जल्द चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की।

**पुलिस ने दिया 24 घंटे में कार्रवाई का भरोसा**

गढ़ी अब्दुल्ला खां चौकी इंचार्ज गौरव चौहान ने किसानों को आश्वासन दिया कि 24 घंटे के अंदर चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम सक्रिय रूप से इलाके में जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

# शिक्षा से ही रोजगार के नए अवसर खुलेंगे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के हिन्दू महिला महाविद्यालय में पढे विश्वविद्यालय, बढे महाविद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को कक्षाओं में न पढ़ाकर उन्हे कॉलेज प्रांगण में एक घण्टे की केवल पुस्तक की रीडिग कराई गई। शुक्रवार को प्राचार्या मंजू गर्ग ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है बल्कि उसे जागरूक, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भी बनाती है। शिक्षा रोजगार के लिए नए अवसर खोलती है। भारत ने पिछले कुछ दशको में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने डिजिटल शिक्षा को बढावा देने और उच्च शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा कई प्रयास किए गए है। पढे भारत, बढे भारत केवल एक नारा नही बल्कि भारत के उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। जब देश का हर नागरिक शिक्षित होगा। देश प्रगति के नए आयाम छुएगा।

प्राचार्या डा. मंजू गर्ग ने कहा कि हमें प्रतिदिन अपनी दिनचर्या से मोबाईल से हटकर अपनी पढने की क्षमता को बढ़ाने के लिए किताबों का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिए। इस पहल का उदेश्य देश के हर कोने में शिक्षा को सुलभ समावेशी और गुणवत्ता पूर्ण बनाना है। इसके साथ ही सभी छात्राओं को दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई।

# बेहतर साफ-सफाई रखने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद सभागार में उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा व स्वायत शासन कर्मचारी संगठन यूनियन के संयुक्त रूप से बैठक हुई, जिसमें शामली महोत्सव के अंतर्गत बेहतर साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया गया।

यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अमित तेश्वर, अश्वनी तेश्वर, विनोद निर्वाल ने अपने विचार रखे। कहा कि चेयरमैन अरविंद संगल एवं ईओ विनोद कुमार सोलंकी, सफाई खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी द्वारा जो आदेश दिए गए है उसका पालन किया जाएगा। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अपने जनपद शामली को नंबर-1 बनाना है।

हमारे सभी सफाई मित्रों की ओर से एक कदम स्वच्छता की ओर अच्छी साफ सफाई काली, चु्न्ना व कलर से रंगोली बनाकर बाहर से आए हुए अतिथियों व शहर वासियों का भव्य रूप से स्वागत करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य संरक्षक दीपक चंद्रा, पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र कुमार बिडला, अनुज चावला, अश्वनी पारचा, संजय बिड़ला, धर्मेंद्र झंझोट, जितेंद्र चंद्रा, मोहम्मद हाशिम, जाकिर हुसैन, जितेंद्र टांक, जोगेश पाहिवाल, दीपक बिडला, विनोद कुमार कंडेरा, अरविंद कुमार, सचिन तेश्वर, संदीप कुमार सौदाई, मनीष गहलोत, प्रमोद कुमार कंडेरा, वसीम मलिक, साजिद अहमद, आशीष आदि मौजूद रहे।

# दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की दिलाई शपथ

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, सद्भावना कल्चरल क्लब, रेंजर्स विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाध्धान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृजभूषण द्वारा छात्राओं को श्दहेज मुक्त भारतश एवं नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। 108 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय के 10 प्राध्यापक उपस्थित रहे। प्राचार्य ने छात्राओं को दहेज एवं नशे की लत के दुष्परिणाम बताते हुए प्रतिभागी छात्राओं को गूगल फॉर्म पर पंजीकरण करने से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रकोष्ठ की सहसंयोजिका डॉक्टर दीप्ति चौधरी



द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार, डॉ बृजेश राठी, डॉ रामायन राम, रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर श्याम बाबू, डॉ विनीता आदि उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा, विरोध करने वालों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** जनपद शामली के ग्राम जाफरपुर में दबंगई का एक नया मामला सामने आया है, जहां संजय पुत्र धर्मसिंह पर आरोप है कि उसने अपने घर के बाहर सार्वजनिक सड़क पर स्लैब रखकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया है। जब स्थानीय निवासियों ने इसका विरोध किया तो संजय ने न केवल गाली-गलौच और मारपीट पर उतारू हो गया, बल्कि ग्रामीणों को झूठे मुक. दमों में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामवासियों अरविंद पुत्र कैलाश चंद, सुरेश पुत्र नकली सिंह, बिजेंद्र पुत्र बाबूराम समेत अन्य लोगों ने संजय से यह पत्थर हटाने की मांग की थी। लेकिन संजय, जो पहले भी विवादों में रह चुका है, पर आरोप है कि उसने ग्रामीणों को झूठे बलात्कार के केस में फंसाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।ग्रामीणों का कहना है कि संजय की दबंगई से क्षेत्र में आतंक और भय का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को इस पूरे मामले को लेकर प्रभावित ग्रामीणों ने थाना थानाभवन में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



# होली पर्व से पूर्व खाद्य विभाग की टीम पहुंची जांच को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उद्दप्रद्द लखनऊ एवं जिलाधिकारी, जनपद शामली के आदेशानुसार होली पर्व के .ष्टिगत सहायक आयुक्त द्धखाद्यऋ द्वितीय शामली पंकज कुमार के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामली विनोद कुमार राय के नेतृत्व में छापामार दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करते हुए आज दिनांक 07।03।2025 को जनपद शामली में विशेष अभियान चला कर जांच हेतु नमूने संग्रहीत किए गए जिनका विवरण निम्न प्रकार है-जनपद शामली के शामली तहसील के कस्बा एलम स्थित नौशाद अली की निर्माणशाला से मावा, एवं शामली तहसील के कस्बा बनत स्थित राजू की निर्माणशाला से मावा का एक-एक नमूना संग्रहीत किया गया।



संग्रहीत नमूनों को जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। राजकीय प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। लगातार आमजनमानस से अपील की जा रही है कि रंगीन कचरी, चिप्स रंगीन मिठाईयों व वर्क लगी हुई मिठाईयों का सेवन न करें। यदि मिलावट से सम्बन्धित कोई जानकारी मिले तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को अवगत कराएं। छापामार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, प्रमोद कुमार जयंत, कुंवर पाल सिंह एवं अनन्त कुमार उपस्थित रहे। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन**

**थाना भवन।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर थाना भवन थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने की, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में पुलिस ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जिसे सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना आवश्यक है। उन्होंने शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने, हुड़दंग से बचने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने यह भी बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और गश्त बढ़ाई जाएगी। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को अपने सुझाव दिए और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण संपन्न होगा। चेयरमैन पति हाजी राव जमश. ेद, देवेंद्र पंडित सभासद, डॉ आसिफ ,जय भगवान सभासद,अंसार, हाजी सत्तार, डॉक्टर तोहिद, बृजेश बाल्मीकि नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग शायर सरवर नगीनवी का निधन

**नगीना।** वयोवृद्ध नेता व समा. जसेवी तथा उर्दू के बुजुर्ग शायर सरवर नगीनवी का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार की दोपहर दिल्ली के एक हॉस्पिटल में निधन हो गया है। शहर से सटे गांव कस्बा कोटरा निवासी सरवर नगीनवी 72 वर्ष के थे। शुक्रवार को जोहर की नमाज के बाद उनका दफीना किया गया। सरवर नगीनवी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में रहने वाला उनका बेटा उनको इलाज के लिए दिल्ली ले गया था।

# जरूरतमंद लोगों का फ्री हेल्थ चेकअप

**शामली।** आज दिनांक 07 मार्च 2024 दिन शुक्रवार को समर्पण सेवा ट्रस्ट एवं जगत बंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए तृतीय फी मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प एवम् सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन शामली के ग्राम खानपुर में प्रमुख समाज सेवी राहुल जावला जी के निवास स्थान पर किया गया। कैम्प में 280 मरीजों की जॉच की गई जिनमे से 22 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, कैम्प में महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों एवं बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज मुजफ्फरनगर के विशेषज्ञों के द्वारा सभी मरीजों की फी जॉच की गई, एवं सभी मिरीजी को फी दवाईयां भी वितरित की गई, सभी मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन संस्था द्वारा महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून में फी कराया जाएगा। कैम्प में संस्था के अध्यक्ष अमन नामदेव जी ने बताया की संस्था का उद्देश्य गरीब बेसहारा व्यक्तियो तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराना है, संस्था निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में अग्रसर है। शिविर में उपस्थित रहे महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के ब्रांड एंबेसेडर सुमित प्रजापति जी ने कहा कि महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून के माध्यम से महंत देवेंद्र दास जी महाराज के आशीर्वाद से अभी तक 45000 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों की आंखों के फी ऑपरेशन कराए जा चुके है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से लोगों की सेवा करने असीम सुख की अनुभूति होती है। कैम्प में उपस्थित रहे संस्था के जिला अध्यक्ष संदीप उपाध्याय,राहुल जावला, राहुल बेदी, नमन नामदेव, डॉ प्रशांत शर्मा, पुनीत कुमार, रेणु देवी, रेखा देवी सचिन नामदेव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# हर बुराई से बचाती है नमाज: मौलाना आकिल

**कांधला।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ अदा की गई। इस दौरान सुरक्षा की .ष्टि से मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज कस्बे और क्षेत्र की मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ अदा की गई। शुक्रवार के दिन बाजारों में भारी चहल-पहल नजर आई। कस्बे की नई बस्ती में स्थित हमजा मस्जिद में कारी फरमान ने जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों को खिताब करते हुए फरमाया कि रमजान का महीना बा बरकत महीना है। इस महीने में शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान के महीने में इंसान को जमकर खुदा की इबादत करनी चाहिए। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत स्थित मदरसा जामिया बदरुल उलूम में हजरत मौलाना आकिल साहब ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को खिताब करते हुए फरमाया कि रोजा रखना फर्ज है। इंसान को रमजान के मुबारक महीने में रोजे रखना चाहिए और उनका एहतमाम करना चाहिए। नमाज इंसान को हर बुराई से बचाती है। हमें नमाज की पाबंदी करनी चाहिए। अल्लाह ताला ने कुरान में फरमाया है कि रोजे का बदला अल्लाह ताला खुद देंगे। रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह ताला इंसान की नेकी को डबल कर देते हैं। इस दौरान मस्जिदों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## ट्यूबवैलों से चोरी का सामान बरामद किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत हिरनवाड़ा स्थित टड्ूबवेलों से स्टार्टर, नलकूप उपकरण आदि चोरी करने के मामले में 8.1.2025 को चन्द्रपाल सिंह पुत्र जगमाल सिंह व सरजीत सिंह टीका सिंह निवासीगण हिरनवाडा थाना बाबरी जनपद शामली ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना बाबरी पर तहरीर दाखिल की थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना बाबरी पुलिस द्वारा एक चोर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से चोरी किए हुए दो टुटे हुए स्टाटर, दो स्टाटर के नीचे के ढक्कन, तीन कटआउट व दो स्टार्टर ओपरेटर है। युवक बालकिशन पुत्र पहल सिंह है।

# नहाते समय देखने का महिला ने लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही तीन युवकों पर नहाते समय बुरी नजर से देखने का आरोप लगाया है।पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर तीनों युवकों ने पीड़िता व उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर के आंगन में बने स्नान ग्रह में नहा रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही तीन युवक पीड़िता की छत पर पहुंचे और पीड़िता को नहाते हुए बुरी नजर से देखने लगे।जैसे ही पीड़िता की नजर तीनों युवकों पर पड़ी तो पीड़िता ने विरोध किया। आरोप है कि तीनों युवकों ने पीड़ित महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच शोर शराबा सुनकर पीड़िता का पति भी मौके पर आ गया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता के पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच पर कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग को ले जाने में अभियुक्त पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया। ज्ञात हो कि थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा दिनांक 5.3.2025 को थाना कोतवाली शामली पर लिखित तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 7.32025 को पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# रमजान के पहले जुमे में पुलिस रही अलर्ट

## मस्जिदों के बाहर ड्रोन से हुई निगरानी, अधिकारियों ने ली पल-पल की खबर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे पर शहर में सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा, वहीं संवेदनशील इलाकों में पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही और ड्रोन से निगरानी की गई। वहीं मेरठ शहर के संवेदनशील इलाके हापुड़ अड्डे, इमलीयान, लिसाड़ी गेट, भूमिया का पुल, ईद चौपला, सोतीगंज, देहली गेट, कोतवाली, मेहताब आदि जगहों पर पुलिस तैनात रही और ड्रोन कैमरों से निगरानी की। बड़ी मस्जिदों के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल को शहर के विभिन्न हिस्सों में तैनात किया गया। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी लगातार गश्त करते रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। बड़ी मस्जिदों में नमाजियों की अधिक संख्या को देखते हुए विशेष व्यवस्था की गई। सभी सुरक्षा इंतजामों के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई, जिससे पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### एडीजी ने लिया सुरक्षा का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एडीजी ध्रुवकान्त ठाकुर ने शुक्रवार को मेरठ की सड़कों पर उतरकर सुरक्षा का जायजा लिया। मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है ऐसे में पहले शुक्रवार को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही साथ ही ,अगले शुक्रवार को होली का त्यौहार है इसको लेकर जगह-जगह पुलिस ने एडीजी के निर्देश पर अलग-अलग धर्म के लोगों से बैठकर वार्ता की और बताया कि सभी त्योहार शांति और तरीके से मनाए। शुक्रवार पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है क्योंकि रमजान में जुम्मे का दिन होगा और होली का दिन दोनों एक साथ होंगे। ऐसे में एक छोटी सी घटना भी बड़ा रूप ले सकती है इसको लेकर पुलिस और सामाजिक लोग मैदान में डटे हुए हैं। ध्रुवकान्त ठाकुर ने कहा कि पहला जुम्मा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है।

# होली से पहले नकली शराब का जखीरा पकड़ा

## ब्रांडेड बोतलों में भरी जा रही थी नकली शराब, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होली से पहले पुलिस ने एक बड़े अवैध शराब रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुभाष नगर में एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में पुलिस ने चुन्नीलाल के मकान से बड़ी मात्रा में नकली शराब बरामद की है।

पुलिस को हापुड़ एसओजी से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। छापेमारी में 15 पेटी शराब के साथ विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के स्टिकर और बोतलों के कैप बरामद किए गए। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से इस धंधे में संलिप्त थे। वे नकली शराब को ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में भरकर मेरठ और आसपास के जिलों में सप्लाई कर रहे थे। होली के त्यौहार को देखते हुए आरोपी बड़े पैमाने पर नकली शराब की सप्लाई की तैयारी कर रहे थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस नकली शराब रैकेट में और कौन-कौन शामिल है और इसका नेटवर्क कहां-कहां तक फैला है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। सिविल लाइन थाना



क्षेत्र के सुभाष नगर में अवैध शराब का गोदाम काफी समय से चल रहा है क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सिविल लाइन पुलिस की सेटिंग के बिना कितना बड़ा गोदाम चलना मुमकिन नहीं है जो सिविल लाइन थाना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

# आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पर हमले का किया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उड़ीसा में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह के कार्यक्रम के दौरान एबीपी कार्यकर्ताओं के हमले करने का कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विरोध कर दिया। उनका कहना था कि इस हमले की सीबीआई जांच कराई जाए और चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाई जाए। भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला संयोजक लवी प्रधान खजूरी ने बताया की भुवनेश्वर ओडीशा में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा के दौरान एबीवीपी के सदस्यों ने जो गुंडागर्दी कर विरोध प्रदर्शन किया और उन पर जानलेवा हमला किया लगभग 250 की संख्या में आए इन असामाजिक तत्वों ने कार्यक्रम स्थल पर पथराव भी किया। हिंसा बढ़ गई और कई वाहनों को नुकसान भी पहुंचा इस दौरान शान मोहम्मद ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कराई जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# एकेडमी में लगी आग, सभी दस्तावेज जलकर हुए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानीखुर्द।** सिवाल खास कस्बे में स्थित न्यू सिवाल एकेडमी के कार्यालय में शुक्रवार शाम 5 बजे आग लग गई। घटना में न्यू सिवाल एकेडमी कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज जल गए। आग लगने के बाद करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। रिकॉर्ड रूम में रखी फाइलें जल गईं। एकेडमी के अध्यक्ष मोहम्मद चांद ने बताया कि उन्होंने दोपहर 3 बजे एकेडमी बंद की थी और करीब 5 बजे फोन आया कि आपके कार्यालय में आग लग गई है। उन्होंने आकर देखा तो आग काफी भीषण हो चुकी थी जिसमें एकेडमी कार्यालय के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज जल गए। मोहम्मद चांद ने बताया कि उन्हे किसी पर कोई शक नहीं है क्योंकि एकेडमी के सभी दरवाजे बंद थे। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पता चलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# बसपा को फिर से मजबूत बनाने की कवायद शुरू

## शमशुद्दीन राइन व मंडल के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बहुजन समाज पार्टी की मेरठ मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय पर हुई जिसमें पिछले कार्यों की समीक्षा की गई दिशा निर्देश दिए गए सभी कार्यकर्ता को विधानसभा के चुनाव की तैयारी में जुड़ने का आह्वान किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी शमसुद्दीन राइन ने बहन जी के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया इसके अंतर्गत अब पार्टी के मंडल स्तरीय पदाधिकारी प्रत्येक सेक्टर और बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं की मीटिंग कर कैडर करेंगे, तथा संगठन को मजबूत करेंगे। मेरठ मंडल प्रभारी भीमराव अंबेडकर पूर्व एमएलसी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना है और आगामी विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को जिताना है। इस मौके पर मंडल प्रभारी मोहित आनंद, सतीश प्रधान, जिला अध्यक्ष सुभाष प्रधान, शाहजहां सैफी, एडवोकेट अनिल प्रधान एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष हसमत मलिक, धीर सिंह, हेमंत प्रधान, मोहित जाटव, पुष्पेंद्र जाटव, ओमपाल खादर, कुंवर पाल , बाबूराम जाटव, प्रबुद्ध जाटव, कांति प्रसाद, ऋषि गौतम, तरुण दयाल सभी मंडल के जिला अध्यक्ष जिला कमेटी विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा कमेटी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सीने पर अखिलेश का टेटू बनवाकर कलक्ट्रेट पहुंचा कार्यकर्ता, सौंपा ज्ञापन

- दलितों पर हो रहे उत्पीड़न का किया विरोध
- टेटू देखकर युवक ने की कार्यकर्ता से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलक्ट्रेट में अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। सपा के विनोद जाटव ने गले में मटकी और पीछे झाड़ू बांधकर प्रदर्शन किया। दर्शन समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिन विनोद जाटव ने अपने शरीर पर अखिलेश का टैटू बनवाया था जिसको लेकर उनकी पिटाई कर दी गई। विनोद जाटव ने बताया कि कल देर शाम वह ब्रह्मपुरी में थे और उनकी शर्ट का बटन खुला हुआ था। शरीर पर बना टैटू दिखाई दे रहा था तभी एक युवक विपिन आया और उसने अखिलेश का टैटू देखा और अपने कुछ साथियों को बुलाया और विनोद जाटव की पिटाई शुरू कर दी और टैटू हटवाने की धमकी दी। इसके बाद विनोद जाटव ने थाने में विपिन के नाम की तैयारी दी, लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की।

जिसको लेकर विनोद जाटव ने अपने गले में मटकी डालकर और



सपा कार्यकर्ता डीएम ऑफिस पर

पीछे झाड़ू बांधकर अनोखा प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और वहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि यूपी में दलितों पर अत्याचार हो रहा है उनकी जान चिंताजनक बनी हुई है मूंछों से लेकर बारात तक दलितों को पीटा जा रहा है। विनोद जाटव ने कहा कि वह अखिलेश को अपना आदर्श मानते हैं इसलिए उन्होंने अपने सीने पर उनका टैटू बनवाया था।

# कार्यकर्ताओं के मुकदमे खत्म कराने के लिए डीएम से मिले विधायक अतुल प्रधान

## जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी रहे साथ, मजबूती से प्रशासन में रखी अपनी बात

- प्रदर्शन के दौरान हुआ था 50 सपाइयों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम कालंदी में दलित समाज की बारात पर ठाकुर समाज के लोगों द्वारा किए गए हमले के बाद समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में सपाइयों ने मेरठ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था इस दौरान कुछ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एडीएम से झड़प हो गई थी। जिसके बाद एडीएम ने 50 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज कराई थी, मुकदमा दर्ज होने के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में ही आपस में फूट देखने को मिली। एक तरफ जिला अध्यक्ष सारा ठीकरा शेर जाट नाम के कार्यकर्ता पर लगा रहे थे तो वहीं शेरा जाट ने भी जिला अध्यक्ष की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि वह कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरा रहे हैं और प्रशासन के साथ सांठगांठ करके प्रदर्शन कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को पिटवा रहे



कलक्ट्रेट पर मुकदमों का विरोध करते सपा नेता।

हैं। इसी मामले में सपा जिला अध्यक्ष मेरठ के डीएम और एसएसपी से मिले थे और उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हुए मुकदमे को खत्म करने की बात रखी थी लेकिन उन्हें प्रशासन की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं मिला।

जिसके बाद अब वह सरधना विधायक अतुल प्रधान के साथ डीएम से मिलकर आए। उन्होंने अपनी सारी बात डीएम से रखी जिसके बाद डीएम ने आश्वासन दिया कि वह जांच कराएंगे और उसके बाद ही मुकदमों को लेकर कुछ बताएंगे। अतुल प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का सबको अधिकार है और जिस बात को लेकर समाजवादी पार्टी के लोग प्रदर्शन कर रहे थे वह वाजिब थी। दलित समाज के ऊपर हुए हमले में पुलिस ने वह कार्रवाई नहीं की जो होनी चाहिए थी फिलहाल अतुल प्रधान भी डीएम से पार्टी के कार्यकर्ताओ पर हुए मुकदमों को खारिज करने की गुहार लगाकर आए हैं। लेकिन डीएम वीके सिंह के तेवर बता रहे हैं कि वह अभी मुकदमा खारिज करने के मूड में नहीं है हालांकि यह मुकदमा सपाईयों को फायदा पहुंचाने से ज्यादा नुकसान देता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि जिस तरीके से सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ही ठीकरा फोड़ा उससे समाजवादी पार्टी के लोग बेहद नाराज हैं, उनका कहना है कि जिला अध्यक्ष कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की जगह उनका मनोबल गिरा रहे हैं और पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। समाजवादी पार्टी में फिलहाल इस मुकदमे को लेकर हलचल तेज है। हालांकि जिला अध्यक्ष इस चीज को नकार रहे हैं उनका कहना है कि जितने भी लोग आए थे सब हमारे लोग थे लेकिन किसने क्या कहा या फिर क्या वजह रही इसकी जांच पार्टी स्तर से भी वह खुद कर रहे हैं लेकिन फिलहाल पार्टी के कार्यकर्ताओं को बेवजह के मुकदमों से बचाना है और वह इसी के प्रयास में लगे हैं कि समाजवादी पार्टी के लोगों पर जो मुकदमे हुए हैं वह खत्म हो जाए और यही उनका प्रयास है।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर दसवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** दसवीं की छात्रा ने ब्लैकमेलिंग से तंग आकार गुरुवार को फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने घटना सूचना पर पहुंचे अधिकारियों का घेराव कर हंगामा किया था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बदनामी का डर दिखा कर पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए। घटना को दबाने के लिए परिजनों को उल्टा डराना धमकाना शुरू कर दिया था। छात्रा की मौत की जानकारी उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य को लगी तो सदस्य ने मौके पर पहुंच जानकारी की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव जंगैठी सरधना रोड दंपती के चार बच्चे हैं। उनकी सबसे बड़ी पुत्री कक्षा दस की पढ़ाई कर रही थी।

चार मार्च को विज्ञान की परीक्षा के बाद सात मार्च को अंग्रेजी की परीक्षा थी। मृतका की मां का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले शिवा पुत्र राकेश दसवीं में पढ़ने वाली उनकी बेटी का स्कूल, ट्यूशन आते जाते पीछा करता था। जिसकी शिकायत बेटी ने परिजनों से कि थी उन्होंने युवक के परिजनों को इसके बारे में बता कर विरोध किया था। लेकिन युवक ने उनकी बेटी का पीछा करना नहीं छोड़ा, आरोपी ने छात्रा के चोरी छिपे फोटों खींच लिए थे



फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता था। मां के नंबर पर कॉल करके रिकॉर्डिंग की हुई थी। बेटी को बदनाम करने की धमकी देता था। बेटी ने युवक की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी उस समय घर में कोई नहीं था सब अपने काम से घर से बाहर थे। घर पहुंचने पर देखा कि युवती पंखे से लटकी हुई हैं। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतरा। परिजनों ने पुलिस को छात्रा के आत्महत्या का कारण पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा परेशान करना बताया।

पुलिस ने यह बात सुनकर उल्टा परिजनों को समाज में बेइज्जती का डर दिखाकर पोस्टमार्टम बिना कराए अंतिम संस्कार करने की बात कहने लगी। किसी ने इसकी सूचना महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला को दी। मीनाक्षी भराला के पहुंचते ही पुलिस हरकत में आई और शव पोस्टमार्टम को भेजा। शुक्रवार की दोपहर को छात्रा के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया कि जब तक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर करके गिरफ्तार नहीं किया जाएगा शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विनय कुमार, दौराला प्रकाश चंद अग्रवाल ने आरोपी युवक पर कठोर कार्रवाई करने का आश्वा. सन देकर शव का अंतिम संस्कार कराया। पुलिस ने आरोपी के परिजनों को हिरासत में ले लिया है।

# विश्व महिला दिवस पर नारी तू नारायणी का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को शहर की विभिन्न सामाजिक संगठनों की महिलाओं ने विश्व महिला दिवस पर नारी तू नारायणी का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने आसाराम बापू द्वारा प्रेषित महिला उत्थान मंडल मेरठ द्वारा 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष में एक ज्ञापन भी सौंपे जिसमें उनका कहना था कि निर्दोष संतो पर हो रहे षड़यंत्र की भ्रत्सना करते हुए महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि संत श्री आसाराम बापू ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। महिलाओं में आत्म बल आत्मविश्वास साहस के गुना को विकसित करने के लिए महिला उत्थान मंडल का गठन किया है।




इस दौरान महिलाओं ने बताया कि देशभर में महिला मंडल द्वारा महिलाओं की विकास हेतु महिला योग साधना शिविर, गर्भपात रुको अभियान, दिव्या शिशु, गर्भ संस्कार, तेजस्विनी भाव अभियान, आध्यात्मिक जागरण, शिशु चिकित्सा सेवा, कैदी उत्थान कार्यक्रम, कारगर तुलसी लगा हुआ अभियानख आसाराम बापू की प्रेरणा से चलाए जाते हैं। ज्ञापन यात्रा में श्री योग वेदांत सेवा समिति महिला उत्थान मंडल की सभी सदस्य मौजूद रही।

# महिलाएं कौशल क्रांति में दे रही हैं योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के दूर-दराज के इलाकों में मूक क्रान्ति आ रही है आज महानगरों के दायरे से बढ़कर छोटे शहरों में भी कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। कई राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, जम्मू कश्मीर और राजस्थान में निरंतर बदलाव आ रहे हैं, जहां महिलाएं सामाजिक बाधाओं का सामना करने के लिए कौशल का लाभ उठा रही हैं। इस दृष्टि से स्किल इंडिया डिजिटल हब एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, जो देश भर में यह बदलाव लाने में मदद कर रहा है। वेद मणि तिवारी के नेतृत्व में एनएसडीसी देश भर की महिलाओं के लिए कौशल को अधिक सुलभ बना रहा है।

# फरजाना मकसूद सहित 51 महिलाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को 1857 के क्रांतिनायक शहीद धनसिंह कोतवाल शोध संस्था द्वारा आईएमए भवन में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य करने वाली 51 महिलाओं को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीडीओ नूपुर गोयल ने कहा कि आज पूरी दुनिया में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधें से कंधा मिलाकर चल रही है। यही वजह है कि जिस देश की महिलाएं सशक्त होकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगी तो वह देश भी तरक्की करेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता फरजाना मकसूद, कैप्टन लता कुमार, डॉ. हीमा, एकता चौधरी, सविता सिंह, ममता भाटी, डॉ. नीलम आदि को सम्मानित किया गया। शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि 51 उन महिलाओं का सम्मान किया गया है, जिन्होंने क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल तथा अन्य क्रांतिकारियों पर शोधकार्य, शिक्षा उत्थान, खेल, चिकित्सा, व्यवसाय, कृषि, कला, विज्ञान, प्रबंधन, पत्रका. रिता, योग, समाजसेवा तथा महिला उत्पीड़न बचाव कार्य आदि के क्षेत्र में नारी सशक्तिकरण हेतु उत्कृष्ट प्रेरणादायक कार्य किया है। यह कार्यक्रम क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल की संघर्ष गाथा एवं शहादत को नमन है।

# वाहन की टक्कर से परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार की दोपहर को परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों को एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया और एक की मौके पर ही मौत हो गई। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के अनुसार तुषार पुत्र संजय, यश पुत्र पवन मेरठ पांचली सर्वोदय इंटर कॉलेज में इंटर की परीक्षा देने गए थे जैसे ही परीक्षा देने के बाद वह बागपत फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें तुषार घायल हो गया और यश की मौके पर ही मौत हो गई। सुचना पाकर पहुंचे कार्यवाहक थाना प्रभारी कपिल चौधरी में जांच पड़ताल की ओर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। वहीं यश की मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहा अज्ञात वाहन काफी तेज गति में था जिसके कारण वह अनियंत्रित होकर छात्रों की बाइक से टकरा गया। और हादसा हो गया। परिवार में गम का माहौल है।

# तमंचे के बल पर महिला से छेड़छाड़, हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंग युवक ने एक महिला के साथ तमंचे के बल पर छेड़छाड़ की। उसे एक घर में खींचने का प्रयास भी किया। बाद में आरोपी उसे हत्या की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला शादीशुदा है और अपने मायके में आई हुई है। शुक्रवार को वह घर से निकलकर किसी काम से अपने ताऊ के यहां जा रही थी। आरोप है कि बीच रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको रोक लिया। आरोपी ने उस पर अश्लील फब्तियां कसी और उससे छेड़छाड़ करने लगा। उसने विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी।

# नथिंग फोन 3ए और फोन 3ए प्रो भारत में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नथिंग ने फोन (3ए) सीरीज पेश की, जो एडवांस्ड फीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार स्नैपड्रेगन प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और एसेंशियल स्पेस जैसे नथिंग ओएस नवाचार ये सब दो खास बेहतर डिजाइनों मेंआ रहे हैं। फोन (3ए) और फोन (3ए) प्रो दोनों में ही ज्यादा सोफेस्टिकेटेड लुक और फील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फिनिश में परिष्कृतविजुअल डिटेल्स थी।

## दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी को तैयार

# विराट, गिल और वरुण में टीम को जिताने का मादा

### रविवार को भारत-न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा







### ● न्यूजीलैंड टीम का भरोसा विलियमसन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ, भारत टूर्नामेंट में अजेय, न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया

**दुबई, वार्ता।** रविवार, 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का खिताब मिलेगा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है, टीम को भारत ने 44 रन से हराया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फार्म में भारतीय टीम की बैटिंग लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल आर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पांड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। शमी-चक्रवर्ती 5-5 विकेट ले चुके, स्पिनर्स के नाम 21 विकेट भारतीय टीम के बालर्स इस टूर्नामेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी 8 और वरुण 7 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। टीम इंडिया ने भले ही अपने सभी मुकाबले जीते हैं, लेकिन टीम को अभी भी कई फील्ड में सुधार करना बाकी है। क्योंकि, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी थी। भारतीय टीम ने उस मैच को 49वें ओवर में जीता था। रोहित टूर्नामेंट में फिफ्टी नहीं लगा सके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या को टीम में रखा गया है, लेकिन, हर्षित-पांड्या 4-4 विकेट ही ले सके हैं। शमी 8 विकेट के साथ टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की टीम ने टूर्नामेंट में 5 मुकाबले खेले, टीम को 4 में जीत मिली, जबकि एक हार भारत के खिलाफ ही झेलनी पड़ी। टीम सभी डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम दो बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर भी बना चुकी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट का हाईएस्ट टोटल 362 रन बनाया था। रचिन दो शतक लगा चुके( 4 बैटर्स ने कुल 5 शतक लगाए न्यूजीलैंड की बैटिंग कमाल के फार्म में है। रचिन रवींद्र 2 शतक बना चुके हैं, जबकि केन विलियम्सन, टाम लैथम और विल यंग के नाम एक-एक शतक है। रचिन रवींद्र (226 रन) टॉप स्कोरर में नंबर-2 पर हैं। मैट हेनरी टॉप विकेट टेकर, भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टूर्नामेंट में 10 विकेट ले चुके हैं। वे टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। मैट हेनरी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लीग स्टेज मुकाबले में 5 विकेट झटके थे। न्यूजीलैंड की टीम के पास भारत के खिलाफ दुबई की पिच पर खेलने का अनुभव है। पिछले मुकाबले में टीम 44 रन से हार गई थी। ऐसे में टीम फाइनल में बेहतर रणनीति के साथ उतरेगी। फाइनल में दुबई की पिच न्यूजीलैंड के लिए बड़ा चौलेंज साबित होगी। यहां भारतीय स्पिनर्स कीवी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। टीम को वरुण-कुलदीप का तोड़ भी निकालना होगा। कीवी कीवियों के पास भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का तोड़ नहीं है। वरुण ने कीवियों के खिलाफ पिछले मुकाबले में 5 विकेट झटके थे, जबकि चाइनामैन कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले थे। उनके बैटर्स भारत के स्पिनर्स को खेल नहीं सके थे। स्पिनर्स ने उस मुकाबले में 9 विकेट झटके थे। इंडिया के खिलाफ मिडिल आर्डर बिखरा भारतीय स्पिनर्स के सामने न्यूजीलैंड का मिडिल आर्डर संघर्ष करता दिखा था। पिछले मुकाबले में स्पिनर्स ने 9 विकेट झटके थे। उनके मिडिल आर्डर का कोई भी बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा नहीं बना सका था।

## एमआई ने यूपी वॉरियर्स को छह विकेट से हराया

**■ एमेलिया ने पांच विकेट और हेली ने दो विकेट लेकर 68 रन बनाए**

**लखनऊ, वार्ता।** एमेलिया कर (पांच विकेट) और हेली मैथ्यूज (दो विकेट/68 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने गुरुवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के 16वें मुकाबले में गुरुवार को यूपी वॉरियर्ज को नौ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस की छह मैचों की यह चौथी जीत हैं। यूपी वॉरियर्ज के 150 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 24 के स्कोर पर एमेलिया केर (10) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी नेट सायवर ब्रंट ने हैली मैथ्यूज के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस ने नेट सायवर ब्रंट को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। नेट सायवर ब्रंट ने 23 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (37) रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में क्रांति गौड़ ने हैली मैथ्यूज को आउटकर पवेलियन भेज दिया। हैली मैथ्यूज ने 46 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए आतिशी अंदाज में (68) रनों की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई।

## शुभमन गिल आईसीसी 'प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में

### स्मिथ और फिलिप्स भी दावेदारी की लाइन में

**दुबई, वार्ता।** भारत के युवा स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल फरवरी 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' की दौड़ में सबसे आगे चल रहे है। इस दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स भी शामिल है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को फरवरी माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कारों के दावेदारों के नामों की घोषणा की। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट से पहले इंग्लैंड पर भारत की निर्णायक श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके सुर्खियाँ बटोरीं और बंगलादेश पर भारत की शुरुआती जीत से पहले एकदिवसीय बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान के प्रमुख दावेदार माने जा रहे। गिल ने फरवरी में अपने पांच एकदिवसीय मैचों में 94-19 के स्ट्राइक-रेट पर 101-50 की औसत से 406 रन बनाए। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में बंगलादेश के खिलाफ गिल ने नाबाद 101 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

गिल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के स्टार ऑल राउंडर ग्लेन फिलिप्स इस पुरस्कार के दावेदार हैं। महिला वर्ग में स्पिनर अलाना किंग ने मेलबर्न में महिला एशेज सीरीज़ के समापन मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ़ द मंथ पुरस्कार की दावेदार बनी है। साथ ही एनाबेल सदरलैंड ने पारी की जीत में शानदार स्कोर खड़ा कर अपना टीम को अपना योगदान दिया। अंतिम नामांकित 20 वर्षीय थाई गेंदबाज़ थिपचा पुथावोंग हैं, जो नेपाल महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में अपनी टीम के विजयी अभियान में विकेट लेने वालों में से एक थीं। महिला वर्ग में फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ की दावेदार ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख लेग स्पिनर अलाना किंग ने महिला एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए मौका मिला तो तैयार हूं:पुजारा



**कोलकाता, वार्ता।** दिग्गज भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए भूख और भी बढ़ गई है, अगर मौका मिला तो मैं इसे लपकने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। पुजारा ने गुरुवार को मीडिया कॉन्क्लेव में भारतीय टीम में वापसी के सवाल पर कहा कि मैं घरेलू क्रिकेट खेल रहा हूं। अगर मौका मिला तो मैं इसे दोनों हाथों से लपकने के लिए तैयार हूं। मेरे सीरीज में खेलने की भूख और भी बढ़ गई है। जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आपको और भी कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास गेंदबाजी है। हमें बोर्ड पर रन बनाने की आवश्यकता है और हमारे पास ऐसा करने वाले खिलाड़ी हैं। हमें गेंदबाजी और वहां की परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। भारतीय टेस्ट टीम के नंबर तीन स्थान के मजबूत स्तंभ रहे चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। वह टीम में वापसी का मौका मिलने और जोरदार वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इंडियन प्रीमियर लीग के बाद शुरु होने वाली यह टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। पुजारा सौराष्ट्र की रणजी ट्रॉफी टीम का हिस्सा हैं। इस सत्र उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ 234 रन और असम के खिलाफ 99 रन की पारियां खेली। रणजी ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन मिश्रित रहा है। उनके पास विदेश की पिचों का अनुभव और सफलता उन्हें टीम में वापसी का प्रबल दावेदार मानती है।

## ग्रीन का शतक, न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 78 रनों से हराया

**■ मैडी ग्रीन ने 100 रनों की पारी खेली, रोवे ने चार विकेट लिए**

**नेल्सन, वार्ता।** मैडी ग्रीन (100) की शतकीय और हन्ना रोवे (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को दूसरे एक दिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 78 रनों से हरा दिया है। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए।

कप्तान चमारी अटापटू (11) और विशमी गुणरत्ने (आठ) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद हर्षिता समरविक्रमा और कविशा दिलहारी की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी हुई। ईडन कार्सन ने कविशा दिलहारी (25) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका।

मनुडी नानायक्कारा (शून्य), हर्षिता समरविक्रमा ने 77 गेंदों में चार चौकों की मदद से (59) रनों की पारी खेली। नीलक्षिका सिल्वा (20), अनुष्का संजीवनी (13), अचिनी कुलसुरिया (एक), इनोशी प्रियदर्शनी (शून्य), चेतना विमुक्ति (तीन) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 46-4 ओवर में 167 रन पर ढ़ेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से हन्ना रोवे ने चार विकेट लिए। ब्री इलिंग और ईडन कार्सन को दो-दो विकेट मिले। सूजी बेट्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिए। सूजी बेट्स (पांच), एम्मा मैकलियोड (छह), ब्रुक हैलीडे (छह) और जॉर्जिया प्लिमर (28) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मैडी ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। इसाबेला गेज (19), जेस केर (38) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन ने 109 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (100) रन बनाये। वह 50वें ओवर की तीसरी गेंद पर रनआउट हुई।

न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 245 रनों का स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की ओर से चमारी अटापटू ने दो विकेट लिए।



## ब्राजील ने नेमार को विश्वकप क्वालीफायर के लिए टीम में बुलाया वापस

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील ने दिग्गज फुटबॉलर नेमार को 17 महीनों के बाद कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए राष्ट्रीय टीम में वापस बुलाया गया है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हम जानते हैं कि वह अभी भी चोट से उबरने होने की प्रक्रिया में है, लेकिन हम यह भी समझते हैं कि उसकी उपलब्धता हमें मैच के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से उबरने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम स्वाभाविक रूप से उसके उपलब्ध होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे हर कोई अच्छी तरह से जानता और समझता है। वह अपनी वापसी से बेहद खुश हैं और हम उन्हें हर तरह की सुरक्षा भी प्रदान करेंगे।

## चोटिल हेनरी का फाइनल खेलने को लेकर संशय

### ● दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में लगी थी मैट हेनरी के चोट



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक 10 विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोटिल हाने से उनके भारत के खिलाफ होने वाले महत्वूपर्ण फाइनल मुकाबले में खेलने को लेकर संशय बना हुआ है।

हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के साथ खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के आखिरी ओवरों में दो ओवर गेंदबाजी की थी। चोट के बाद मैदान में वापसी के बाद हेनरी गेंद को पकड़ने के लिए छलांग लगाते हुए भी देखे गये थे। इस चोट के कारण वह अब भारत के साथ होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड के अनुसार फाइनल से लगभग 48 घंटे पहले भी हेनरी की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ है। स्टीड ने कहा कि मेरे हिसाब से हमारे लिए सकारात्मक बात यह है कि वह दोबारा गेंदबाज़ी करने उतरे थे। उनके कुछ स्कैन हुए हैं और हम उन्हें फ़ाइनल में खेलने का हर संभव मौक़ा देना चाहते हैं।

हालांकि इस वक़्त उनकी स्थिति अब भी अनिश्चितता के घेरे में है। स्टीड ने कहा कि वह कंधे के बल गिरने के कारण अभी भी दर्द से कराह रहे हैं। उम्मीद है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हेनरी ने टूर्नामेंट में 16.7 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इनमें से पांच विकेट उन्होंने भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में लिए थे। वैसे न्यूजीलैंड के पास दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी का विकल्प के रूप में मौजूद है। डफी ने इस टूर्नामेंट में न्यूज़ीलैंड के लिए अब तक कोई मैच नहीं खेला है।

## त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने श्रीलंका जाएगी भारतीय महिला टीम

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अप्रैल और मई में दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

इस त्रिकोणीय श्रृंखला के सभी मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में 27 अप्रैल से 11 मई के बीच दिन में खेले जाएंगे। तीनों टीमें के बीच चार-चार मैच खेले जायेंगे और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल खेला जायेंगा। सीरीज का पहला मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच 27 अप्रैल को होगा। उल्लेखनीय है कि यह श्रृंखला सभी टीमों के लिए एकदिवसीय विश्व कप की तैयारी का एक अतिरिक्त अवसर है। एकदिवसीय विश्वकप इस साल अक्तूबर में भारत में खेला जाएगा।

## भारत-पाक के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट सरकार के फैसले पर निर्भर : राजीव शुक्ला



**■ द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति में नहीं: राजीव शुक्ला**

**लाहौर, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट के बारे में कोई भी निर्णय सरकार ही ले सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। पाकिस्तान के तीसर दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजीव शुक्ला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जब दोनों देशों के बीच क्रिकेट की बात आती है, तो यह बहुत सीधा और स्पष्ट है कि निर्णय भारत सरकार के हाथ में है। हम सरकार के निर्णय के अनुरूप चलेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई का हमेशा से यही रुख रहा है।

आईसीसी का एक नियम भी है जिसमें सरकार की मंजूरी शामिल है, जो एक महत्वपूर्ण कारक है। जाहिर है कि भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी करना चाहेंगे, लेकिन इस पर फैसला सरकार को करना है। उन्होंने कहा कि हम सरकार के सामने अपना दृष्टिकोण रखते हैं, लेकिन अंतिम फैसला विभिन्न कारकों पर विचार करने के बाद किया जाता है। आखिरकार यह उनका निर्णय है। लंबे अंतराल के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने में पाकिस्तान के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान काफी समय के बाद किसी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, और यह देखना बहुत अच्छा है कि उन्होंने इसे कितनी अच्छी तरह से आयोजित किया है।

भारत द्वारा अपने सभी मैच एक ही स्थान पर खेलने को अनुचित लाभ कहे जाने के तर्क उन्होंने खारिज करते हुए कहा कि आईसीसी के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के मैच दुबई में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। इसलिए, निष्पक्षता का मुद्दा यहां नहीं आता है। भारतीय और दुबई की पिच अलग-अलग हैं।

# खिलाड़ियों से उम्मीद

चैंपियन ट्राफी का फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यह वह स्थान होगा, जो चैंपियन ट्राफी की विजेता का गवाह बनेगा। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद भारतीय टीम उत्साह से भरी है, जिसके आधार पर कहा जा सकता है कि भारत चैंपियन ट्राफी विजेता होगा, हो भी क्यों न। देश के खिलाड़ियों को अपने देश की आन, बान और शान रखनी है, क्योंकि इसी महीने भारत में होली और ईद का त्योहार आने वाला है। खिलाड़ियों से उम्मीद लगाई जा सकती है कि वे देश की अस्मिता को गिरने नहीं देंगे। वैसे भी हमारे देश के खिलाड़ियों का एक गौरव रहा है कि जब भी भारत में कोई त्योहार आया है, तब-तब टीम इंडिया जीतकर वापस लौटी है। अब फाइनल मैच रविवार, 9 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। जबकि कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बालिंग और फील्डिंग, तीनों में ही अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। इस समय कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंडया भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फार्म साबित कर चुके हैं। टाप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ओपनर की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन वे इस टूर्नामेंट में कोई बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। वे किसी भी मुकाबले में पहले पावरप्ले में पूरे ओवर बैटिंग नहीं कर सके। इस टूर्नामेंट में उनका हाईएस्ट स्कोर 41 रन है। वे 4 मैचों में 26.00 की औसत से 104 रन ही बना सके हैं। ऐसे में रोहित शर्मा को खिताबी मुकाबले में बड़ी पारी खेलनी होगी। इंडियन बैटर्स को न्यूजीलैंड के स्पिनर्स परेशान कर सकते हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की लीडरशिप वाली स्पिन चौकड़ी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में 7 विकेट झटके थे। टीम के स्पिनर्स टूर्नामेंट में अब तक 17 विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी का साथ देने के लिए कोई बड़ा नाम नहीं हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंडया को टीम में रखा गया है। कुल मिलाकर भारत के खिलाड़ियों को एकाग्र होकर खेलना है।

## संवाद से ही निकालें समस्याओं का समाधान



आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती है, इससे प्रतिबद्धता के साथ निपटा जाएगा, संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में, यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो, भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है, देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा, जिससे भारत और मित्र देशों के बीच मजबूत साझेदारी के अवसर बढ़ेंगे।

**डा. एस. जयशंकर**
**विदेश मंत्री**

# आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला जारी



**योगेश कुमार गोयल**

> **देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं, कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए**

दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस 'आधी दुनिया' के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब 'आधी दुनिया' से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुन: तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुन: सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में 'आधी दुनिया' के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपरा. धियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीड़िताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीन. री को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।



दिनदहाड़े सामने आती छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के आए दिन जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारी. रिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं। जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं। ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

**( लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# बंजर भूमि में हरियाली की मुस्कान...

किसी भी किसान को खुशी होगी यदि उसकी पथरीली और बंजर पड़ी भूमि पर हरी-भरी फसलें लहलहाने लगें। यही खुशी आज राजस्थान के करौली ज़िले के अनेक किसानों में दिख रही है।

मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है तथा बहुत सारी ज़मीन पथरीली होने के साथ-साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अत: उनकी ज़मीन का एक बड़ा हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और श्रमदान करके वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जलसंकट को कुछ हद तक कम किया।

वे आगे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल स्रोतों से मिट्टी हटवाकर खेतों में डलवाई। इससे जल स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा व खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेड़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतल. ीकरण किया गया। इस सबका मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी।

बल्लभ व विमला अपने हरे-भरे सब्ज़ी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि बीज, पौधों व प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का यह असर है। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुना मिल रही है। विविध सब्ज़ियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है जिससे आय भी होती है व पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर व मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है।

इसी गांव के किसान मानसिंह बताते हैं कि संस्था की मदद से व सरकारी विभागों से प्राप्त सब्सिडी से उन्हें सोलर पंप सेट लगाने में सहायता मिली है। सोलर पंप बहुत कामयाब हैं व डीज़ल के खर्च में बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खर्चों में भी बहुत कमी आई है।

इसी ब्लॉक में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं और वे नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है व थोड़ा-सा आगे जाकर मध्य प्रदेश का मुरैना ज़िला या चंबल के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अत: यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है, और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते व बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से ज़मीन को समतल कर इस कठिन परिस्थिति को संभालते हैं।

जल संरक्षण से लेकर प्राकृतिक खेती जैसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है व इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता व उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों व सब्ज़ियां सब हो रहे हैं। सृजन संस्था के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी किसानों का मज़बूत का सम्बंध बना है व सिलाई मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है।

खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है। जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में फसल के लिए पानी लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए।

**स्रोत फीसर्च**

ऐसे अनेक गांवों में संस्था, सरकार और समुदाय की भागीदारी से बहुत कम बजट में जल स्रोतों के निर्माण, पुराने जल स्रोतों के सुधार, मेड़बंदी, भूमि समतलीकरण आदि कार्यों से बंजर भूमि को हरा-भरा करने की संभावनाएं बनाई गई हैं। पांच वर्षों के इस प्रयास में 1250 एकड़ बंजर भूमि पर खेती संभव हुई व 286 पोखरों का सुधार हुआ जबकि 96 नए पोखर बनाए गए। इस प्रयास से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।



# वायु प्रदूषण पर कैसे लगे रोक...



**रजनीश कपूर**

> **क्या सरकार की यह जिम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी खरीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो**

दिल्ली की नवनिर्वाचित सरकार ने सत्ता संभालते ही कई कड़े निर्णय लेने शुरू कर दिये हैं। इनमें अहम निर्णय दिल्ली की हवा को प्रदूषण से मुक्त करवाना है। इसके चलते दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने ये घोषणा कर दी कि 31 मार्च 2025 के बाद दिल्ली के सभी पेट्रोल पम्पों पर 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह निर्णय कड़ा अवश्य है परंतु देखना यह होगा कि क्या केवल ऐसे एक ही सख़्त निर्णय से दिल्ली की वायु साफ़ हो पाएगी? क्या प्रदूषण के अन्य पहलुओं को अनदेखा किया जाएगा? क्या वाहन निर्माताओं के विरुद्ध भी कड़े निर्देश जारी किए जाएंगे जिसके तहत उनके द्वारा निर्मित गाड़ियों में से प्रदूषण की मात्रा की रोकथाम में भी सहयोग लिया जाए? क्या ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से देर रात में दिल्ली से गुज़रने वाले भारी वहनों को भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा रोकने की दिशा में भी ऐसा ही कोई कड़ा कदम उठाया जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि कौनसा निर्णय प्रदूषण की जिन्न पर भारी पड़ेगा।एक सर्वे के मुताबिक़ दिल्ली जैसे महानगर में औसतन 1800 नए वाहन प्रतिदिन जुड़ते हैं। ऐसे में दिल्ली की वायु को दूषित करने के लिए ये वाहन अकेले ही लगभग 50 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार हैं। ज़ाहिर सी बात है कि जब पुराने वाहनों की उम्र सीमा तय की जाएगी तो लोग नए वाहन तो लेंगे ही। लेकिन ऐसे में क्या सरकार की यह ज़िम्मेदारी नहीं बनती कि यदि कोई भी व्यक्ति नई गाड़ी ख़रीद रहा हो तो नई गाड़ी के पंजीकरण के समय इस बात को सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसी व्यक्ति के नाम पर कोई पुरानी गाड़ी न हो। यदि हो तो पहले उस गाड़ी को बेचा जाए और उसके प्रमाण के बाद ही नई गाड़ी का पंजीकरण किया जाए। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक गाड़ी अपने नाम या अपनी संस्था के नाम लेता है तो उससे पंजीकरण की फ़ीस अधिक ली जाए। इतना ही नहीं ऐसे नियमों को केवल दिल्ली में ही नहीं देश भर में लागू किया जाए। यदि पुरानी गाड़ियां वास्तव में अधिक प्रदूषण करती हैं तो उनकी समय सीमा पूरी होने पर देश भर में कहीं भी चलने की अनुमति न दी जाए। ऐसी गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के सख्त आदेश लागू किए जाएं। ऐसा भी देखा गया है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ऐसे कड़े नियम आमतौर पर आम जनता के लिए ही होते हैं। सरकारी वाहनों पर इनका कोई भी डंडा नहीं चलता। अक्सर ऐसा भी देखा गया है कि जब सरकारी वाहनों में से निकलता हुआ गंदा धुंआ आसपास के सैकड़ों वाहनों से कहीं अधिक होता है। लेकिन इन वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं की जाती। चालान और वाहन ज़ब्त करने की गाज तो आम जनता पर ही गिरती है। सरकारी अस्पतालों में या अन्य सरकारी भवनों में पुरानी कबाड़ा या दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को सड़ने दिया जाता है। उनका ज़ंग खा कर गलने और मलबे में बदलने का इंतज़ार किया जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि किसी कालोनी में किसी आम नागरिक की गाड़ी इस हालत में पाई जाती है तो उसके खिलाफ़ नगर निगम और पुलिस कड़ी कार्यवाही करती है।



देश भर के पुलिस थानों के बाहर या उनसे सटे मैदानों में दुर्घटनाग्रस्त या किसी अपराध में शामिल गाड़ियों के ढेर भी कोई अच्छा दृश्य नहीं देते। इन वाहनों के कारण सड़कों पर जाम भी लग जाता है जिसके कारण भी वायु प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। जाम की बात ही करें तो दिल्ली जैसे शहर में ऐसी कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं जो चौड़ी तो अवश्य हैं लेकिन समय-समय पर रखरखाव न हो पाने के कारण ख़स्ता हाल में हैं। इन टूटी-हटी सड़कों के कारण भी वाहनों को चलने में दिक्क़त होती है। इस कारण भी ट्रैफ़िक जाम लगता है जो वायु प्रदूषण का कारक बनता है। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं ज्यादा मात्रा में नए वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग की यह ज़िम्मेदारी होनी चाहिए कि वह सड़कों को दुरुस्त रखें जिससे प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

ऐसा भी देखा गया है कि जब भी कभी देश के किसी भी कोने में किसी वीवीआईपी का दौरा होता है तो सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस की तैनाती इस कदर की जाती है कि जाम लगना असंभव हो। यदि इलाक़े की ट्रैफ़िक पुलिस किसी अतिविशिष्ट व्यक्ति की सेवा में ट्रैफ़िक संचालन को इतने सुचारू रूप से चला सकती है तो आम नागरिकों से इतना सौतेला व्यवहार क्यों? क्या किसी भी सरकार ने इस दिशा में कोई पहल की है? यदि इन बिंदुओं को गंभीरता से लिया जाए तो न सिर्फ़ दिल्ली बल्कि पूरे देश की हवा बदलेगी।दिल्ली की हवा ख़राब होते ही पुराने वाहनों पर रोक लगाने से सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ में नहीं आता। ज़रा सोचिए, यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना नहीं है।

**लेखक दिल्ली स्थित कालचक्र समाचार ब्यूरो के संपादक हैं।**

# लंजेस एक्सरसाइज करते समय न करें ये मिस्टेक्स, वरना बढ़ सकता है घुटनों का दर्द

वर्तमान समय में हम सभी खुद को फिट और हेल्दी रखना चाहते हैं। वहीं फिट रहने के लिए वर्कआउट रूटीन में कई एक्सरसाइज शामिल करते हैं। जब पैरों की एक्साइज की बात की जाए, तो लंजेस करना काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि अगर आपको अक्सर घुटनों में दर्द की शिकायत रहती है, तो लंजेस करने से दर्द अधिक बढ़ सकता है। वहीं घुटने का दर्द काफी परेशान करने वाला हो सकता है। इसके साथ ही जब लंजेस एक्सरसाइज गलत तरीके से किया जाता है, तो दर्द काफी बढ़ने लगता है। पैरों और ग्लूट्स को मज़बूत बनाने के लिए लंजेस एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।

वहीं जब आप यह एक्सरसाइज गलत तरीके से करते हैं, तो आपके घुटने पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। जिसकी वजह से दर्द की समस्या बढ़ सकती है। फिर चाहे घुटने को एक सीध में रखना हो या फिर शरीर के हिसाब से मूवमेंट बदलना हो। यह छोटी-छोटी चीजें बहुत मायने रखती हैं।

**ज्यादा नीचे झुकना:-** बता दें कि लंजेस करते समय हम अधिक नीचे झुकते हैं, तो इससे आपके घुटनों पर भार बढ़ जाता है। इससे घुटने का दर्द काफी हद तक बढ़ जाता है। इसलिए हमेशा लंजेस करते समय सिर्फ उतना ही नीचे जाएं, जितना कि आप सहज महसूस करते हैं। वहीं दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाने का लक्ष्य रखें।

**आगे की ओर ज्यादा झुकना:-** अगर आपके घुटने में दर्द की समस्या रहती है, तो ऐसे में आपको लंजेस करते समय ज्यादा आगे झुकने की गलती नहीं करनी चाहिए। इससे आपका पोश्चर बिगड़ जाता है। वहीं आपके सामने वाले घुटने पर एक्स्ट्रा भार पड़ता है। ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ सकती है।

**रेप्स जल्दी-जल्दी करना:-** यह एक ऐसी गलती है, जिसको अक्सर लोग बैठकर करते हैं। जब आप वर्कआउट करते हैं, तो उस दौरान लंजेस समेत अन्य एक्सरसाइज जल्दी-जल्दी करना चाहते हैं। लेकिन जब आप जल्दबाजी में रेप्स करते हैं, तो इससे आपका बॉडी फॉर्म खराब हो सकता है। वहीं इससे घुटनों पर अधिक भार पड़ता है।

**बिना कुशनिंग के हार्ड सरफेस पर लंजेस करना:-**

अगर आपके घुटने में भी अक्सर दर्द की समस्या रहती है, तो आपको कभी हार्ड सरफेस पर लंजेस करने की गलती नहीं करना चाहिए। हार्ड सरफेस पर झुकते हैं, तो घुटने की दर्द की समस्या बद से बदतर हो जाती है। वहीं इस बात का ख्याल रखें कि लंजेस करते हुए घुटनों पर दबाव कम करने के लिए योगा मैट या गद्देदार सतह का उपयोग करें।

# एलन मस्क को फिर लगा झटका

## स्पेसएक्स रॉकेट में विस्फोट, लगातार दूसरी बार हुआ परीक्षण विफल
## आठवें टेस्ट में बूस्टर लॉन्च पैड पर वापस आया, आसमान में ब्लास्ट




**लॉस एंजिल्स।** स्पेसएक्स के विशाल स्टारशिप रॉकेट के टेक्सास से गुरुवार को लॉन्च होने के कुछ ही देर बाद रॉकेट में विस्फोट हो गया, जिससे उड़ानें रोकनी पड़ी और अंतरिक्ष यान के मलबे के गिरने की चेतावनी दी गई। स्पेसएक्स ने पुष्टि की कि अंतरिक्ष में ऊपर उठते हुए बिना चालक दल के जहाज को तेजी से अनिर्धारित विघटन का सामना करना पड़ा, और जमीन से उसका संपर्क टूट गया।

विशाल स्पेसएक्स स्टारशिप, जो अब तक का सबसे बड़ा रॉकेट है, लॉन्च के कुछ ही देर बाद नियंत्रण से बाहर हो गया। किसी भी तरह की चोट या क्षति की सूचना नही मिली है लेकिन कैरिबियन सागर के द्वीप देशों से प्राप्त तस्वीरों में आसमान से आग के मलबे की बारिश होती दिखाई दे रही है। अरबपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेसएक्स ने कहा कि टीमों ने तुरंत पूर्व-नियोजित आकस्मिक प्रतिक्रियाओं के लिए सुरक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करना शुरू कर दिया। बयान में कहा गया कि स्पेसएक्स मिसफायर के मूल कारण को बेहतर ढंग से समझने के लिएष डेटा की समीक्षा करेगा। बयान के अनुसार, विस्फोट कई इंजनों के नष्ट होने के बाद हुआ। मस्क ने विस्फोट पर अभी तक टिप्पणी नहीं की है।

### फ्लोरिडा में स्टारशिप का मलबा गिरने से चार हवाई अड्डे करने पड़े बंद

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने स्टारशिप अंतरिक्ष यान के असफल प्रक्षेपण के बाद मलबे गिरने के खतरे के कारण फ्लोरिडा में हवाई अड्डों को अस्थाई रूप से बंद करने की घोषणा की। अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार मियामी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद करने की घोषणा गुरुवार को स्थानीय समय 23:42 बजे की गई। कथित तौर पर फोर्ट लॉडरडेल-हॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ ऑरलैंडो और पाम बीच शहरों के हवाई अड्डों के लिए भी इसी तरह का नोटिस जारी किया गया था। इससे पहले कल स्पेसएक्स ने कहा कि स्टारशिप अंतरिक्ष यान के कक्षा में प्रक्षेपण के दौरान तेजी से अनिर्धारित विघटन हुआ।

# भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता



**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेज़ी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है। जेनरेशन एक्स (आयु 45-60) और बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा थोड़ा कम है, अब भी 38 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। भारत में महिलाएं मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारणों से उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं। अपने सपनों को पूरा करने की इच्छा (51 प्रतिशत), बेहतर कार्य-जीवन संतुलन की तलाश (44 प्रतिशत) और पारंपरिक नौकरियों से आज़ादी (40 प्रतिशत)। शोध से यह भी पता चला कि वर्तमान में लगभग आधी (46 प्रतिशत) भारतीय महिलाओं के पास कोई न कोई अतिरिक्त कमाई का जरिया है। खासतौर पर बेबी बूमर्स (आयु 61-79) की महिलाओं में यह आंकड़ा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है, क्योंकि वे किसी भी अन्य आयु समूह की तुलना में अधिक पैसे कमाने के लिए अपनी साइड इनकम शुरू करने के लिए सबसे अधिक प्रेरित हैं। महिलाओं में व्यवसाय बढ़ाने को लेकर भी बड़ा आत्मविश्वास देखा गया है। महिला व्यवसायियों में 89 प्रतिशत को अगले पांच वर्षों में अपनी आमदनी बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 87 प्रतिशत ही था।

### पेरिस में वर्ल्ड वॉर 2 का जिंदा बम मिला, लंदन जाने वाली ट्रेनें रद्द

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के गेरे डू नार्ड रेलवे स्टेशन के एक ट्रैक पर वर्ल्ड वॉर 2 का एक जिंदा बम मिला। इसके बाद पेरिस से लंदन जाने और आने वाली सभी यूरोस्टार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया।

इसके अलावा फ्रांस के उत्तरी शहरों की तरफ जाने वाली ट्रेन को भी रोक दिया गया है। फ्रांस के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर फिलिप टैबरोट ने कहा कि पूरे दिन ही ट्रैफिक बाधित रहेगा। फर्स्ट और सेकंड वर्ल्ड वार के दौरान छोड़े गए बम फ्रांस के अलग-अलग इलाकों में अक्सर पाए जाते हैं, लेकिन इतनी ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर उनका मिलना बहुत ही दुर्लभ है।

# अमेरिका बनाएगा बिटकॉइन का क्रिप्टो भंडार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिटकॉइन का एक आभासी मुद्रा (क्रिप्टो) भंडार बनाने की घोषणा की है। ट्रंप ने इससे जुड़े आधिकारिक आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति के साथ ही क्रिप्टो भंडार बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश बिटकॉइन को आधिकारिक मान्यता नही दे रहे हैं लेकिन ट्रंप द्वारा क्रिप्टो भंडार बनाने की पहल से इस आभासी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर मान्यता पाने में मदद मिलेगी। व्हाइट हाउस ने कहा, कुछ ही मिनट पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व स्थापित करने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। रिजर्व को संघीय सरकार के स्वामित्व वाले बिटकॉइन से पूंजीकृत किया जाएगा, जिसे आपराधिक या नागरिक संपत्ति जब्ती कार्यवाही के हिस्से के रूप में जब्त किया गया था। इसका मतलब है कि इससे करदाताओं को एक पैसा भी खर्च नही करना पड़ेगा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी सरकार के पास लगभग दो लाख बिटकॉइन हैं हालांकि, कभी भी पूर्ण ऑडिट नहीं हुआ है। राष्ट्रपति का कार्यकारी आदेश संघीय सरकार की डिजिटल संपत्ति होल्डिंग्स का पूरा लेखा-जोखा रखने का निर्देश देता है। अमेरिका अपने रिजर्व में जमा किए गए किसी भी बिटकॉइन को नही बेचेगा। इसे मूल्य के भंडार के रूप में रखा जाएगा। रिजर्व क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक डिजिटल फोर्ट नॉक्स की तरह है जिसे अक्सर डिजिटल गोल्ड कहा जाता है। इसमें कहा गया है कि बिटकॉइन की समय से पहले बिक्री से अमेरिकी करदाताओं को पहले ही 17 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। अब संघीय सरकार के पास अपनी होल्डिग्स के मूल्य को अधिकतम करने की रणनीति होगी। ट्रेजरी और वाणिज्य सचिवों को अतिरिक्त बिटकॉइन प्राप्त करने के लिए बजट-तटस्थ रणनीति विकसित करने के वास्ते अधिकृत किया गया है, बशर्ते कि उन रणनीतियों से अमेरिकी करदाताओं पर कोई अतिरिक्त लागत न आए। इसके अलावा, कार्यकारी आदेश एक अमेरिकी डिजिटल एसेट स्टॉकपाइल की स्थापना करता है, जिसमें आपराधिक या सिविल कार्यवाही में जब्त किए गए बिटकॉइन के अलावा अन्य डिजिटल संपत्तियां शामिल हैं।

# कनाडा-मैक्सिको पर टैरिफ एक बार फिर टाला

- **अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फिर पलटे**
- **कनाडा में नागरिकों ने अमेरिकी टमाटर खाना छोड़ा**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था। इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकाट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुक. ानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है। 2 महीने पहले कनाडा की लिबरल पार्टी में चुनाव हारने के डर से जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहौल बन गया था जिसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया था। अब वहीं लिबरल पार्टी चुनाव जीतने की सबसे बड़ी दावेदार बन गई है। ट्रूडो ने कहा था कि कनाडाई लोग समझदार हैं। वे स्वभाव से भले विनम्र हैं, लेकिन वे लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। खासकर ऐसे वक्त में जब देश के लोगों की भलाई दांव पर लगी हो। हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

### कनाडा दो अप्रैल तक नहीं लगाएगा दूसरे चरण का टैरिफ

**ओटावा।** कनाडा ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ के दूसरे चरण को दो अप्रैल तक लागू नही करेगा। वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने गुरुवार को यह घोषणा की। लेब्लांक ने अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में देरी की घोषणा के तुरंत बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, अमेरिका ने कनाडा से कनाडा-अमेरिका-मेक्सिको समझौता (सीयूएसएमए) अनुपालन वाले निर्यात पर टैरिफ को दो अप्रैल तक निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा दो अप्रैल तक 125 अरब कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ का दूसरा चरण लागू नहीं करेगा, ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको और कनाडा को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की।

# 10 भारतीय मजदूरों को इजरायल ने मुक्त कराया

### वेस्ट बैंक में एक महीने से फिलिस्तीनियों ने बंधक बना रखा था, पासपोर्ट भी कर लिए थे जब्त

**तेल अवीव।** इज़रायल के अधिकारी फिलिस्तीनी क्षेत्र पश्चिमी तट में लापता 10 भारतीय श्रमिकों को खोज कर उन्हें सुरक्षित वापस इज़रायल ले आए हैं। इज़रायल में भारत के दूतावास ने गुरुवार देर रात बताया कि इजरायली अधिकारियों ने पश्चिमी तट क्षेत्र में लापता 10 भारतीय निर्माण श्रमिकों का पता लगाया है और उन्हें इज़रायल वापस लाया गया है। मामले की हालांकि अब भी जांच चल रही है, भारतीय दूतावास इज़रायल के अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनकी सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। टाइम्स ऑफ इज़रायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्रमिकों को नौकरियों के वादे के साथ फिलिस्तीनियों द्वारा पश्चिमी तट के एक गांव अल-ज़ायम गांव में ले जाया गया था। उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे, और इज़राइल में घुसपैठ के लिए उनका उपयोग करने का प्रयास किया गया था।

### चांद पर उतरा अमेरिकी कंपनी का एथेना लैंडर

**वाशिंगटन।** यूएसकी प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का एथेना लैंडर गुरुवार को चांद के साउथ पोलर रीजन में उतरा। हालांकि, लैंडिंग के कुछ मिनट बाद से मिशन कंट्रोलर उसकी स्थिति की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं। अब तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि लैंडर सीधा सतह पर खड़ा है या नहीं। मिशन कंट्रोलर को लैंडिंग की पुष्टि करने में भी समय लगा। मिशन डायरेक्टर और कंपनी के को-फाउंडर टिम क्रेन ने कहा- ऐसा लगता है कि हम चंद्रमा पर उतर गए हैं। अब यह जांच रहे हैं कि लैंडर की सतह पर स्थिति क्या है। मिशन आफिशियल्स के मुताबिक, चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद लैंडर मिशन कंट्रोलर के संपर्क में था। सोलर पावर भी जनरेट कर रहा था। हालांकि, लैंडिंग के करीब आधे घंटे बाद भी मिशन टीम यह पुष्टि नहीं कर पाई कि लैंडर सही स्थिति में है या नहीं।







